1TO137095

(6)

(137)

रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

ANNEXURE-II

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 173] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 6, 1985/चैत्र 16, 1907
No. 173] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 6, 1985/CHAITRA 16, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दिल्ली विकास प्राधिकरण

नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 1985

सार्वजनिक सूचना

का.आ. 289(अ) :—दिल्ली 2001 के परिप्रेक्ष्य और शहरी विकास के नये आयामों को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय सरकार का दिल्ली की मुख्य योजना में निम्नलिखित विस्तृत संशोधन करने का प्रस्ताव है, जिन्हें एतद् द्वारा जनता की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है, यदि किसी व्यक्ति को प्रस्तावित संशोधनों के संबंध में कोई आपत्ति हो अथवा वह सुझाव देना चाहता हो तो वह अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप में इस सूचना की तिथि से 30 दिन की अवधि के अन्दर सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण, विकास मीनार, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नई दिल्ली को भेज सकता है। आपत्ति अथवा सुझाव देने वाले व्यक्ति को अपना नाम और पूरा पता भी देना चाहिए।

संशोधन

(1) अध्याय 1 के शीर्षक "भूमि उपयोग प्लान" के स्थान पर निम्नलिखित पाठ सहित "विकास-नीतियां, योजना मानक और भूमि उपयोग प्लान" प्रतिस्थापित किया जाए।

क्षेत्रीय एवं उप-क्षेत्रीय ढांचा :

महानगर के विकास के नियोजन को उसकी सीमाओं में सीमित नहीं किया जा सकता। यह पर्याप्त रूप से प्रभाव डालता है और बाह्य घटनाओं, विशेष रूप से निकटवर्ती वातावरण से प्रभावित होता है। व्यापक दृष्टि से दिल्ली का प्रभाव सारे भारत पर है और राजधानी के रूप में समस्त विश्व पर। एक अन्य स्तर पर दिल्ली को उत्तरी भारत के समस्त व्यापक क्षेत्र में केन्द्रीय महत्व का स्थान प्राप्त है। 1947 से, जब भारत को आजादी मिली है तबसे यह प्रभाव वस्तुतः दूरी और प्रभाव के मामले में बढ़ता जा रहा है।

दिल्ली के विकास की उत्पत्ति बढ़ते हुए शहरीकरण में निहित है जो रोजगार बढ़ाने के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता रहा है और विशिष्टिकरण के लिए आधार की व्यवस्था करता रहा है तथा जिसने विनिर्माण एवं सहायक सेवाओं की उत्पादकता में वृद्धि की है। इन लचीले श्रम बाजारों जिनकी व्यवस्था शहरों द्वारा ही की जा सकती है, की आवश्यकता है जो उत्पादन के बदलते हुए स्वरूपों के अनुकूल हों।

बढ़ते हुए प्रवास के कारण दिल्ली का विकास द्रुतगति से हो रहा है यद्यपि विकासशील विश्व में शहरों के ऐसे भी उदाहरण हैं जो दिल्ली से भी तेज गति से बढ़ रहे हैं किन्तु शहर का जितना और विस्तार होता है उतनी ही भूमि, आवास परिवहन एवं अनिवार्य आधारिक संरचना की

Assistant Director
Planning Cell, DDA

व्यवस्था एवं प्रबन्ध की समस्याएं भी और अधिक जटिल होती जाती हैं यदि अभ्यंतर शहर के इस विस्तार के भाग को अन्य शहरों-छोटे किन्तु गतिशील शहरों की शृंखला में व्यवस्थित कर दिया जाए तो यह छोटी-छोटी बस्तियों के लिए शक्ति के स्त्रोत के साथ-साथ "अभ्यंतर शहर" के लिए राहत होगी।

संतुलित क्षेत्रीय विकास :

दिल्ली में बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब एंव राजस्थान राज्यों से आते हैं। प्रवास की वर्तमान रेंज प्रति वर्ष 1.6 लाख व्यक्तियों से अधिक है। शहरीकरण एवं प्रवास के संदर्भ में रोजगार सर्जन करने के संबंध में दिल्ली के लिए एक निश्चित प्रतिबंधक नीति की आवश्यकता है। इस नीति की मुख्य निर्देशक-रेखाएं निम्नलिखित होंगी :—

(1) दिल्ली में केन्द्रीय सरकार के केवल ऐसे नये कार्यालय स्थापित किए जाएं जो प्रत्यक्ष रूप से भारत सरकार के मंत्रालयों का कार्य करते हों।

(3) दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वर्तमान कार्यालयों को स्थानान्तरित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए तथा जहां तक व्यवहार्य हो वहां तक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के नये कार्यालय उनके संक्रियात्मक क्षेत्रों में दिल्ली से बाहर स्थापित किए जाने चाहिए।

(3) दिल्ली में औद्योगिक विकास को छोटे पैमाने की इकाइयों पर जोर देकर सीमित किया जाना चाहिए जिनमें कुशलता की आवश्यकता हो लेकिन मानव-शक्ति एवं ऊर्जा की कम आवश्यकता हो और जो अशोरकारक एवं स्वच्छ हों तथा दिल्ली की अर्थव्यवस्था के लिए बड़े पैमाने पर उपयोगी हों।

(4) उद्योगों तथा वितरक व्यापार में रोजगार को सीमित करने के लिए वित्तिक एवं वित्तीय उपाय अपनाए जाने चाहिएं।

इस संदर्भ में, संतुलित क्षेत्रीय विकास के लिए केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 अधिनियमित किया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड एक योजना द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (रा.रा.क्षे.) के लिए संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली और निकटवर्ती राज्यों में प्रयासों का समन्वय करेगा जिसमें संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली के अतिरिक्त हरियाणा, उ० प्र० और राजस्थान के कुछ भाग सम्मिलित हैं। दिल्ली पर पड़ने वाले दवाव को समाप्त करने और क्षेत्र का जल्दी विकास करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ठोस कार्यवाही करने और केन्द्रीय सरकार और उपक्रमों के कार्यालयों, औद्योगिक इकाइयों तथा वितरक बाजारों की अवस्थिति के लिए वातावरण उत्पन्न करके उचित आधारिक संरचना की व्यवस्था द्वारा संभव काउन्टर मेग्नेट्स की व्यवस्था करने की आवश्यकता होगी।

दिल्ली महानगर क्षेत्र (दि.म.क्षे.)

संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली की देहलीज की बस्तियों की प्रक्रियाधीन विकास परियोजनाओं का दिल्ली और उसके उप क्षेत्र अर्थात दिल्ली महानगर क्षेत्र पर अप्रत्यक्ष प्रभाव अनिवार्य रूप से पड़ता है जिसको पुनः परिभाषित किया गया है और उसमें संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली, नोएडा नियंत्रित क्षेत्र, गुड़गांव, बहादुरगढ़, कुण्डली और हरियाणा की दिल्ली रिज का विस्तार सम्मिलित है। इस प्रकार दिल्ली महानगर क्षेत्र का क्षेत्र 3,182 वर्ग किलोमीटर (वर्ग कि.मी.) होगा।

नियोजन के उद्देश्य से संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली सहित दिल्ली महानगर क्षेत्र को एक शहर के समूह के रूप में माना जाना चाहिए। इस योजना में परिवहन और रिज की परिभाषा जैसे कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को विस्तृत रूप से व्यक्त किया गया है। दिल्ली महानगर क्षेत्र के संतुलित विकास के पूर्ण हित में नियोजन के कार्य केन्द्र और राज्यों से परामर्श करके तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र बोर्ड के पूर्ण निर्देशन और नियंत्रण में नगर एवं ग्राम नियोजन संगठन (टी.सी.पी.ओ.) को सौंपा जाना चाहिए।

जनसंख्या और रोजगार :

1971—81 के दशक में दिल्ली की शहरी जनसंख्या 4.69% वार्षिक वृद्धि की दर से और ग्रामीण जनसंख्या 0.77% वार्षिक वृद्धि की दर से बढ़ी है। ग्रामीण जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों के क्रमिक स्थानान्तरण और उनके शहरी क्षेत्रों में मिल जाने से प्रभावित हुई है। यदि जनसंख्या वृद्धि की यही दरें जारी रही तो वर्ष 2001 तक शहरी जनसंख्या 144.26 लाख और ग्रामीण 5.27 लाख हो जाएगी। अधिक संतुलित क्षेत्रीय विकास पर विचार करते हुए संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली की जनसंख्या को निम्न रूप में रखा गया है :—

	(लाख में)
दिल्ली शहरीकरण योग्य सीमाओं-2001 की जनसंख्या	121.73
दिल्ली शहरीकरण योग्य सीमाओं से बाहर 2001 की जनसंख्या	6.37
योग	128.10

जनगणना के अनुसार दिल्ली हेतु पिछले दो दशकों की सहभागिता दर (कार्यशील जनसंख्या ÷ कुल जनसंख्या × 100) हैं :—

वर्ष	शहरी	ग्रामीण
1971	30.21	26.62
1981	31.93	28.49

विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के बढ़ने से 2001 हेतु सहभागिता दर संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली की शहरीकरण योग्य सीमाओं से बाहर शहरी दिल्ली में 35% और दिल्ली के क्षेत्र में 33% के क्रम में होनी चाहिए। इससे अस्थायी श्रमिक जन संख्या सहित 49.08 लाख के कुल श्रम बल की वृद्धि होगी जो कार्य करने के लिए दिल्ली आते हैं किन्तु शहर में नहीं रहते। विभिन्न आर्थिक खण्डों में श्रम बल को निम्नलिखित रूप में निर्धारित किया गया है :—

संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली-2001 के लिए प्रक्षेपित श्रमबल

खंड	शहरी सीमाओं में (000 में)	शहरी सीमाओं से बाहर (000 में)	योग (000 में)
1	2	3	4
कृषि	13 (0.30)	59 (30.00)	72 (1.60)
विनिर्माण			
(1) संस्थापना—खंड	1071 (25.00)	39 (20.00)	1110 (24.80)
(2) गैर संस्थापना खंड	214 (5,00)	6 (3.00)	220 (4.90)
निर्माण	227 (5.30)	4 (2.00)	231 (5.10)
व्यापार एवं वाणिज्य	964 (22.50)	12 (6.00)	976 (21.80)

1	2	3	4
परिवहन	488 (11.40)	16 (8.00)	504 (11.30)
अन्य सेवाएं	1306 (30.50)	61 (31.00)	1367 (30.50)
प्रतिशतता	4283 (100.00)	197 (100.00)	4480 (100.00)
अस्थायी श्रमबल	428	..	428
योग			4908

शहरी सीमाओं में अन्य सेवाओं के खण्डों का और विभाजन निम्नलिखित क्रम में किया गया है :—

खण्ड	श्रमिक	
	(000 में)	(प्रतिशतता)
केन्द्रीय सरकार	316	22.00
अर्द्ध-सरकारी	384	26.70
दिल्ली प्रशासन	153	10.60
स्थानीय निकाय	241	16.80
निजी	343	23.90
योग	1437	100.00

यदि वर्तमान प्रवृत्तियां जारी रहीं तो औद्योगिक क्षेत्र में दिल्ली में बहुत अधिक श्रम बल (लगभग 37%) होने की संभावना है। राजधानी का कार्यात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए यह आवश्यक होगा कि पहले सुझाए गए उपायों के माध्यम से औद्योगिक रोजगार को सीमित किय जाए।

दिल्ली शहरी क्षेत्र–2001

संघ राज्य-क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 148,639 हेक्टेयर (हेक्ट.) है। इसमें से 44,777 हेक्टेयर क्षेत्र को इससे पूर्व योजना में निर्धारित शहरीकरण योग्य सीमाओं में सम्मिलित किया गया था। फिलहाल इस क्षेत्र में लगभग 54.5 लाख शहरी जनसंख्या निवास करती है। शेष शहरी जनसंख्या 1981 की जनगणना में नगरों के रूप में घोषित 17 बस्तियों और नजफगढ़ तथा नरेला में रहती हैं। वर्ष 2001 तक 122 लाख शहरी जनसंख्या को बसाने के लिए दो प्रकार की योजना की सिफारिश की गई है; (1) 1981 तक घोषित शहरीकरण योग्य सीमाओं में क्षेत्र की जनसंख्या बसाने की क्षमता को बढ़ाना और (2) जहां तक आवश्यकता हो वहां तक वर्तमान शहरीकरण योग्य सीमाओं का विस्तार करना।

वर्तमान शहरीकरण योग्य सीमाओं में क्षेत्र की बसाने की क्षमता निम्नलिखित पर निर्भर करती है :—

(1) आवासीय विकास टाइप और उनकी अधिक समामेलन-क्षमता।

(2) आधारिक संरचना-भौतिक एवं सामाजिक की उपलब्धता/सम्भाव्यता।

(3) रोजगार क्षेत्र/केन्द्र क्षमता एवं सम्भावना।

(4) परिवहन तंत्र क्षमता।

अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि वर्ष 2001 तक दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 की शहरीकरण की सीमाओं को विवेक सम्मत रूप से फैलाकर और घनत्व में चुने हुए संशोधन करके लगभग 82 लाख जनसंख्या को बसाया जा सकता है। शेष 40 लाख को शहरी एक्सटेंशन में बसाया जा सकता है। डिवीजन-वार विभाजन नीचे दिया गया है :—

डिवीजन	तत्कालिक विस्तार सहित दि. रा. क्षे 81 में जनसंख्या			
	मुख्य योजना के अनुसार	जनगणना 1981	धारणक्षमता	प्रस्तावित-2001
घनीकृत				
ए	3,22,600	6,22,207	4,20,460	4,20,460
सीमान्त सम्भाव्यता				
बी	3,98,200	5,67,804	6,30,000	6,19,200
सी	3,87,685	5,30,547	7,50,800	7,12,055
अधिक सम्भाव्यता				
डी	6,34,100	4,96,058	7,54,685	7,03,510
ई	9,69,270	10,28,794	17,89,300	16,38,080
एफ	8,27,125	8,22,200	12,78,425	11,91,840
जी	9,03,175	8,68,277	14,89,600	13,69,100
एच	9,20,485	5,17,687	18,65,270	15,97,900
योग	52,62,640	54,53,574	89,78,540	82,52,145

अगले दो दशकों में राजधानी की वृद्धि को प्रभावी रूप से व्यवस्था करने के लिए 40 लाख जनसंख्या को बसाने के लिए दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 को लगभग 24,000 हेक्टेयर तक बढ़ाने की आवश्यकता है जो लगभग 82 लाख की जनसंख्या को सुव्यवस्थित रूप से बसा सकती है। शहरी के संतुलित विकास के सन्दर्भ में वर्ष 2001 तक बढ़ाई गई समय अवधि में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आवश्यक भूमि का समय-समय पर अधिग्रहण किया जाएगा। अब तक 4,000 हेक्टेयर (अनुमानित) भूमि दि.श.क्षे.-81 को शहरी सीमाओं में सम्मिलित की गई है। इस प्रकार लगभग 20,000 हेक्टेयर भूमि की शेष आवश्यकता होगी।

निम्नलिखित तरीके से शहरी विस्तार भूमि को अनुमानतः विभिन्न भूमि उपयोगों में वितरित किया जाएगा :—

भूमि उपयोग	भूमि का %
आवासीय	45–55
व्यावसायिक	3–4
औद्योगिक	6–7
मनोरंजनात्मक	15–20
सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक सुविधाएं	8–10
परिचालन	10–12

शेल्टर :—

शेल्टर परिवार की अनिवार्य आवश्यकता होने के अतिरिक्त आर्थिक एवं कल्याण दोनों के विचार से विकास में भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अधिकांश परिवारों के लिए आवास शायद पारिवारिक बचत प्रयासों का मुख्य उद्देश्य होता है। तत्वों से बचाव के अतिरिक्त आवास स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य कल्याणकारी सेवाओं और आय अर्जन करने के अवसरों तक पहुंचने की व्यवस्था करता है जो अधिकतम उत्पादकता और निम्न आय के परिवारों के अर्जन को आगे बढ़ाता है। भारी मात्रा में कम उपयोगिता वाले श्रम की उपलब्धता से कम लागत पर आवास को उत्पादनकारी बनाया जा सकता है।

दक्षता एवं समता :

आवास का रोजगार, सामाजिक सेवाओं और अन्य शहरी क्रियाकलापों से दृढ़ स्थानिक संबंध है। शेल्टर के रूप में इसकी प्रत्यक्ष आवश्यकता के अतिरिक्त आवास स्त्री और बच्चों के कल्याण, सार्वभौमिक प्रारंभिक शिक्षा, प्रौढ़-अशिक्षा को हटाने, और सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रसार करने जैसे पहलुओं के सामाजिक परिवर्तन करने वाले माध्यम के रूप में कार्य कर सकता है। आवास नीति शहरी क्षेत्रों की दक्षता एवं समता को प्रभावित करने के लिए मुख्य उपकरण के रूप में कार्य कर सकती है।

आवासीय घटक :

परिवारों की आवश्यकता को पूरी तरह से पूरा करने के लिए शेल्टर में निम्नलिखित आवश्यक घटक होने चाहिए :

(1) स्थान—घरेलू क्रियाकलापों हेतु पर्याप्त हो।

(2) आधारिक संरचना

भौतिक-जल, बिजली, तरल एवं ठोस कूड़ाकरकट का निपटान।

सामाजिक-शैक्षणिक स्वास्थ्य, मनोरंजनात्मक एवं अन्य सुविधाएं

(3) स्थिति—कार्य-स्थल, शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं के परिवहन के संबंध में

(4) कार्यकाल—सुरक्षा, आवश्यकताओं के अनुकूल किराएदारी स्वामित्व

(5) सामाजिक-आर्थिक

अनुकूलता सामाजिक रूप से अनुकूल पड़ोस एवं उपलब्धि के अनुसार आर्थिक रूप से अनुकूलता।

आवास की आवश्यकता :

फिलहाल शहरी दिल्ली में लगभग 11.5 लाख गृहस्थ विभिन्न आवासीय योजनाओं-पुनर्वास आबादकार, भूखंडीय, बहु पारिवारिक, अनधिकृत, गाँवों, परम्परागत एवं अन्य योजनाओं में रहते हैं। अगले दो दशकों में लगभग 13 लाख गृहस्थों की और वृद्धि हो जाएगी। सभी परिवारों के लिए उचित आवास की व्यवस्था करना—योजना का मुख्य विषय है। वर्तमान आवासीय क्षेत्रों के संरक्षण सुधार और पुनर्जीवन के साथ-साथ नये आवासीय क्षेत्रों के विकास दोनों पर ही बल दिया जाना चाहिए।

फिलहाल लगभग 3.0 लाख आवासों की कमी का अनुमान लगाया गया है जिसमें (1) आबादकार एवं आश्रयहीन (2) सघन बने हुए क्षेत्रों में आवासों को बाँटकर रहने वाले परिवार और (3) जिन आवासों को बदलने की तुरंत आवश्यकता है सम्मिलित हैं। अगले दो दशकों (1981—2001) में लगभग 16.2 लाख नई आवासीय इकाइयों की आवश्यकता होगी जिन्हें 5 वार्षिक अंतरालों में विभाजित किया गया है जो नीचे दिया गया है :—

	आवश्यक नए आवास	प्रति वर्ष औसत
	'000	'000
1981—86	323	65
1986—91	379	76
1991—96	434	87
1996—2001	483	97

अध्ययन पर आधारित ऐसी व्यवस्था का विभिन्न एजेन्सियों का सांकेतिक प्रतिशत निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :—

आवासीय प्रकार	भूमि विकास	निर्माण एजेन्सी	आवास का %
स्लम आवास	स्लम विभाग	स्लम विभाग	3
व्यक्तिगत भूखंडों पर आवास	मुख्य भाग पहले से विकसित	व्यक्तिगत परिवार	17
नियोक्ता आवास	केन्द्रीय सरकार, दिल्ली प्रशा. स्थानीय निकाय	केन्द्रीय सरकार, दिल्ली प्रशा. स्थानीय निकाय	4
नियमित इनफिल सामान्य आवास	व्यक्तिगत	व्यक्तिगत	8
(ए) स्थल एवं सेवाएं	आवास एजेन्सी	व्यक्तिगत परिवार	25
(बी) निर्मित एवं आंशिक रूप से निर्मित आवास	आवास एजेन्सी एवं सहकारी	आवास एजेन्सी एवं सहकारी	43

दिल्ली में आवासीय सहकारी समितियों ने, जो सार्वजनिक और प्राईवेट के बीच अति व्यापी क्षेत्र है काफी सफलता प्राप्त की है और उन्हें और अधिक प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भूखण्डीय आधार पर व्यक्तिगत आवास वाली लघु सहकारी समितियों को भी प्रारम्भ किया जा सकता है। आवासों के निर्माण के लिए स्थल एवं सेवा योजनाओं में

इस श्रेणी हेतु पृथक परिवारों को सांस्थानिक वित्त के विकास की आवश्यकता होती है।

आंशिक रूप से निर्मित भूखंडीय आवास—नयी संकल्पना :—

1962 में योजना लागू होने से पूर्व सामान्य जनता के लिए आवास 2 परिवारों के भूखंडीय विकास के रूप में उपलब्ध था। 1962 में इस योजना में इसके साथ-साथ बहुपरिवार (समूह) आवास का प्रस्ताव किया गया था। हाल ही में दो परिवार की योजना वाले विकास के लिए दूसरे तल पर तीसरे परिवार की इकाई को अनुमति दी गई है जिसे सामान्यतः "बरसाती" तल के रूप में जाना जाता है। वर्तमान आवासीय योजनाओं के सर्वेक्षणों/अध्ययन से संकेत मिलता है :—

(1) लम्बे समय तक अधिकांश योजनाकृत विकास केवल पहली मंजिल तक रहता है और इस प्रकार सामान्यतः प्रति भूखंड एक से दो परिवार (लगभग 7 व्यक्ति) इसमें रहते हैं।

(2) समग्र शहरी डिजाइन में समूह आवास भूमि का बहुत सीमान्त गहन उपयोग करता है।

(3) निर्मित आवासों की प्राथमिकता है।

आवासों का निम्नलिखित से भी संबंध है :—(1) खर्च करने का सामर्थ्य (2) भूमि उपयोगिता की कुशलता (भूमि उपयोग प्रबलता) (3) समता (शहरी भूमि का सामाजिक वितरण) (4) लचीली विचारधाराएं। सामान्य आवास का सबसे उपयुक्त प्रकार से 70 से 80 वर्ग मीटर (वर्ग मी.) तक के पृथक-पृथक भूखण्डों पर आंशिक रूप से निर्मित आवास होगा।

प्रत्येक गृहस्वामी को स्थान की दृष्टि से 80 वर्ग मी. से 120 वर्ग मी. का आवास प्राप्त होगा। पृथक भूखंड होने के कारण इसका निर्माण चरणों में किया जा सकता है। जैसा कि खर्च करने का सामर्थ्य हो। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु स्थल एवं सेवाओं और सेवा कर्मियों के मामले में कम से कम 32 वर्ग मी. के भूखंडों पर एकल परिवार के आवासों की व्यवस्था की जा सकती है जिसमें पृथक स्नानागार और शौचालय होगा।

इस प्रकार के आवासों द्वारा 350-400 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर (व्य. प्र. है.) का कुल आवासीय घनत्व प्राप्त किया जा सकता है, और शहर के स्तर पर 180-200 व्य. प्र. है. का समग्र घनत्व संभावित है। अब भी उच्च सकल आवासीय घनत्व सीमान्त रूप से मानव/भूमि के अनुपात को बढ़ा रहा है और इसे विशेष स्थितियों में ही निर्धारित किया जाना चाहिए। तुलना के लिए यह देखा जा सकता है कि 1961—81 के दौरान योजना में निर्धारित सकल आवासीय घनत्व बहुत कम था; निर्धारित औसत सकल आवासीय घनत्व 187 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर और सम्पूर्ण शहर स्तर का घनत्व लगभग 100 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर था।

संस्तुत किए गए रूप में सामान्य सार्वजनिक आवास के मुख्य भाग के लिए शहरी भूमि के न्यायसंगत वितरण के लिए व्यवस्था की जा सकती है। केवल आवास के छोटे भाग को ही 3 परिवार भूखंडों के रूप में दिया जा सकता है जिनका आकार 150 वर्ग मी. से 250 वर्ग मी. तक होगा और वे बहु-परिवार के आवास होंगे। आवासीय भूखंड सीमित संख्या में (1% से कम) 350 वर्ग मी० तक हो सकते हैं।

आवासीय क्षेत्रों में योजनाबद्ध मिश्रित उपयोग प्रारम्भ करना वांछनीय होगा। आवासीय योजनाओं में दुकान/घरेलू उद्योगों के लिए भू-तल पर और आवास के प्रथम या उससे ऊपर के तल पर अभिप्रेत मिश्रित उपयोग के लिए विशेष रूप से भूखंडों के समूह का आरक्षण भी रखना चाहिए।

संरक्षण, पुनर्जीवन एवं पर्यावरणी सुधार :

परंपरागत क्षेत्रों के मामले में संरक्षण एवं पुनर्जीवन आवश्यक होता है और अन्य पुराने निर्मित क्षेत्रों पुनर्वास कालोनियों, और शहरी गांवों में पर्यावरणीय उन्नयन और सुधार की आवश्यकता होती है।

परंपरागत आवास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाग चार दीवारी का शहर है किसी समय जो एक सुन्दर शहर था वह अब एक अव्यवस्थित चित्र प्रस्तुत करता है। चार दीवारी का शहर शाहजहांबाद सुविस्तृत महानगर का एक अभ्यंतर क्षेत्र बन गया है जिसमें केन्द्रीय व्यापार जिला स्थापित है। वर्ष 1961 तक चार दीवारी के शहर शाहजहांबाद में जनसंख्या बहुत घनी हो गई किंतु तब से आवासीय उपयोग बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उपयोग में परिवर्तित हो गए हैं। नीचे दी गई तालिका देखें :—

स्थान	जनसंख्या लाखों में			
	1951	1961	1971	1981
चार दीवारी का शहर	3.81	4.20 (+10.24)	4.09 (−2.62)	3.62 (−11.49)
योजना डिवीजन "ए"	5.38	6.50 (+20.81)	6.80 (+4.62)	6.22 (−8.52)

कोष्ठकों के आंकड़े दशकों के अंतर के प्रतिशत को प्रकट करते हैं।

चार दीवारी के शहर के परंपरागत क्षेत्र के लिए विशेष व्यवस्था की आवश्यकता है। निम्नलिखित उपायों की सिफारिश की गई है :—

(1) हानिकर और खतरनाक उद्योगों और व्यापार को स्थानांतरित करना और गैर-आवासीय कार्यकलापों को सीमाबद्ध करना।

चार दीवारी के शहर में अम्ल, रसायनों और ज्वलनशील सामग्री का उपयोग करने वाली औद्योगिक इकाईयां और प्लास्टिक, रेक्सीन आदि के व्यापार हैं जो हानिकर एवं खतरनाक हैं। इस क्षेत्र की सबसे पहले आवश्यकता यह है कि ऐसे उद्योगों और व्यापारों को प्राथमिकता के आधार पर विस्तृत औद्योगिक क्षेत्रों और इन व्यापारों के लिए विशेष रूप से निर्धारित क्षेत्रों में स्थानतांरित किया जाना चाहिए।

चार दीवारी के शहर के पर्यावरणी सुधार के लिए (1) थोक-गोदामों को थोक एवं भंडारण क्षेत्रों में और डेयरियों को ग्रामीण उपयोग जोन क्षेत्रों में स्थानान्तरण करने की आवश्यकता है। थोक फल एवं सब्जी मार्किट अर्थात् फूल मंडी को भी स्थानांतरित किया जाना चाहिए। 1961—81 की अवधि में चार दीवारी के शहर में थोक व्यापार और अन्य व्यावसायिक क्रियाकलापों में तेजी से वृद्धि हुई है। इस बात का पूरा खतरा है कि कहीं थोड़े समय में संपूर्ण चार दीवारी का शहर पूर्णतः व्यावसायिक क्षेत्र में परिवर्तित न हो जाए जिससे शहरी परंपरा का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र पूरी तरह से नष्ट न हो जाए। वर्तमान व्यावसायिक क्रियाकलापों को स्थानान्तरित और पुनः स्थापित करना भी संभव नहीं होगा किंतु यह भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि व्यावसायिक क्रियाकलापों को वर्तमान स्तर तक सीमित किया जाना चाहिए। अध्याय-2 में विकास संहिता के खंड 9 को देखें।

चार दीवारी के शहर में लगभग 1.5 लाख व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं। 1961-81 की अवधि के दौरान चार दीवारी के शहर में व्यावसायिक उपयोग खारी बावली के उत्तर में थोक व्यापार हेतु,

चांदनी चौक के उत्तर में सामान्य व्यापार एवं वाणिज्य हेतु और लाजपतराय मार्किट के फुटकर व्यापार केन्द्र तक सीमित था। फिलहाल व्यापार और वाणिज्य क्रियाकलाप व्यावहारिक रूप से चार दीवारी के शहर के समस्त आवासीय क्षेत्रों में अनुचित रूप से प्रविष्ट हो गए हैं। भवनों की आर्गेनिक वृद्धि के 240.69 हेक्टेयरों में से 98.34 हेक्टेयर अर्थात् 40% का व्यावसायिक एवं औद्योगिक उपयोग होता है। संरक्षण को कार्यान्वित करने के लिए वर्तमान स्तर तक गैर-आवासीय क्रियाकलापों को परिसीमित करना नितांत आवश्यक है।

(2) भौतिक एवं सामाजिक आधारिक संरचना का उन्नयन :

यद्यपि चार दीवारी के शहर के संपूर्ण भागों में जल आपूर्ति की लाइनें और सीवर लाइनें उपलब्ध हैं फिर भी कभी लगभग 25% आवासों को नगरपालिका की जल आपूर्ति और लगभग 50% आवासों की नगरपालिका के सीवर कनैक्शन उपलब्ध नहीं हैं।

चार दीवारी के शहर में अनिवार्य रूप से जल-आपूर्ति और सीवर कनैक्शन की व्यवस्था करना आवश्यक होगा। शहर के सघन रूप से निर्मित इस भाग को साफ रखने के लिए मार्ग पर पाइपों अथवा छेदों आदि से निकलने वाले पानी के बहाव को रोकने के लिए दण्डात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकती है। कटरों का पुनर्विकास करके सामाजिक आधारिक संरचना की व्यवस्था की जा सकती है।

(3) यातायात एवं परिवहन, प्रबंध एवं विनियम :

चार दीवारी के शहर में धीमी गति वाला यातायात बड़े पैमाने पर है जिसके लिए चावड़ी बाजार, चांदनी चौक, श्रद्धानंद मार्ग और आसफ अली रोड जैसे मार्गों पर ट्राममार्ग को पुनः प्रारम्भ करना उचित होगा।

ट्राम मार्गों के प्रारम्भ होने पर अजमेरी गेट और लाल किले पर पार्किंग गैराजों की व्यवस्था करनी आवश्यक होगी ट्रामों का प्रारंभ करने के अतिरिक्त यातायात के नियंत्रण के लिए निम्नलिखित उपायों को क्रियान्वित किया जाना है।

(क) दो मुख्य सड़कों अर्थात् दिल्ली गेट व कश्मीरी गेट के बीच की सड़क और दूसरी मोरी गेट व रेलवे स्टेशन के सामने से गुजरने वाली कौड़िया पुल के बीच वाली सड़क पर बसों और मोटरकारों को अनुमति दी जाए।

(ख) उपर्युक्त (क) में दी गई सड़कों से कारों को चार दीवारी के शहर में आने की अनुमति न दी जाए और वे निर्दिष्ट स्थानों पर खड़ी की जाएं।

(ग) मोरी गेट और अजमेरी गेट पर दो माल-टर्मिनलों का विकास किया जाएगा जहां से माल को हल्के-ट्रकों अथवा टैम्पो से ले जाया जाएगा। इन टर्मिनलों से माल को चार दीवारी के शहर में उनके गंतव्य स्थलों तक बैटरी से चलने वाले वाहनों से ले जाया जाएगा। पशुओं द्वारा चलाए जाने वाले समस्त वाहनों के उपयोग पर रोक लगा दी जानी चाहिए।

(4) ऐतिहासिक भवनों का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार :

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा चार दीवारी के शहर में 411 ऐतिहासिक स्मारक स्थल एवं भवन बताए गए हैं। इनमें से लाल किले (32 स्मारक) और जामा मस्जिद सहित केवल 42 स्मारक ही सुरक्षित हैं। चार दीवारी के शहर के पुनर्निर्माण के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा बताए गए सभी स्मारकों और प्राचीन धार्मिक भवनों की उचित रूप से व्यवस्था की जानी चाहिए।

(5) आवासीय क्षेत्र का पुनर्जीवन :

फिलहाल लगभग 568 हेक्टेयर के कुल क्षेत्र में से 180 हेक्टेयर क्षेत्र आवासीय उपयोग के अंतर्गत आता है। जिसमें से केवल 145 हेक्टेयर आवासीय उपयोग के लिए जैविक विकास के रूप में है। क्षेत्र का शेष भाग या तो औपनिवेशिक शासन में पुनर्विकसित किया जा चुका है अथवा आवासीय के अतिरिक्त अन्य उपयोगों में परिवर्तित हो चुका है। अगर रहने योग्य आवासीय क्षेत्र के रूप में जैविक विकास के 145 हेक्टेयरों को पुनर्जीवन देना संभव हो जाए तो इसका कम महत्व न होगा।

भवनों की परंपरागत विशेषता और शैली को ध्यान में रखते हुए पुनर्जीवन दिया जाना चाहिए। सामान्य आवासों के लिए विद्यमान वास्तुकलात्मक ढांचे के अनुसार मरम्मत की अनुमति दी जाए। काबिजों को पुनः बसाने के लिए कटरों का पुनर्विकास किया जाए और बहु-सुविधाजनक भवनों की व्यवस्था की जाए।

समग्र परिप्रेक्ष्य में, चार दीवारी के शहर के संरक्षण को सफल बनाने हेतु वर्तमान आवासीय विशेषता के संरक्षण में शहर के वर्तमान ढांचे और शहरी एवं मार्ग-दृश्य की विशेषता को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

चार दीवारी के शहर का विस्तार :

पहाड़गंज, सदर बाजार और रोशनारा रोड़ जैसे क्षेत्र मुख्यतः मिश्रित भूमि उपयोग वाले प्राचीन सघन निर्मित क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में यातायात की भीड़-भाड़, अपर्याप्त भौतिक एवं सामाजिक आधारिक संरचना, खुले स्थानों का अभाव की बहुत गंभीर समस्या है। आधारिक संरचना के न्यूनतम स्तर की व्यवस्था करने के लिए इन क्षेत्रों में संरक्षी कांट-छांट करने की आवश्यकता होगी इन क्षेत्रों की शहरी नवीकरण योजनाओं से योजना-यंत्र के रूप में संरक्षी कांट-छांट द्वारा भौतिक और सामाजिक-आर्थिक उपलब्धियां प्राप्त होनी चाहिए। थोक व्यापार के लिए अपेक्षित आवश्यक आधारिक संरचना की व्यवस्था करके सदर बाजार की थोक मार्किट को वहीं पुनर्विकसित किया जा सकता है ।

पुनर्वास कालोनियां : पुनर्वास कालोनियां की तात्कालिक आवश्यकता व्यक्ति लक सेवाएं अर्थात् पानी, सीवर और बिजली है। कनैक्शन जोड़ने वाली लाइनों के उपलब्ध न होने अथवा वित्तीय अड़चनों के कारण बहुत से क्षेत्रों में तत्काल नियमित मल-व्यवस्था करना संभव न होगा। ऐसे मामलों में व्यक्तिगत अथवा सामूहिक आधार पर द्विगर्त-विधि द्वारा कम लागत वाली स्वच्छता-प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। संबंधित सरकारी विभागों और आवासीय एजेंसियों के सामाजिक कार्य को पूरा करने के लिए जो गैर-सरकारी संगठन प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों, शिशु सदन, बालवाड़ियों और इसी प्रकार की संस्थाओं की स्थापना करने के लिए आगे आते हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आय बढ़ाने के लिए परिवारों की सामर्थ्य बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाना चाहिए। इन बस्तियों में अथवा उनके निकट उचित व्यवस्था की जानी चाहिए और उसकी परिवीक्षा की जानी चाहिए।

अनधिकृत कालोनियां : प्रत्येक योजनाबद्ध विकास के लिए नियंत्रण की आवश्यकता होती है जिसका इस शहर में इस प्रकार के हो रहे भवन-निर्माण क्रियाकलाप में अभाव प्रतीत होता है। शहर में विद्यमान लगभग 600 से अधिक अनधिकृत कालोनियां जिन पर नियमन के लिए विचार किया गया है, इसका परिणाम हैं। इन कालोनियों में विद्यमान भौतिक पर्यावरण के निम्न स्तर में सुधार लाने के लिए नियमन का वर्तमान तरीका सहायक सिद्ध नहीं होगा। भौतिक और सामाजिक आधारिक संरचना का सुधार करने के लिए अनधिकृत कालोनियों में मकान मालिकों को सोसायटियों का गठन करने के लिए कहा जाना चाहिए और इन सोसायटियों को लक्ष्य समूह के सुधार हेतु योजनाएं लेकर आगे आना चाहिए। इससे कार्यों की वर्तमान स्थिति में सुधार आने की सम्भावना है।

शहरी गांव : इस समय शहरीकरण योग्य सीमाओं में 106 गांव हैं। इसके विस्तार होने के कारण शहरी क्षेत्र में और गांव भी सम्मिलित होंगे। शताब्दियों से इन बस्तियों की जीवन शैली पूर्णतः भिन्न है जो अब शहरी वातावरण में मिल रही हैं और नियोजन एवं विकास प्रक्रिया में इसकी संवेदनशील व्यवस्था करने की आवश्यकता है। इन बस्तियों को आधुनिक सेवाएं और सुविधाएं दी जानी चाहिए और उनकी परंपरागत सांस्कृतिक शैलियों को भी पुष्ट किया जाना चाहिए।

लुटियन की नई दिल्ली : नई दिल्ली का आवासीय क्षेत्र विशेषतः राजपथ के दक्षिण क्षेत्र का बहुत सुन्दर पर्यावरण है । फिलहाल इस क्षेत्र में आवासीय इकाइयों को अलग करके बड़े आवासीय भूखंड भी हैं। अपने वर्तमान रूप में शहर के मध्य-भाग में यह बहुत कम घनत्व वाला अद्वितीय क्षेत्र है ।

इस क्षेत्र के पुनर्विकास हेतु क्षेत्र को पुनः सघन बनाने और पर्यावरण का संरक्षण करने की दृष्टि से नई दिल्ली पुनर्विकास सलाहकार समिति के डिजाइन समूह द्वारा कई विषयों का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन को और परिष्कृत किया जाएगा ताकि इस क्षेत्र को वृक्ष जटित विशेषता में बाधा न पड़े। सिविल लाईन क्षेत्र के लिए भी इसी प्रकार का अध्ययन किया जाना चाहिए।

सामान्यतः वर्तमान सभी विकसित आवासीय क्षेत्रों का एक-एक करके पर्यावरणी सुधार (1) वृक्षारोपण एवं भू-दृश्य निर्माण (2) आधारिक संरचना को व्यवस्था—भौतिक एवं सामाजिक और उचित व्यवस्था करना जहां इसका अभाव है (3) स्थानीय निवासियों द्वारा अंत तक एक के बाद एक आधारिक संरचना के प्रबंध की संभाव्यता द्वारा करना आवश्यक होगा।

कार्य-केन्द्र

उद्योग

फिलहाल लगभग 46000 औद्योगिक इकाइयां हैं। 10 कामगारों से कम वाली 77% और 10 से 20 कामगारों के बीच वाली 16% इकाईयां हैं। 2001 तक औद्योगिक इकाईयों की संख्या लगभग 93,000 तक बढ़ जाएगी। औद्योगिक क्षेत्र में श्रम-बल का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। पिछले तीन दशकों और इनमें से भी सर्वाधिक पिछले पांच वर्षों में शहर की औद्योगिक संरचना में पर्याप्त परिवर्तन हुआ है। निम्नलिखित दो प्रकार के वर्तमान उद्योगों के लिए आधार की आवश्यकता है जिनका बहुत तेजी से विकास हुआ है।

(1) इलैक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स

(2) रबड़, प्लास्टिक एवं पेट्रोलियम-उत्पाद

विद्यमान विनियमों के अनुसार बड़ी संख्या में वर्तमान उद्योग नॉन-कान्फार्मिंग रूप में स्थित होंगे चूंकि ये आवासीय और व्यावसायिक उपयोग जोनों में स्थित हैं। इस प्रकार शहर में उद्योगों के कान्फार्मिंग /नॉन-कान्फार्मिंग और संपूर्ण अनुकूलता के विषय में अध्ययन किया गया है ।

अनुबंध-3—उद्योगों का वर्गीकरण में निर्धारित शर्तों के अनुसार विभिन्न उपयोग जोनों में नई औद्योगिक इकाईयों की अनुमति होगी। विभिन्न उपयोग जोनों में विद्यमान औद्योगिक इकाईयों के लिए निम्नलिखित सिफारिश की गई है :—

(क) अनुबंध-3 क में निर्दिष्ट किए गए प्रकारों के अधिकतम 5 कामगारों और 1 किलोवाट पावर वाले उद्योग आवासीय क्षेत्रों के अनुकूल हैं और उन्हें जारी रखने की अनुमति दी जाए। आवासीय क्षेत्रों में इस प्रकार के नये उद्योगों को भी अनुमति दी जा सकती है।

(ख) अनुबंध-3 छ में निर्दिष्ट किए गए प्रकारों की औद्योगिक इकाईयां और 20 अथवा उससे अधिक कामगार वाले अन्य उद्योग आवासीय, व्यावसायिक और अनौद्योगिक उपयोग जोनों के अनुकूल नहीं हैं। इन्हें तत्काल स्थानांतरित किया जाना चाहिए। (अधिकतम अवधि 5 वर्ष)

(ग) अनुबंध-3 ण, ग, घ, च—में निर्दिष्ट किए गए प्रकारों किंतु अनुबंध-3 के अनुसार नॉन-कान्फार्मिंग 10—19 कामगारों वाली औद्योगिक इकाईयों को आवासीय और व्यावसायिक उपयोग जोनों में चलते रहने दिया जाए और इस अवधि के दौरान उन्हें पुनः स्थापना का पूरा अवसर देते हुए पांच वर्षों के बाद पुनरीक्षण किया जाना चाहिए। अनुबंध 3 के अनुसार केवल अनुकूल नयी औद्योगिक इकाईयों को आवासीय अथवा व्यावसायिक उपयोग जोनों में अनुमति दी जानी चाहिए।

(घ) अनुबंध-3 ख, ग, घ, व, च में निर्दिष्ट किए गए प्रकारों किंतु अनुबंध-3 के अनुसार नॉन-कान्फार्मिंग 9 कामगारों तक की औद्योगिक इकाईयों को आवासीय और व्यावसायिक जोनों में चलते रहने दिया जाए और इस अवधि के दौरान उन्हें पुनः-स्थापना का पूरा अवसर देते हुए 10 वर्षों के बाद पुनरीक्षण किया जाना चाहिए। "ग" की इकाईयों के बाद इनकी व्यवस्था की गई है।

(च) अनुबंध-3-क्ष में दिए गए प्रकारों की औद्योगिक इकाईयों को संघ राज्य-क्षेत्र, दिल्ली में अनुमति नहीं है।

दिल्ली में 82 जल प्रदूषित करने वाली औद्योगिक इकाईयां हैं। इन इकाईयों को निस्सार के शोधन हेतु पृथक/संयुक्त प्रबंध करने चाहिए। लगभग 30% इन इकाइयों को तत्काल औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए जो अन्य क्षेत्रों में स्थित हैं।

उचित सर्वेक्षण और मूल्यांकन करने के बाद निम्नलिखित औद्योगिक समूहों के लिए औद्योगिक क्षेत्र की पुनर्विकास योजनाएं तैयार की जानी चाहिए। पर्यावरण का उन्नयन करने के बाद जो औद्योगिक इकाईयां उपयोग जोन में निरापद और अनुरूप हों उन्हें नियमित किया जा सकता है ।

(1) आनन्द पर्वत	हल्का औद्योगिक क्षेत्र
(2) शाहदरा	हल्का औद्योगिक क्षेत्र
(3) समयपुर बादली	विस्तृत औद्योगिक क्षेत्र

प्रत्येक औद्योगिक इकाई का नियमन उसके अपने गुणों के आधार पर होगा। इन योजनाओं का नियमन करते समय पट्टेदारी का निर्णय किया जा सकेगा।

विद्यमान औद्योगिक इकाईयों के लिए उपर्युक्त सिफारिशें हो जाने से।

(क) लगभग 5,000 औद्योगिक इकाईयों को जो उत्पातकारक, हानिकर और खतरनाक प्रकार की हैं, उन्हें पांच वर्षों में नियोजित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानांतरित करना होगा।

(ख) लगभग 25,000 औद्योगिक इकाईयों को औद्योगिक उपयोग हेतु निर्धारित किए जाने वाले शहरी एक्सटेंशनों में भूखंड दिए जाएंगे और 5 व 10 वर्षों के बाद स्थिति का समीक्षा की जाएगी।

भूमि उपयोग प्लान में किए गए संकेत के अनुसार निर्धारित उपयोग जोनों की निम्नलिखित अवस्थितियों दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 में औद्योगिक क्रियाकलाप का संचालन किया जाएगा :

(1) हल्के उद्योग—फ्लैटिड फैक्टरी एवं सेवा उद्योग

झंडेवालान, जी. टी. रोड पर बिरलामिल, शंकर मार्किट के निकट, डी. सी. एम., आनंद पर्वत, कीर्ति नगर, पूसा संस्थान के निकट।

(2) हल्के उद्योग—सेवा केन्द्र (अनुबन्ध 1 देखें)।

(3) हल्के औद्योगिक संपदाएं

मोतिया खान, शाहजादाबाग, झिलमिल, ताहिरपुर, कीर्तिनगर, आनन्द पर्वत, जी. टी. रोड (शाहदरा), केशोपुर, बदरपुर, गुलाबी बाग, हिंदुस्तान प्रीफेब भोगल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, मथुरा रोड, नारायणा, दिल्ली दुग्ध योजना, वर्ली रपुर, लारेंस रोड, जी. टी. रोड, मोती नगर, भारत सरकार मुद्रणालय, रोहतक रेलवे लाईन का उत्तर और रोहिणी (पार्केट)

(4) विस्तृत औद्योगिक संपदाएं

चिल्ला, ओखला, नजफगढ़ रोड, मायापुरी, रोहतक रोड, पटपड़गंज, जहांगीरपुरी का दक्षिण, मदर डेयरी, समयपुर बादली।

अगले दो दशकों में औद्योगिक इकाईयों की बढ़ती हुई आवश्यकता को पूरा करने के लिए शहरी एक्सटेंशनों में 16 नये हल्के औद्योगिक क्षेत्रों (कुल क्षेत्र लगभग 15.53 हेक्ट.) का विकास करने की आवश्यकता होगी। प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र में निर्दिष्ट प्रकारों हेतु लगभग प्रति 20 हेक्ट वाली 5 इकाईयों तक की औद्योगिक संपदाएं (लघु औद्योगिक संपदा इकाईयों हेतु) होंगी।

समूह-1

(क) सूत, सूती-वस्त्र, ऊन, सिल्क एवं सिथेटिक फाइबर, सूती-उत्पाद
(ख) फर्नीचर, जुड़नार अन्य लकड़ी एवं कागज के उत्पाद

} 11 औद्योगिक संपदा इकाईयाँ प्रत्येक

समूह-2

(क) इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रॉनिक यंत्र
(ख) चमड़ा एवं लोमचर्म उत्पाद रबड़, पलास्टिक एवं पेट्रोलियम-उत्पाद

समूह-3

धातु एवं धातु-उत्पाद, मिश्रधातु, मशीन, उपकरण, परिवहन के उपकरण, एवं पुर्जे तथा विविध उत्पाद।

} 26 औद्योगिक संपदा इकाईयाँ

पाँच यू. आई. ई. निर्दिष्ट औद्योगिक क्रियाकलापों हेतु अर्थात् दो यू. आई. ई. प्रत्येक (1) खाद्य, और (2) रसायन एवं रासायनिक उत्पादों के लिए होंगी। सड़क को धूल से बचाने के लिए लगभग 100 मीटर की हरित पट्टी द्वारा सभी ओर से खाद्य की यू. आई. ई. को पूरी तरह से अलग रखा जाएगा। कम्प्यूटर उद्योग के लिए एक यू. आई. ई. का विकास किया जाएगा।

दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 में जिन विशिष्ट प्रकारों के उद्योगों को अनुमति दी गई हैं वे नीचे दिए गए हैं :

औद्योगिक क्षेत्र	अनुमति दिए गए उद्योगों के प्रकार
1. लारेंस रोड	खाद्य-उत्पाद
2. वजीरपुर	समूह-1
3. नारायणा फेज-1	समूह-2
4. नारायणा फेज-2	समूह-1
5. जी. टी. करनाल रोड	समूह-1

जिन हल्के व विस्तृत औद्योगिक क्षेत्रों में किसी विशिष्ट प्रकार का निर्धारण नहीं किया गया है उन्हें इन जोनों में अनुमति प्राप्त सभी प्रकार के उद्योगों की स्थापना के लिए उपयोग किया जा सकता है।

शहरी एक्सटेंशन में विस्तृत औद्योगिक क्रियाकलाप को दो स्थितियों में लगभग 265 हेक्टे. में सीमित रखा जाएगा। इन क्षेत्रों का उपयोग मुख्य तौर से विद्यमान प्रतिकूल औद्योगिक इकाईयों को स्थानान्तरित करने और कुछ नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए किया जाएगा।

व्यापार एवं वाणिज्य

फुटकर व्यापार

विपणन क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है और ये शहर की छवि उत्पन्न करते हैं। इन क्षेत्रों से दिन-प्रतिदिन की खरीददारी की आवश्यकताओं के साथ-साथ आकस्मिक एवं आवेगशील खरीददारी की आवश्यकताएं भी पूरी होनी चाहिए। दिल्ली शहर में अनौपचारिक क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिसका पुनर्गठन किए जाने की आवश्यकता है। यह क्षेत्र जो कि रोजगार का सर्जक है, उचित आधारिक संरचना के अभाव में कम उत्पादकता कर पाता है। अनौपचारिक क्षेत्र को मिलाकर सक्रिय विपणन क्षेत्रों का सर्जन करना संभव है।

फिलहाल दिल्ली में 18.25 दुकान प्रति हजार जनसंख्या की दर से लगभग एक लाख फुटकर दुकानें हैं। विभिन्न आकार और विशेषता वाली ये दुकानें पूरे शहर में फैली हुई लगभग 100 मार्किटों में स्थित हैं। सड़कों के किनारे और जनता के अन्य ध्यानाकर्षण केन्द्रों पर इन विपणन क्षेत्रों में लगभग 1.39 लाख अनौपचारिक क्षेत्र की फुटकर इकाईयों (छत रहित) भी चल रही हैं। दिल्ली में साप्ताहिक मार्किटों की परंपरा रही हैं और फिलहाल 6,000 दैनिक विपणन स्थानों सहित 95 साप्ताहिक मार्किट स्थल (1 लाख की जनसंख्या हेतु 1.8 साप्ताहिक मार्किट) हैं। ये मार्किट एक सप्ताह में एक स्थान पर कार्य करती हैं और उद्यमी सप्ताह के भिन्न-भिन्न दिनों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर आते-जाते रहते हैं। फुटकर विपणन केन्द्र, पालिका बाजार—शहर का अत्यधिक फैशन परस्त अथवा यह कहें कि समस्त उत्तरी भारत में अद्वितीय एक उपनगरीय क्षेत्र के अस्थायी केन्द्रों से भिन्न हैं। लगभग 28 लाख की अतिरिक्त जनसंख्या के लिए दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 में 44,200 फुटकर दुकान (लगभग 26 वर्ग मी० के औसत क्षेत्र वाली दुकान) की आवश्यकता होगी।

शहरी दिल्ली में फिलहाल लगभग 38.6 लाख वर्ग मीटर का व्यावसायिक कार्यालय स्थान है। अतिरिक्त रोजगार के लिए दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 में 24.72 लाख वर्ग मी. और शहरी एक्सटेंशन में 28.44 लाख वर्ग मी. स्थान की आवश्यकता है।

उपक्रमों और सिनेमा, होटल आदि से संबंधित क्रियाकलापों के कार्यालयों के लिए अपेक्षित विपणन व्यावसायिक कार्यालयों और आवश्यक सुविधाओं को स्थान देने के लिए सामान्य रूप से व्यावसायिक क्षेत्रों की पाच तल्ला प्रणाली को अपनाया जाता है।

तल	नाम	लाभ प्राप्त करने वाली जनसंख्या शहर (उप शहर सहित)
1.	केन्द्रीय व्यापार जिला (उप-केन्द्रीय व्यापार जिले सहित)	4,00,000 से 7,00,000 तक
2.	जिला केन्द्र	60,000 से 1,00,000 तक
3.	सामुदायिक केन्द्र	15,000 से 20,000 तक
4.	स्थानीय बाजार	5,000 से 6,000 तक
5.	सुविधा बाजार	

केन्द्रीय व्यापार जिला :

शहर और क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत व्यावसायिक केन्द्रों की श्रंखला में केन्द्रीय व्यापार जिले (के. व्या. जि.) शिखर पर हैं। केन्द्रीय व्यापार जिले के रूप में कार्य कर रहे वर्तमान क्षेत्र हैं :—

(1) पुराना शहर
(2) आसफ अली रोड
(3) कनॉट प्लेस एवं उसका विस्तार (महानगर शहर केन्द्र)
(4) करौल बाग

पुराना शहर, आसफ अली रोड और करौल बाग अब विशेष विनियमों के रूप में पदनामित क्षेत्र के भाग हैं।

और विकास संहिता में दिए गए विशेष विनियमों के अनुसार इनका विकास किया जाएगा। कनॉट प्लेस और इसके विस्तार का महानगर शहर केन्द्र की अनुमोदित विकास योजना के अनुसार विकास किया जाएगा बशर्ते कि इसके क्रियाकलापों के विकेन्द्रीकरण के संबंध में डिजाइन का अध्ययन किया जाए।

उप-केन्द्रीय व्यापार जिला :

2001 तक उप-नगरीय स्तर पर दो उप केन्द्रीय व्यापार जिले—एक यमुनापार क्षेत्र में और दूसरा शहरी एक्सटेंशन में विकास हेतु प्रस्तावित है। इन्हें नीचे दी गई भूमि नियतन के अनुसार विकसित किया जाएगा :

शाहदरा शहरी एक्सटेंशन

(क्षेत्र हैक्टेयरों में)

1. थोक व्यापार	10.0	—
2. फुटकर व्यापार	13.3	17.0
3. कार्यालय	6.6	17.0
4. सेवा केन्द्र	2.0	3.0
5. होटल	2.0	6.0
6. सांस्कृतिक केन्द्र	2.0	4.0
7. जन सुविधाएं	2.5	6.0
8. खुले स्थान (डिजाईन हेतु लोचशीलता)	9.6	13.0
योग	48.0	66.0

1981 की जनगणना के अनुसार यमुनापार क्षेत्र की जनसंख्या एक मिलियन से अधिक है। 2001 तक उप-केन्द्रीय व्यापार जिला लगभग 17 लाख जनसंख्या की आवश्यकता की पूर्ति करेगा और प्राथमिकता के आधार पर इसका विकास किया जाना चाहिए।

जिला केन्द्र :

तीन जिले केन्द्र अर्थात नेहरू प्लेस, राजेन्द्र प्लेस और भीकाजी कामा प्लेस लगभग पूरी तरह से विकसित किए जा चुके हैं और तीन अन्य अर्थात् जनकपुरी, लक्ष्मी नगर और शिवाजी प्लेस का विकास किया जा रहा है। झण्डेवाला का मुख्य भाग 1982 से पूर्व ही विकसित हो गया था और फिलहाल उसके कुछ भाग का विकास किया जा रहा है। इन जिला केन्द्रों हेतु भूमि नियतन नीचे दिया गया है :—

जिला केन्द्र	क्षेत्र हैक्टेयरों में
नेहरू प्लेस	38.20
राजेन्द्र प्लेस	9.31
भीकाजी कामा प्लेस	14.16
जनकपुरी	14.97
लक्ष्मी नगर	12.95
शिवाजी प्लेस	22.60
झण्डेवाला	12.97

नेहरू प्लेस में 4 हेक्टेयर क्षेत्र जो 1961—81 की अवधि के दौरान सरकारी कार्यालयों के लिए प्रस्तावित किया गया था। अब 30% कवरेज और 75 फ्लोर एरिया रेशों (एफ ए. आर.) के अनुसार उसका विकास फुटकर विपणन स्थल के रूप में करने की सिफारिश की गई है।

उपर्युक्त सात जिला केन्द्रों के अतिरिक्त 2001 तक निम्नलिखित तालिका में दिए गए क्षेत्र के कार्यक्रम के अनुसार 20 अन्य जिला केन्द्रों का विकास करने की आवश्यकता होगी।

जिला केन्द्रों—2001 हेतु भूमि की आवश्यकताएं

क्रम सं.	जिला केन्द्र	भूमि हैक्टेयरों में								
		थोक	फुटकर	कार्यालय	सुविधाकेन्द्र	होटल	सांस्कृतिक केन्द्र	सुविधा	भू-दृश्य	योग
दिल्ली शहरी क्षेत्र-81										
1.	साकेत	—	6.2	7.7	—	2.0	—	2.5	4.6	23.0
2.	रोहतक रोड	10.0	5.9	2.0	—	2.0	—	2.5	5.6	28.0
3.	पश्चिम विहार	—	4.3	3.6	—	—	—	2.5	2.6	13.0
4.	वजीरपुर	5.0	7.8	7.5	—	2.0	—	2.5	6.2	31.0
5.	शालीमार बाग	—	4.0	2.0	—	—	—	2.0	2.0	10.0
6.	जहांगीर पुरी	—	6.9	7.8	—	2.0	—	2.5	4.8	24.0
7.	खैबर पास	—	4.7	2.0	—	2.0	—	2.5	2.8	14.0
8.	दिलशाद गार्डन	—	2.0	2.3	—	2.0	—	3.5	2.2	11.0
9.	पूर्वी यमुना नहर	—	3.0	4.01	—	—	—	2.5	2.4	12.0
10.	शाहदरा	—	3.2	2.0	—	—	—	2.0	1.8	9.0
11.	मयूर विहार	—	2.8	5.5	—	2.0	—	2.5	3.2	16.0
12.	रोहिणी	10.0	11.0	7.0	1.5	2.0	2.0	2.5	9.0	45.0
13.	कोल पुरी	—	4.9	4.4	1.0	2.0	2.0	2.5	4.2	21.0
14.	ओचंदी रोड	—	4.9	2.0	1.0	2.0	2.0	2.5	3.6	18.0
	उपयोग	25.0	71.6	59.9	3.5	20.00	6.0	34.0	55.0	275.0
	शहरी विस्तार	40.0	91.1	93.6	9.8	12.0	12.0	15.0	68.5	342.0
	(छह जिला केन्द्र) महायोग	65.0	162.7	153.5	13.3	32.0	18.0	49.0	123.5	617.0

सामुदायिक केन्द्र (सा. के.) :

दिल्ली शहरी क्षेत्र में 82 और शहरी एक्सटेंशन में 40 सामुदायिक केन्द्र हैं। विपणन की परम्परा के पैटर्न पर मार्ग-विपणन के रूप में सड़कों के किनारे शहरी एक्सटेंशन में सामुदायिक केन्द्रों के प्रसार किए जाने का प्रस्ताव है। वृक्षारोपण की तीन या चार पंक्तियों से विपणन को मुख्य मार्ग से अलग रखा जाएगा और रेखीय पार्किंग पट्टियों की व्यवस्था की जाएगी। इनमें से कुछ सामुदायिक केन्द्र समाकलित प्रकार के होंगे।

1961—81 की अवधि के दौरान सामुदायिक केन्द्रों की व्यवस्था मुख्य तौर से फुटकर बाजार, व्यावसायिक और व्यावसायिक कार्यालयों के लिए की गई थी। फल व सब्जी व सेवा एवं मरम्मत की दुकानों की आवश्यकताओं को भी समाकलित किया जाना चाहिए। शहरी एक्सटेंशन के सामुदायिक केन्द्र और जिनका दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 में विकास नहीं किया गया था उनका विकास समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निम्नलिखित तालिका में दिए गए मानदण्डों के आधार पर किया जाएगा :—

	योग	फुटकर एवं व्यावसायिक केन्द्र	एफल एवं सब्जी मार्किट	सेवा एवं मरम्मत केन्द्र
दिल्ली शहर क्षेत्र 81				
—भूमि प्रति 1000 व्यक्ति वर्ग मी. में	437	361	17	59
—औपचारिक दुकानें प्रति 1000 व्यक्ति	3.23	2.68	0.30	0.25
—अनौपचारिक दुकानें प्रति 1000 की आबादी पर	1.79	1.07	0.60	0 12
—अन्य उपयोग		सिनेमा, कार्यालय		पैट्रोल पम्प, विद्युत उप-केन्द्र कार्यालय
शहरी एक्सटेंशन				
—भूमि प्रति 1000 व्यक्ति वर्ग मी. में	542	453	22	67
—औपचारिक दुकाने प्रति 1000 व्यक्ति	3.65	2.95	0.40	0.30
—अनौपचारिक दुकाने प्रति 1000 व्यक्ति	2.13	1.18	0.80	0.15
—अन्य उपयोग		सिनेमा, कार्यालय, होटल		पैट्रोल पम्प, विद्युत उप-गैस-गोदाम

स्थानीय बाजार एवं सुविधाजनक बाजार

इन्हें भूमि उपयोग नक्शे पर अंकित नहीं किया गया है और उन्हें ले-आउट प्लानों में इंगित किया जाएगा और निम्नलिखित मानदण्डों पर विकसित किया जाएगा :—

(क) स्थानीय बाजार :

	योग	फुटकर एवं व्यावसायिक केन्द्र	फल एवं सब्जी मार्किट	सेवा एवं मरम्मत केन्द्र
दिल्ली शहरी क्षेत्र 81				
—भूमि प्रति 100 व्यक्ति		238 वर्ग मी.	183 वर्ग मी.	55 वर्ग मी.
—औपचारिक दुकाने प्रति 1000 व्यक्ति	3.36	2.41	0.30	0.65
—अनौपचारिक दुकाने प्रति 1000 व्यक्ति	1.88	0.96	0.60	0.32
—अन्य उपयोग		कार्यालय		विद्युत उप-केन्द्र
शहरी एक्सटेंशन				
—भूमि प्रति 1000 व्यक्ति		261 वर्ग मी.	195 वर्ग मी.	56 वर्ग मी.
—औपचारिक दुकाने प्रति 1000 व्यक्ति	3.70	2.45	0.40	0.85
—अनौपचारिक दुकानें प्रति 1000 व्यक्ति	2.20	0.98	0.80	0.42
—अन्य उपयोग		कार्यालय		

(ख) सुविधाजनक बाजार

	योग	फुटकर दुकानें	फल एवं सब्जी की दुकाने
दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 :			
—भूमि प्रति 1000 व्यक्ति		171 वर्ग मी.	171 वर्ग मी.
—औपचारिक दुकाने प्रति 1000 व्यक्ति	3.48	3.08	0.40
—अनौपचारिक दुकाने प्रति 1000 व्यक्ति	2.34	1.54	0.80
शहरी एक्सटेंशन			
—भूमि प्रति 1000 व्यक्ति		228 वर्ग मी.	228 वर्ग मी.
—औपचारिक दुकानें प्रति 1000 व्यक्ति	4.70	4.10	0.60
—अनौपचारिक दुकानें प्रति 1000 व्यक्ति	3.25	2.05	1.20

फल एवं सब्जी, सेवा एवं मरम्मत जैसी कम लेन-देन वाली दुकानों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पिछले दो दशकों में इनमें से अधिकांश अनधिकृत तरीके से बनी हैं। इस स्थिति को जारी रहने से रोकने के लिए इन दुकानों के लिए व्यावसायिक केन्द्रों में भूमि नियत की गई है और सेवा केन्द्रों के लिए दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 में भूमि उपयोग नक्शे में विशिष्ट क्षेत्रों का भी निर्धारण किया गया है।

थोक व्यापार :

दिल्ली में थोक मार्किटों में लगभग 24,600 थोक दुकानें और प्रतिष्ठान हैं। वस्तुओं का व्यापार करने वाली लगभग 12,000 दुकानों (प्रति 1000 जनसंख्या के पीछे 2.21 की दर से) की वास्तविक रूप से गणना की गई है। अधिकांश थोक मार्किट पुरानी दिल्ली के मध्य में घने बसे हुए भाग में स्थित है और उनकी स्थापना 19वीं शताब्दी के अंत में और 20वीं शताब्दी के पूर्व में हुई थी। माल के संचलन के सर्वेक्षण से प्रकट हुआ है कि कुल आने वाले यातायात (उप मार्ग वाले यातायात को छोड़कर) में से 25 प्रतिशत का गन्तव्य स्थल डिवीजन "ए" था।

थोक मार्किट 27 मुख्य वस्तुओं का व्यापार करती है। दुकानों की संख्या पर आधारित सबसे अधिक थोक व्यापार चांदनी चौक और माली-वाड़ा में कपड़े और कपड़े की वस्तुओं का होता है। इसके बाद कश्मीरी गेट क्षेत्र स्थित दुकानों में गाड़ियों के पुर्जों और मशीनरी का व्यापार होता है। क्रमवार अन्य थोक वस्तुएं हैं—फल एवं सब्जियां (आजादपुर मार्किट), हार्डवेयर और भवन निर्माण सामग्री (चावड़ी बाजार, श्रद्धानन्द मार्ग), कागज और स्टेशनरी (चावड़ी बाजार और नई सड़क), खाद्य-वस्तुएं (खारी बावली) और लोहा एवं इस्पात (नारायणा)।

आधुनिक थोक मार्किटों का विकास करने के लिए इनमें भाड़ा काम्प-लैक्सों का एकीकरण किया जाना चाहिए जहां पर बेहतर वातावरण में थोक व्यापार अधिक सफलतापूर्वक चल सके। समाकलित भाड़े-काम्प-लैक्स के मूल कार्य है :—

(1) क्षेत्रीय एंव अंतरा-शहरी भाड़े के संचलन हेतु सुविधाएं प्रदान करना।

(2) भाड़ा-प्रकार के अदला-बदली सहित मार्ग में भाड़े के लिए सुविधाएं प्रदान करना।

(3) भण्डारण एवं भंडार-सुविधाएं प्रदान करना और इन स्थलों को लोहा एवं इस्पात और भवन निर्माण सामग्री, हौजरी, प्लास्टिक, कपड़े और पी. बी. सी. स्वयंचालित मोटरों के पुर्जों व मशीनरी; फल एवं सब्जी जैसी विशिष्टिकृत मार्किटों से जोड़ना

(4) मोटर गाडियों की सफाई-धुलाई, रहन-सहन एवं खान-पान, खाली वाहनों के लिए पार्किंग, रेस्टोरेंटों और काम्पलैक्स से सम्बन्धित अन्य कार्यों की व्यवस्था करना।

समाकलित भाड़े-काम्पलैक्स क्षेत्रीय और महानगर स्तर पर कार्य करते हैं। मध्यम आकार वाली स्थानीय थोक मार्किटों को इन काम्पलैक्स से फुटकर बाजारों को वस्तुओं का वितरण करने की आवश्यकता होती है। इस प्रकार की स्थानीय मार्किटों को पूरे शहर में फैलाने की भी आवश्यकता है। इनमें पार्किंग, मरम्मत एवं सेवा सुविधाएं होनी चाहिए और या तो उन्हें व्यावसायिक केन्द्रों से मिलाया जा सकता है अथवा संचालन के कुछ चुने हुए जोड़ने वाले स्थानों अथवा सीमाओं पर अलग से व्यवस्था की जा सकती है।

दो स्तरों पर विकेन्द्रीकरण को प्रोत्साहन देने के लिए शहर के विभिन्न भागों में उचित स्थानों पर नयी थोक मार्किटों के विकास किए जाने की आवश्यकता है :—

(1) क्षेत्रीय वितरण, और

(2) क्षत्रीय व स्थानीय वितरण।

विद्यमान विकसित क्षेत्रों के मामले में, जो थोक मार्किट खतरनाक प्रकृति की हैं जैसे—प्लास्टिक एवं पी. बी. सी. का सामान, रसायन, लकड़ी व पेट्रोलियम एवं इसके उत्पाद—उन्हें इनके लिए विशिष्ट रूप से निर्धारित क्षेत्रों में स्थानान्तरित किया जाना चाहिए।

पुराने शहर में यातायात के सुगमतापूर्वक आवागमन के लिए थोक मार्किटों, सभी अनधिकृत अतिक्रमणों, सड़कों/सरकारी भूमि पर फैले प्रक्षेपों को हटाया जाना चाहिए और धीमे व तेज चलने वाले वाहनों को केवल सीमित प्रवेश करने हेतु व्यवस्था की जानी चाहिए। वर्तमान मार्किटों में थोक व्यापार के क्रियाकलाप के और विस्तार पर पूर्णतः रोक लगाई जाए।

नई मार्किटों के लिए विशिष्ट प्रस्ताव

(क) दिल्ली के मुख्य प्रवेश मार्गों पर भण्डारण एवं ट्रक टर्मिनलों की सुविधाओं सहित क्षत्रीय वितरण मार्किटों/क्षेत्रीय थोक व्यापार मार्किटों का विकास किए जाने का प्रस्ताव किया गया है जोकि नीचे दिया गया है।

(1) पूर्व में पटपड़गंज के निकट और लोनी रोड पर;

(2) दक्षिण में मदनपुर खादर के निकट;

(3) दक्षिण-पश्चिम में शहरी एक्सटेंशन में;

(4) उत्तर में शहरी एक्सटेंशन में।

विभिन्न स्थानों पर विभिन्न वस्तुओं के लिए आवश्यक भूमि का विभाजन नीचे दिया गया है।

क्रम सं. वस्तु	स्थान						
	पूर्व पटपड़गंज	दक्षिण लोनी रोड	दक्षिण मदनपुर खादर	पश्चिम शहरी एक्सटेंशन	नजफगढ़	उत्तर शहरी एक्सटेंशन	कुल क्षेत्र
(क) भण्डारण सहित मार्किट							
1. सूत एवं सूत के उत्पाद	9	—	28	26	—	7	70
2. स्वयं चालित मोटरों के पुर्जे व मशीनरी	13	—	—	11	—	20	44
3. फसल एवं सब्जी	—	20	9	24	—	—	53
4. हार्डवेयर व भवन निर्माण सामग्री	5	13	18	12	—	5	53
5. लोहा एवं इस्पात	5	—	10	5	—	5	25
6. खाद्यान्न	11	—	9	—	8	5	33
7. ई. लकड़ी	18	19	23 14	16	—	37 (समयपुर)	113
8. प्लास्टिक, चमड़ा व पी. वी. सी.	10	—	—	—	—	10	20
योग	71	52	97	94	8	89	411
(ख) ट्रक टर्मिनल	60	—	50	50	4	55	219
महायोग	131	52	147	144	12	144	630

थोक व्यापार में विकेन्द्रीयकरण लाने के लिए दिल्ली महानगरीय क्षेत्र के शहरों में विशेष रूप से विस्तृत स्थान वाली नई मार्किटें स्थापित होनी चाहिए जैसा नीचे दिया गया है :—

(1) गाजियाबाद	लोहा एवं इस्पात
(2) फरीदाबाद	मोटरों के पुर्जे व मशीनरी और लोहा एवं इस्पात
(3) गुड़गांव	मोटरों के पुर्जे व मशीनरी और भवन-निर्माण सामग्री
(4) कोंडली	फल एवं सब्जी, ई. लकड़ी और भवन निर्माण सामग्री
(5) लोनी	भवन निर्माण सामग्री और इमारती लकड़ी

दूसरे सेब की बड़ी थोक मार्किट हेतु अम्बाला/सहारनपुर उचित स्थान है।

(ख) क्षेत्रीय व स्थानीय वितरण मार्किट :

वस्तुतः दिल्ली एक महानगरीय शहर है किन्तु यह शहरों का एक समूह बन गया है। द्वितीय थोक मार्किटों के रूप में ग्यारह क्षेत्रीय व स्थानीय थोक मार्किटों का विकास करने की सिफारिश की गई है। ये मार्किटें मुख्यतः क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार उत्पादों के लिए होंगी जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दिया गया है।

वस्तु	थोक व्यापार की दुकानें	आवश्यक भूमि (हेक्टेयर)
1	2	3
1. कागज, स्टेशनरी व पुस्तकें	1317	7.30
2. जनरल मर्चेन्ट्स	1207	13.30
3. साईकिल, टायर एवं ट्यूब	917	5.00
4. इलैक्ट्रिकल	904	5.00
5. रसायन	815	12.00
6. रद्दी सामग्री	712	7.90
7. चमड़ा, लोम चर्म, खाल एवं ऊन	645	7.00
8. अन्य धातु के उत्पादन	598	9.90
9. अन्य खाद्य वस्तुएं	518	9.60
10. रेडियो टेप व उपकरण	466	2.50
11. सौंदर्य व श्रृंगार प्रसाधन की वस्तुएं	449	2.50
12. फर्नीचर एंव जुड़नार	413	6.00
13. सूखे मेवे व मसाले	330	5.80
14. क्राकरी व बर्तन	317	5.00
15. घड़ी व चश्में	154	0.80
16. दवाईयां	76	0.40
17. शल्य चिकित्सा सम्बन्धी व वैज्ञानिक उपकरण	62	0.60
18. अन्य वस्तुएं	618	0.40
योग	10513	107.00

क्षेत्रीय व स्थानीय मार्केटों का प्रस्ताव किया गया है जो निम्नवत है :—

(क) दिल्ली शहरी क्षेत्र 8।

(2001 में जनसंख्या 82 लाख)

पूर्व

(1) उप-केन्द्रीय व्यापार जिला (शाहदरा)

दक्षिण

(2) ओखला

पश्चिम

(3) रोहतक रोड जिला केन्द्र

(4) शिवाजी प्लेस जिला केन्द्र

उत्तर

(5) बजीरपुर जिला केन्द्र

(6) रोहिणी जिला केन्द्र

(ख) शहरी एक्सटेंशन

(40 लाख की जनसंख्या हेतु प्रत्येक 10 हैक्टेयर वाली 5 मार्किटें)

तेल और एल. पी. जी. गैस का भण्डारण

सघन रूप से बसे हुए क्षेत्र में स्थित होने के कारण शकूरबस्ती डिपो को लगभग 13 किलो मीटर दूर घेवरा और टीकरीकलां के बीच स्थानान्तरित किया जाना चाहिए जो पैट्रोल डीजल और एल. पी. जी. गैस के लिए मुख्य भण्डारण-स्थल होगा। जहां तक सम्भव हो वहां तक शकूरबस्ती के वर्तमान एल. पी. जी. संयंत्र को शीघ्र स्थानान्तरित किया जाना चाहिए।

बिजवासन जो कि दिल्ली हवाई अड्डे के निकट विद्यमान एक तेल टर्मिनल है उसे इस उद्देश्य हेतु पहले से आबंटित क्षेत्र में अन्तर्विष्ट किया जाना चाहिए। अधिक से अधिक इसे वर्तमान टर्मिनल और दिल्ली हवाई अड्डे की सीमा के बीच में पड़ी हुई भूमि को मिलाकर लगभग 8 हैक्टर तक प्रसार करने की अनुमति दी जाए। बिजवासन पेट्रोल के भण्डारण का प्रमुख डिपो होगा।

अगले दशक के आरम्भ अर्थात् 1991 में दिल्ली-अम्बाला रेलवे लाईन पर होलम्बी कलां के निकट तीसरे मुख्य तेल टर्मिनल स्थल का विकास किया जाना चाहिए। इस स्थल को 8 किलो मीटर की पाईप लिंक द्वारा वर्तमान तेल पाईप लाईन से जोड़ा जा सकता है। यह भण्डारण-डिपो मुख्य रूप से पैट्रोल और एल. पी. जी. के लिए होगा।

सड़क पर आधारित दो एल. पी. जी. डिपो पहला दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली में पूर्वी आगरा नहर के निकट सड़क सं. 13 पर और दूसरा उत्तर में सड़क सं. 50 के किनारे, का विकास किया जाना प्रस्तावित है। आगरा नहर स्थल का विकास तत्काल किया जा सकता है।

रेलवे साईडिंग की व्यवस्था करके बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन के साथ जुड़ा हुआ लगभग 10 हैक्टर क्षेत्र वाला स्थल केवल डीजल हेतु विकसित करना उचित होगा।

सरकारी कार्यालय

पिछले दो दशकों में 4.56 प्रतिशत की औसत वृद्धि की दर से दिल्ली में फिलहाल सार्वजनिक क्षेत्र का रोजगार 5.42 लाख (अर्थात् कुल श्रमबल का 27.92 प्रतिशत) है और नीचे इसका विभाजन किया गया है :—

	रोजगार (लाख में)	औसत वार्षिक वृद्धि दर (1961—81)
केन्द्रीय सरकार	2.26	2.77%
अर्द्ध-सरकारी	1.41	9.73%
दिल्ली प्रशासन	0.58	4.29%
स्थानीय निकाय	1.17	6.86%

अर्द्ध सरकारी रोजगार चौंकाने वाली दर से बढ़ रहा है। शहर में 24.8 प्रतिशत केन्द्रीय सरकारी प्रतिष्ठानों के मुख्य कार्यालय और 22.6 प्रतिशत सम्पर्क कार्यालय हैं। इसके साथ-साथ क्षेत्रीय थोक व्यापार दिल्ली में आने के लिए आकर्षित करने वाले मुख्य क्षेत्र हैं। पिछले दो दशकों के आकड़े संकेत देते हैं कि केन्द्रीय सरकार का रोजगार समस्त भारत की जनसंख्या (0.47 प्रतिशत) के नियम समानुपात में है हालांकि दिल्ली के भाग में केन्द्रीय सरकार के 1961 के रोजगार के कुल के 6.8 प्रतिशत से 1981 में 7.14 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

दिल्ली में केन्द्रीय सरकार के केवल ऐसे नये कार्यालय जो प्रत्यक्ष रूप से भारत सरकार के मंत्रालयों का कार्य करते हों और प्रतिष्ठानों के केवल सम्पर्क कार्यालय ही स्थापित किए जाने चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के हिस्से के रूप में क्षेत्रीय नगरों और काउन्टर मैगनेटसों में अर्द्ध सरकारी रोजगार को विवेकसम्मत रूप से वितरित करने की आवश्यकता है।

क्षेत्रीय स्तर और उप क्षेत्रीय स्तर पर संतुलित विकास करने के लिए केन्द्रीय सरकार और अर्द्ध सरकारी प्रतिष्ठानों में रोजगार को परिसीमित किया जाना चाहिए। 1981—2001 के बीच सार्वजनिक क्षेत्र में विकास दर का अनुमान लगाया गया है जो नीचे दिया गया है :—

	रोजगार (2001 लाख में)	औसत वार्षिक वृद्धि दर (1981—2001)
केन्द्रीय सरकार	3.16	2.67%
अर्द्ध-सरकारी	3.84	5.14%
दिल्ली प्रशासन	1.53	4.97%
स्थानीय निकाय	2.41	3.68%

दिल्ली में अर्द्ध सरकारी रोजगार हेतु कम वृद्धि दर प्रस्तावित करने के बावजूद भी इस क्षेत्र में कुल रोजगार 1995 के आसपास केन्द्रीय सरकार के रोजगार से आगे निकल जाएगा। वर्ष 2001 हेतु प्रस्तावित 3.16 लाख केन्द्रीय सरकार के रोजगार की व्यवस्था निम्नलिखित स्थानों पर रिंग रेलवे के साथ की गई है। इससे परिवहन प्रणाली को मदद मिलेगी और केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को काम पर जाने में सुविधापूर्वक यात्रा करने में भी मदद मिलेगी।

	क्षेत्र हैक्टर में	रोजगार
1. आई.एन.ए.	4.00	5,000
2. सफदरजंग रेलवे स्टेशन	54.00	67,875

सरकारी कार्यालयों के लिए साकेत में 20 हैक्टर क्षेत्र निर्धारित किया गया है जहां एक बड़े केन्द्रीय सरकार के आवासीय कालोनी का विकास किया गया है। जबकि केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों के लिए विशिष्ट स्थान का निर्धारण किया गया है पर अर्द्ध सरकारी कार्यालयों को व्यावसायिक

केन्द्रों अर्थात् सामुदायिक केन्द्रों, जिला केन्द्रों और केन्द्रीय व्यापार जिलों में स्थान दिया जाएगा।

दिल्ली प्रशासन के अधिकांश कार्यालय पुराने सचिवालय में स्थित हैं जो कि एक ऐतिहासिक इमारत है और उसका संरक्षण किया जाना चाहिए। पुराने सचिवालय के साथ लगे हुए बेरक क्षेत्रों का पुनर्विकास दिल्ली प्रशासन के अतिरिक्त कार्यालयों को स्थान देने के लिए किया जाएगा।

फिलहाल जिला अदालतें एक स्थान अर्थात् तीस हजारी में स्थित हैं। 4 और स्थानों पर जिला अदालतों को और सम्बद्ध दिल्ली प्रशासन और दि. वि. प्र. के कार्यालयों को स्थान देने के लिए भूमि निर्धारित की गई है।

(1) साकेत जिला केन्द्र के समीप	7 हेक्ट.
(2) उप केन्द्रीय व्यापार जिला शाहदरा के समीप	3 हेक्ट.
(3) बाह्य रिंग रोड और पश्चिमी यमुना नहर का जंक्शन	3 हेक्ट.
(4) दक्षिण-पश्चिम (श. ए.) में जिला केन्द्र के समीप	3 हेक्ट.

वस्तुतः स्थानीय निकायों के रोजगार और दिल्ली प्रशासन के रोजगार का मुख्य भाग सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक सुविधा वाले क्षेत्रों में स्थापित होगा। नगर निगम का नया मुख्यालय रामलीला मैदान के सामने सरकुलर रोड पर प्रस्तावित नगर केन्द्र के स्थान पर स्थापित किया जा सकता है।

परिवहन

दिल्ली पांच रेल लाईनों और नौ सड़कों को जोड़ने वाला स्थल है जिनमें से पांच राष्ट्रीय राजमार्ग हैं। जब तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के रिंग नगरों की संरचना करने के मजबूत उपाय नहीं किए जाते और क्षेत्रीय रेलवे और सड़क के संयोजन का विकास नहीं किया जाता जो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विकास हेतु वातावरण का सर्जन करेगा, तब तक वर्तमान परिवहन प्रणाली का अभिसरण दिल्ली में अव्यवस्थित स्थितियां उत्पन्न करेगा। महानगरीय क्षेत्र के भीतर दिल्ली शहरी क्षेत्र का ढांचा विशिष्ट स्थिति वाला है क्योंकि संघ राज्य-क्षेत्र के इर्द-गिर्द के नगरों के प्रक्रियाधीन अधिकांश कार्यक्रमों और विकास कार्यों का इस शहर पर गहरा प्रभाव पड़ता है। दूसरे, दिल्ली शहरी क्षेत्र के स्तर पर, अधिकांश केन्द्रीय व्यापार जिलों के आकार, विस्तार और कार्यों के कारण गम्भीर समस्या है जिन्हें विकेन्द्रीकृत करने की आवश्यकता है।

अंतरा-नगरीय यात्री आवागमन

अब तक दिल्ली में परिवहन नियोजना का उद्देश्य शहरी परिवहन योजना की क्षमता को बढ़ाकर मांग और पूर्ति के अंतर को कम करना रहा है जो पिछली प्रवृत्तियों के प्रक्षेपण से ग्रसित थी और जो स्वयंचलित यातायात के लिए सड़कों की बढ़ती हुई आपूर्ति की ओर तेजी से फैल रही थी। अधिकांश जनसंख्या की समस्याएं साईकिल और सार्वजनिक जन परिवहन प्रणाली, पुराने शहर में आवागमन और पूरे शहर में पैदल यात्रियों के आवागमन से सम्बन्धित हैं जिन्हें हल किया जाना है। शहर की परिवहन समस्याओं को हल करने के लिए स्वीकार्य दृष्टिकोण तकनीक और प्रौद्योगिकी दोनों में पर्यावरणीय रूप से और आर्थिक रूप से नवीन प्रक्रिया पर आधारित होने की आवश्यकता है।

सभी विकल्पों और चयनों की दृष्टि से परिवहन-ढांचे का पुनर्गठन एवं उसके क्रियाकलाप को पुनः संरचना करने की शहर को आवश्यकता है।

इस प्रकार परिवहन के लिए योजना के मूलभूत उद्देश्य हैं :

(क) विश्वसनीय, सफल एवं आकर्षक बहु-मॉडल जल परिवहन-प्रणाली की स्थापना करना;

(ख) साईकिलों के सुरक्षित उपयोग हेतु स्थितियां उत्पन्न करना;

(ग) स्वयंचालित यातायात के लिए यथोचित स्वतंत्रता की व्यवस्था करना;

(घ) सुरक्षित पैदल यात्री-आवागमन की व्यवस्था करना; और

(च) नाजुक क्षेत्रों की समस्याओं को हल करने के लिए नवीन प्रबन्ध तकनीक को प्रोत्साहन देना।

पिछले दो दशकों के दौरान मॉडल-विभाजन में पर्याप्त परिवर्तन हुआ है। 1957 से भाड़े की बसों को मिलाकर सार्वजनिक परिवहन द्वारा मॉडल ट्रिपों में 24.26 से 59.70 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। निस्संदेह दिल्ली परिवहन निगम (दि० प० नि०) की बसें प्रमुख सार्वजनिक परिवहन की प्रणाली हैं। 1969 के 0.466 प्रति व्यक्ति मॉडल ट्रिपों से 1981 में 0.722 तक की वृद्धि हुई है। वर्ष 2001 हेतु ट्रिपों का प्रक्षेपण है :—

कुल व्यक्ति ट्रिप्स	186.40 लाख
चाल-ट्रिप्स	69.77 लाख
यानीय ट्रिप्स	116.63 लाख

प्रस्तावित बहु-मॉडल परिवहन प्रणाली

पुरानी दिल्ली, नई दिल्ली और नई विकास योजनाओं जैसे वर्तमान शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध भौतिक रूपों को ध्यान में रखते हुए यह कहना तर्कसंगत होगा कि परिवहन का अकेला तरीका प्रभावी रूप से शहर की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता। तदनुसार शहर के समग्र ढांचे के लिए उचित बहुप्रकारीय प्रणाली निकालना और फिर उसे विभिन्न उप-संरचनाओं के साथ जोड़ना प्रस्तावित है। विद्यमान शहरी क्षेत्रों के लिए कुछ चुने हुए गलियारों पर विद्युतीकृत रिंग रेल, बस परिवहन और हल्के रेल परिवहन चलाने पर विचार किया गया है।

रिंग रेल

विद्युतीकरण से पूर्व 1981 में रिंग रेल प्रतिदिन 9,000 यात्रियों को ले जाती थी। 1982 में एशियाई खेलों के दौरान इसका विद्युतीकरण किया गया था परन्तु विद्युत् बहु एकक यूनिटों के प्रारम्भ होने के बाद वस्तुतः यात्री-आवागमन में कमी आई है। रिंग रेल द्वारा कम यात्री ले जाने के कई कारण हो सकते हैं परन्तु इसका एक कारण रिंग के साथ लगने वाले क्षेत्र में आलोचनात्मक भूमि उपयोग है।

मुख्यतः निम्नलिखित क्षेत्रों में रिंग रेल के साथ भूमि उपयोगों का पुनर्गठन किए जाने की आवश्यकता है।

(1) आनन्द पर्वत
(2) आई. एन. ए. कालोनी
(3) पूसा संस्थान
(4) कीर्ति नगर

हल्का रेल परिवहन (ह. रे. प.)

अंतरा-शहरी यात्री आवागमन के लिए अन्य प्रस्तावित तरीका हल्की रेल है जो प्रति घंटे 20,000 यात्रियों तक ले जाने की क्षमता रखती है। भूमिगत तीव्र-परिवहन की तुलना में यह एक मध्यम क्षमता वाली यात्री परिवहन प्रणाली है पर इसका लागत-सूचांक लगभग 1/10 है। यह अकेले अथवा गाड़ियों में चलने वाले रेल यानों को बिजली से आगे बढ़ाती है। हल्की रेल-परिवहन को रेल प्रौद्योगिकी की अद्वितीय विशेषता से लाभ होता है; यद्यपि वह मार्ग निर्देशित है तथापि वह ग्रेड क्रासिंग रख सकती है और इसे गलियारे में भी चलाया जा सकता है। हल्के रेल परिवहन में एक ही मार्ग पर सभी प्रकार के मार्गाधिकारों को शेयर करने और उपयोग करने की क्षमता है और इससे निर्देशित प्रौद्योगिकी, उच्च क्षमता, उच्च श्रम-उत्पादकता और आरामदायक सवारी का लाभ भी है। इसकी कम शोर बाहर निकलने वाले धुएं का अभाव और बेहतर सुरक्षा रिकार्ड जैसी निष्पादन-विशेषताएं बसों की अपेक्षा पैदल-वातावरण को हल्का रेल परिवहन अधिक अनुकूल बनाता है। हल्की रेल प्रणाली बस प्रणाली का एक विकल्प है जहां उच्च क्षमता वाले आवागमन की आवश्यकता होती है। वर्ष 2001 तक वर्तमान शहरी क्षेत्र और शहरी

एक्सटेंशन में लगभग 200 किलो मीटर हल्की रेल-पटरी की आवश्यकता होगी । सिफारिश किए गए मुख्य गलियारे हैं :—

(क) विवेक विहार से विकास मार्ग, आई. टी. ओ., पंचकुंइया रोड, पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, पटेल रोड़ होते हुए नजफगढ़ तक ।

न्यू रोहतक रोड के साथ-साथ फैज रोड से जखीरा तक और पंचकुंइया रोड़, लिंक रोड़, पूसा रोड़, पटेल रोड़ और रिंग रोड़ को जोड़ने वाले गलियारों में योजना अवधि के अंतिम भाग में आवागमन की बहुत अधिक प्रबलता होगी और इस भाग में भूमिगत द्रुत परिवहन प्रणाली की व्यवस्था करने हेतु अध्ययन किया जाए ।

(ख) महरौली-बदरपुर रोड से जी. टी. रोड (नई सब्जी मंडी) से होकर लालबहादुर शास्त्री मार्ग, मथुरा रोड़, प्रदर्शनी मैदान, रिंग रोड, अ.रा.ब. अड्डा, शाम नाथ मार्ग और माल रोड ।

(ग) नजफगढ़ से जेल रोड और स्टेशन रोड होकर धौला कुंआ तक ।

(घ) पालम हवाई अड्डे से गुड़गांव रोड, धौला कुंआ, एस. पी. मार्ग, फैज रोड और राजपुर रोड होकर खैबर पास ।

(च) दिलशाद गार्डन से पूर्वी यमुना नहर, अ.रा.ब. अड्डे के नये पुल, माल रोड और रोहिणी को जाने वाली सड़क सं. 41 से होकर रोहिणी तक ।

ट्राम

चार दीवारी के शहर के केन्द्रीय सघन क्षेत्र के लिए चुने हुए स्थानों अर्थात् चांदनी चौक, एस्प्लेन्ड रोड, चावड़ी बाजार और आसफ अली रोड (10 कि. मी.) पर ट्राम को पुनः चलाने की सिफारिश की जाती है । इस क्षेत्र में ट्रामों को परिवहन के निजी साधनों के प्रयोग पर रोक लगाकर और गाड़ी बदलने के स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था करके चालू किया जाएगा । यह क्षेत्र के पुनर्जीवन और उसकी पर्यावरणीय कोटि में सुधार लाने के लिए आवश्यक होगा । ट्राम का चलन निम्नलिखित बातों पर आधारित होगा :

(क) चार दीवारी के शहर की विभिन्न सड़कों पर यातायात की विशेषताएं धीमी गति पर यातायात के निरंतर प्रवाह को प्रदर्शित करती हों । इन विशेषताओं के अनुकूल उच्च क्षमता और धीमी गति वाली विधि अर्थात् अधिक बारम्बारता वाली ट्रामें उपयोगी सिद्ध होंगी ।

(ख) स्थिर पटरी पर होने के कारण ट्राम बसों की अपेक्षा अधिक बारम्बारता को बनाए रख सकती है क्योंकि दो गाड़ियों के बीच गति को कम किया जा सकता है ।

(ग) आधुनिक ट्रामें अधिकांशतः शोर-प्रदूषण मुक्त हैं ।

(घ) ट्रामें प्रति घण्टे 10,000 व्यक्तियों को ले जा सकती हैं ।

बस

विद्यमान बस परिवहन प्रणाली के वर्तमान रूट-पैटर्न का पुनर्गठन किया जाना अपेक्षित है क्योंकि वह परिधीय सड़कों की अपेक्षा केन्द्रीय क्षेत्र पर अधिक केन्द्रित है । इसी समय रिंग रेल को प्रभावपूर्ण बनाने के लिए वर्तमान रिंग रोड से बस परिवहन का जोर कम किया जाना चाहिए। इसके लिए प्रदायक सेवा की योजना बनाने और चालू करने की आवश्यकता होगी जो रिंग रेल को आवासीय क्षेत्रों से जोड़ेगी । दिल्ली के वर्तमान सड़क-जाल पर दिल्ली परिवहन निगम द्वारा चलाई जा रही सार्वजनिक परिवहन की बसों में अतिरिक्त वृद्धि करना, वाहनसंचलन के लिए उनकी सेवा का स्तर सुधारना जहां इसकी आवश्यकता हो और प्राथमिकता के आधार पर हल्की रेल जैसी उच्च क्षमता वाली प्रणाली को प्रारम्भ करने की आवश्यकता है ।

साईकिल

साईकिलों की समस्या को हल करने के लिए सुरक्षित वातावरण की व्यवस्था करने हेतु कई उपाय हैं, (1) वर्तमान सड़क के भागों को समायोजित करके और 'नालों' का उपयोग करके पूर्णतः पृथक साईकिल मार्गों की व्यवस्था करना । साईकिल मार्ग ट्रिप-उत्पादन और आकर्षण क्षेत्रों को अंतर्योजित करते हैं । (2) यातायात के गलियारों के साथ-साथ आंशिक रूप से पृथक साईकिल मार्गों का प्रस्ताव किया गया है जहां वर्तमान भौतिक स्थितियां कठिनाईयां उत्पन्न करती हों । (3) चार दीवारी के शहर, सदर बाजार और करौल बाग जैसे अन्य विद्यमान क्षेत्रों में साईकिल-आवागमन के लिए स्थितियों में यातायात-प्रबन्ध के उपायों द्वारा सुधार किया जा सकता है ।

प्रस्तावित किए गए चार मुख्य साईकिल-मार्ग हैं :—

(क) महरौली-बदरपुर रोड से आई. टी. ओ. तक (चिराग दिल्ली नाले और मथुरा रोड से होकर)

मार्ग की लम्बाई—लगभग 13 किलो मी.

(ख) जी. टी. रोड (शाहदरा) से विकास मार्ग तक (पूर्वी मार्जिनल बांध के साथ)

मार्ग की लम्बाई—लगभग 5 किलो मी.

(ग-1) प्रीत विहार से विकास मार्ग (आई. टी. ओ.) होकर कनाट प्लेस तक

मार्ग की लम्बाई—लगभग 10 किलो मी.

(ग-2) पश्चिम पुरी/विकास पुरी से नजफगढ़ नाले, पटेल रोड, राजेन्द्र प्लेस, पूसा रोड और पंचकुंइया रोड से होकर कनाट प्लेस तक ।

मार्ग की लम्बाई—लगभग 16 किलो मी.

(घ) शाहदरा से चांदनी चौक तक (जी. टी. रोड और पुराने यमुना पुल के साथ-साथ)

मार्ग की लम्बाई—लगभग 5 किलो मी.

रूपात्मक विभाजन

12 मिलियन ट्रिप लगाने के लिए दिल्ली-2001 हेतु ढांचा रूपात्मक विभाजन पर आधारित है जैसा कि नीचे दिया गया है :—

प्रकार	रूपात्मक विभाजन
रेल	8.57%
बस/ट्राम/हल्की रेल	65.97%
व्यक्तिगत तीव्र प्रकार	12.26%
किराए पर लिए गए द्रुतगामी प्रकार	3.27%
किराए पर लिए गए धीमी गति वाले प्रकार	0.65%
साईकिल	9.28%

अंतर-शहरी यात्री आवागमन

रेल

दिल्ली महानगरीय शहर में तीन रेल टर्मिनल रेल द्वारा शहर से बाहर जाने वाले लगभग 78 हजार यात्रियों के लिए व्यवस्था करते है जिसका विभाजन निम्न प्रकार है :—

दिल्ली जंक्शन	50,000
ई दिल्ली	25,000
निजामुद्दीन	3,000

सभी 33 स्टेशनों पर दैनिक यात्रियों सहित कुल आने और जाने वाले यात्रियों की संख्या लगभग 3,62,000 है, जिनके लिए व्यवस्था की जाती है (1,92,000 दैनिक यात्री और 1,70,000 लम्बी और कम दूरी वाले यात्री) 261 गाड़ियों (137 लम्बी दूरी और 124 कम दूरी) अर्थात् राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्दर वाली गाड़ियों से आते-जाते हैं। दिल्ली में अंतः शहरी यात्री आवागमन लगभग 4 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रहा है। 2001 हेतु प्रक्षेपण इस प्रकार है :—

प्रतिदिन आने-जाने वाले यात्री (1981 का 185%)	672,000
दैनिक यात्री	354,000
लम्बी और कम दूरी वाले यात्री	318,000
कुल गाड़ियां	480

उपर्युक्त यात्री-आवागमन की व्यवस्था करते सहित दिल्ली महानगर क्षेत्र की आवश्यकता के लिए चार महानगरीय यात्री टर्मिनलों का प्रस्ताव है।

(1) यमुना-पार क्षेत्र—पूर्व में यमुना नदी के पार केन्द्रित जनसंख्या की आवश्यकता पूरी करने हेतु। इससे उ. प्र. में नोएडा के भाग में आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। इस क्षेत्र की जनसंख्या एक मिलियन है जिसके 2001 में लगभग 1.7 मिलियन हो जाने का अनुमान है।

(2) ओखला-दक्षिणी दिल्ली की आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु। यमुना-पुल के ऊपर से गुजरने वाली नोएडा को मिलाने वाली लिंक-सड़क के पूरा हो जाने के बाद इससे उ. प्र. में नोएडा के शेष भाग की आवश्यकताओं की भी पूर्ति होगी।

(3) अरस्थल-दक्षिणी दिल्ली और प्रस्तावित शहरी एक्सटेंशन के भाग की आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु।

(4) उत्तरी दिल्ली—प्रस्तावित शहरी एक्सटेंशन के भाग की आवश्यकता की पूर्ति हेतु।

पहले दिल्ली मुख्य रेलवे स्टेशन सहित नई दिल्ली के लिए दूसरे प्रवेश द्वार का प्रस्ताव किया गया था। दिल्ली मुख्य रेलवे स्टेशन के मामले में कुछ कठिनाईयों के कारण इसे कार्यान्वित नहीं किया जा सका। अध्ययन के पश्चात् अब ज्ञात हुआ है कि दिल्ली मुख्य रेलवे स्टेशन को अन्तर्राज्यीय बस अड्डे से मिलाकर समाकलित सड़क व रेल टर्मिनल बनाकर इसे बनाना सम्भव है। दिल्ली इंजीनियरिंग कालेज के स्थानांतरण से उपलब्ध हुई भूमि का उपयोग करके यह सम्भव होगा।

बस

अन्तर्राज्यीय बस आवागमन हेतु प्रक्षेपण निम्नलिखित हैं :—

यात्री (दोनों ओर)	7,25,000
बस (दोनों ओर)	14,000

आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए चार नये अन्तर्राज्यीय बस अड्डे विकसित किए जाने चाहिए जो महानगरीय रेलवे टर्मिनलों के भीतर 10 हैक्ट. वाले होंगे। इसके अतिरिक्त धौला कुंआ में एक विशिष्ट बस टर्मिनल का विकास किया जाना चाहिए।

वायु

वायु परिवहन नीति सम्बन्धी समिति पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार निम्नलिखित दरों पर भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने अन्तर्राष्ट्रीय हवाई यात्रियों और जहाजी माल, घरेलू हवाई यात्रियों और जहाजी माल के लिए परियोजना बनाई है।

	वार्षिक वृद्धि दर	2001
अन्तर्राष्ट्रीय यात्री	12.00%	1.63 (लाख)
घरेलू यात्री	12.00%	191 (लाख)
अन्तर्राष्ट्रीय जहाजी-माल	15.00%	6.4 (टन)
घरेलू जहाजी-माल	12.50%	7.9 (टन)

भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने वर्ष 2001 के परिप्रेक्ष्य में पालम हवाई अड्डे के विस्तार करने की योजनायें निकाली हैं। अन्तर्राष्ट्रीय विमान पत्तन के लिए लगभग 2260 हैक्टेयर भूमि का निर्धारण किया गया है। शीघ्र आवागमन करने के लिए जाल की व्यवस्था करके अन्तर्राष्ट्रीय विमान पत्तन को शहर के अन्य भागों और शहरी एक्सटेंशन से जोड़ा गया है।

माल-आवागमन

दिल्ली महानगरीय क्षेत्र में व्यावसायिक एवं औद्योगिक क्रियाकलापों में वृद्धि होने के कारण शहरी क्षेत्र के भीतर और उसके बाहर माल का आवागमन अत्यन्त गम्भीर और विकट हो गया है। दिल्ली से जाने वाले और आने वाले सकल वार्षिक भाड़े के आवागमन का लगभग 20 प्रतिशत रेल द्वारा और 80 प्रतिशत सड़क द्वारा होता है। राष्ट्रीय स्तर पर भाड़े का 81.2 प्रतिशत रेल द्वारा और 17.8 प्रतिशत सड़क द्वारा होता है।

रेल द्वारा माल-आवागमन

(1) दिल्ली में आने वाले माल से लदे हुए डिब्बों की सप्ताह के एक दिन की औसत 1,000 से 1,050 है और दिल्ली महानगर क्षेत्र से लगभग 150 माल से लदे हुए डिब्बे बाहर जाते हैं। इस क्षेत्र में रेल द्वारा पहुंचाए गए कुल माल के 25,000 टन प्रतिदिन होने का अनुमान है।

(2) यह सिद्ध हुआ है कि रेलवे स्टेशनों के माल का 60 प्रतिशत का गन्तव्य-स्थल पुराना शहर और इसके एक्सटेंशन अर्थात् सदर बाजार, मोतिया खान, झण्डेवालान आदि हैं। फिलहाल माल जिन स्थानों पर उतरता है, वे नीचे दिए गए हैं :—

लोहा एवं इस्पात	तुगलकाबाद और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन
खाद्यान्न	सब्जी मण्डी, लाहौरी गेट, नई दिल्ली एवं दिल्ली छावनी रेलवे स्टेशन,
कोयला	तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन
फल एवं सब्जी	नई सब्जी मण्डी, आजाद पुर रेलवे स्टेशन
औद्योगिक कच्चा माल	नई दिल्ली रेलवे स्टेशन
ईंधन	शकूर बस्ती रेलवे स्टेशन
सीमेंट	सफदरजंग और शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन

इससे स्पष्ट है कि अब भी कुछ माल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उतरता है। रिंग रेल जो इस समय आंशिक रूप से माल लाने-ले जाने की लाईन के रूप में प्रयोग की जा रही है, भूमि उपयोग की पुनर्स्थापना के बाद वह उसे वर्ष 2001 तक पूर्णतः यात्रियों के आवागमन के लिए प्रयोग की जाएगी। माल-आवागमन हेतु वर्तमान शहरीकरण योग्य सीमाओं से बाहर और संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली से बाहर रेल द्वारा माल-आवागमन की आवश्यकता पूरी करने के लिए दिल्ली-मथुरा रेलवे लाईन को दिल्ली-पंजाब रेलवे लाईन से जोड़ने वाली वैकल्पिक लाईन की आवश्यकता होगी।

सड़क द्वारा माल-आवागमन :

सप्ताह के एक दिन की औसत से 17,500 ट्रक (जिनमें से दो-तिहाई लदे हुए और एक-तिहाई खाली हुए) दिल्ली में आते हैं अथवा जाते हैं। लदे हुए आने वाले ट्रकों में से 25% (लगभग 1650 ट्रक) ट्रक शहर से बाहर-बाहर होकर बाहर जाते है। कुल ट्रकों में से लगभग 50 प्रतिशत ट्रक दो स्थानों अर्थात् राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 2 (बदरपुर चुंगी-चौकी) और राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 24 (शाहदरा चुंगी-चौकी) से गुजरते हैं।

सप्ताह के एक दिन की औसत से विभिन्न राजमार्गों पर आने वाले ट्रकों का आवागमन नीचे दिया गया है :—

राजमार्ग	रैंक	आने वाले ट्रकों की संख्या	कुल आवक प्रवाह का %
राष्ट्रीय राजमार्ग-2	1	1400	21.0
राष्ट्रीय राजमार्ग-24	2	1332	20.00
राष्ट्रीय राजमार्ग-8	3	866	13.00
राष्ट्रीय राजमार्ग-1	4	833	12.50
राष्ट्रीय राजमार्ग-10	5	466	7.00
लोनी-सहारनपुर रोड	6	433	6.50
राष्ट्रीय राजमार्गों के अतिरिक्त अन्य मुख्य सड़कें	—	1332	20.00

सर्वेक्षण-निष्कर्षों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि आवक माल के 50% से अधिक का माल पुनः दिल्ली से बाहर जा रहा है। इससे मूल समस्या उत्पन्न हुई है क्योंकि बाहर के विभिन्न गन्तव्य-स्थलों को माल बाहर भेजने के लिए माल का लदान पुनः किया जाता है।

माल-आवागमन हेतु प्रक्षेपण

रेल और सड़क द्वारा माल-आवागमन हेतु प्रक्षेपण निकाले गए हैं जो निम्न है :—

1. रेल	1981	2001
3% विकास-दर और दो दिन के संचय की दर से प्रक्षेपित माल-डिब्बों की संख्या जिसके अनुकूल सुविधाएं नियोजित की जाएं	2100	5700
2. सड़क	1981	2001
प्रतिदिन दिल्ली शहरी क्षेत्र में आने वाले लदे हुए वाहन और जाने वाले वाहन	11965	43194
प्रतिदिन दिल्ली शहरी क्षेत्र में आने वाले खाली वाहन और जाने वाले वाहन	5627	20311
योग	17592	63505

समाकलित भाड़ा-काम्पलैक्स

सड़क और रेल द्वारा माल-आवागमन के समाकलन के लिए भाड़ा-काम्पलैक्सों की सिफारिश की गई है। इनमें थोक मार्किट, गोदाम, सड़क (ट्रक) और रेल परिवहन टर्मिनल होंगे ताकि विकास क्षेत्रों में भारी वाहनों के आवागमन को कम किया जा सके। (व्यापार और वाणिज्य के अन्तर्गत थोक मार्किटों के अध्याय को भी देखें)।

भाड़े-काम्पलैक्स उन स्थानों पर स्थापित किए जाने चाहिए जहां वे दिल्ली में आने वाले अधिकतम गन्तव्य क्षेत्रीय माल यातायात को बीच में रोक सकें। इसे ध्यान में रखते हुए भाड़े-काम्पलैक्सों के स्थल निम्नलिखित रखे गए हैं :

मदनपुर खादर	(राष्ट्रीय राजमार्ग-2)
पटपड़गंज	(राष्ट्रीय राजमार्ग-24)
लोनी रोड़	(राष्ट्रीय राजमार्ग-24)
जी.टी. रोड	(राष्ट्रीय राजमार्ग-1)
भरतल	(राष्ट्रीय राजमार्ग-8)

मध्य शहरी क्षेत्रों में सघनता को कम करने के लिए यह अनिवार्य है कि अगले दो दशकों में निर्दिष्ट भाड़े-काम्पलैक्सों का विकास किया जाए।

शुष्क बंदरगाह

उत्तरी क्षेत्र में शुष्क बंदरगाह स्थापित करने का प्रस्ताव है। काफी समय से इस पर सरकार द्वारा विचार किया जाता रहा है। इस प्रकार के क्रियाकलाप से व्यापक सम्पर्क स्थापित होगा और इस प्रकार इससे बड़ी संख्या में रोजगार के लिए स्थितियों का सर्जन हो सकेगा और शहरी क्षेत्र के भीतर तथा इसके इर्द-गिर्द अधिक यातायात बढ़ेगा। इस क्रियाकलाप-केन्द्र को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली में अधिक उपयुक्त रूप से स्थापित किया जा सकता है। प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए इसको इसके क्षेत्र में खुर्जा, पलवल, रेवाड़ी और सोनीपत को जोड़ने वाली एक नई रेल लिंक की आवश्यकता होगी।

महानगरीय परिवहन प्राधिकरण

महानगरीय शहरों की परिवहन की समस्याएं अनन्य हैं। यह अनुभव रहा है कि नियोजन, विकास और प्रबंधन करने के लिए बहु-मॉडल महानगरीय परिवहन प्रणाली एक प्राधिकरण के अधीन रहनी चाहिए। तर्कसंगत रूपरेखाओं पर दिल्ली की बहु-मॉडल काम्पलैक्स परिवहन प्रणाली का संचालन करने के लिए राष्ट्रीय परिवहन नीति समिति द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार दिल्ली को एक एकीकृत एकल परिवहन प्राधिकरण की आवश्यकता है।

आधारिक संरचना : भौतिक

इस भाग में जिन पहलुओं पर विचार किया गया है, वे हैं—(ए) जल-आपूर्ति, (बी) सीवरेज, (सी) पावर (डी) ठोस कूड़ा-करकट व्यवस्था और (ई) जल-निकास एवं जल मार्ग बनाना।

किसी भी बस्ती का जीवन स्तर उसमें उपलब्ध आधारिक संरचना की प्राप्यता, सुगमता और गुणवत्ता पर बहुत अधिक निर्भर होता है। जनसंख्या के द्रुत विकास के लिए जल, पावर, सीवरेज, जल-निकास और ठोस कूड़ा-करकट प्रबंध के संवर्धन की आवश्यकता होती है। कार्यों की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करते हुए आधारिक संरचना की समस्याएं महानगरीय जीवन में संकट का कारण बन सकती हैं। सीवरेज और ठोस कूड़ा-करकट-प्रबंध तुलनात्मक रूप से आंतरिक मामले हैं किन्तु जल-आपूर्ति और पावर सहित जल-निकास अन्तर्राज्यीय मामले हैं। मांग को कम करने के लिए जनसंख्या के विस्तार पर पर्याप्त प्रतिबंध लगाने के लिए पहले ही जोर दिया गया है। भौतिक आधारिक संरचना की पर्याप्त व्यवस्था हेतु शीघ्र अग्रिम कार्यवाही और प्रबन्ध करने के न्यूनतम प्रयास करने की आवश्यकता होगी।

जल-आपूर्ति, सीवरेज, पावर और ठोस कूड़े करकट की वर्तमान प्राप्यता और प्रक्षेपित आवश्यकता को निम्नलिखित तालिका में निर्दिष्ट किया गया है :—

	जल एम. जी. डी. में	*सीवरेज एम. जी. डी.	पावर एम. डब्ल्यू.	ठोस कूड़ा-करकट टनों में प्रतिदिन
1981 हेतु				
पूर्व निर्धारित लक्ष्य	250	200	558	2300
वर्तमान आवश्यकता	496	397	650	2568
वर्तमान उपलब्धता	303	118	—	2058
प्रक्षेपण-2001	1127	902	2500	6735

* मिलियन गैलन प्रतिदिन।

दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 और इसके शहरी एक्सटेंशन में भौतिक आधारिक संरचना की अतिरिक्त आवश्यकता इस प्रकार होगी जो नीचे दी गई है :

आधारिक संरचना	अतिरिक्त आवश्यकता	दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 में	संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली में
जल-आपूर्ति			
एम. जी. डी. में	671	366	305
सीवरेज			
एम. जी. डी. में	661 (यदि जल की आपूर्ति 80 जी. सी. डी.* की दर की जाए)	417	244
पावर			
एम डब्ल्यू में	1800	800	1000
ठोस कूड़ा-करकट प्रबन्ध, टन में प्रतिदिन	4200	2200	2000

*गैलन प्रति व्यक्ति प्रतिदिन

अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 में वर्तमान आधारिक संरचना की पूर्ण पुनः संरचना करने की आवश्यकता होगी, जैसा कि उपर्युक्त तालिका में दिया गया है ।

जल :

दिल्ली को कच्चे पानी के लिए यमुना नदी पर निर्भर रहना पड़ता है यद्यपि जल की आंशिक पूर्ति यमुना पार क्षेत्र में गंगा नदी से की जा रही है । उ.प्र. में टिहरी बांध और हिमाचल प्रदेश में लखवार और गिरी बांध के पूरे हो जाने पर 2001 तक दिल्ली के मुख्य भाग के लिए जल की आवश्यकताओं की व्यवस्था कर सकेंगे । शेष की पूर्ति दिल्ली के धोवन जल का विनिमय हरियाणा को करके की जा सकेगी ।

671 एम. जी. डी. की अतिरिक्त जल-आपूर्ति की व्यवस्था करने के लिए वर्तमान जल शोधक संयंत्रों को बढ़ाने और वर्ष 2001 तक उत्तर-पश्चिम में नये जल-शोधक-संयंत्र का निर्माण करने की भी आवश्यकता होगी जैसा कि तालिका में नीचे दिया गया है :

जल शोधक संयंत्र	वर्तमान क्षमता एम. जी. डी. में 1981	संस्तुत क्षमता एम. जी. डी. में 1985	संस्तुत क्षमता एम. जी. डी. में 2001
चंद्रावल 1 व 2	90	90	150
वजीराबाद	80	80	150
हैदरपुर 1 व 2	50	100	150
शाहदरा	—	100	200
उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में नये संयंत्र	—	—	300
ओखला	6	—	—
रैनी कुएं	20	61	67
स्थानीय नलकूप	7	7	7
योग	253	438	1024

363 लिटर (80 गैलन) प्रति व्यक्ति प्रति दिन की दर से जल-आपूर्ति की आवश्यकता निकाली गई है जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

	खपत एल. टी. सी. डी.* में
(1) घरेलू	225
(2) औद्योगिक, व्यावसायिक एवं सामुदायिक आवश्यकता	45.000 एल. टी. एच. ए. डी.** पर आधारित 47
(3) अग्नि-सुरक्षा	कुल मांग के 1% पर आधारित 4
(4) उद्यान	67.000 एल. टी. एच. ए. डी. पर आधारित 35
(5) अस्थायी आवास और दूतावास तथा बड़े होटल जैसे विशेष उपयोग	52

*लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन

**लिटर प्रति हेक्टेयर प्रतिदिन

किसी भी आवासीय क्षेत्र में न्यूनतम जल-आपूर्ति 135 लिटर (30 गैलन) प्रति व्यक्ति प्रतिदिन होगी ।

सीवरेज

पर्यावरण-प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ स्वस्थ जीवन स्थितियों को बनाए रखने के लिए सीवरेज का शोधन करना अनिवार्य होता है । यह नोट किया गया है कि दिल्ली में सीवरेज प्रणाली की वर्तमान क्षमता काफी कम है क्योंकि लगभग 70% वर्तमान जनसंख्या का नियमित म्युनिसिपल सीवरेज उपलब्ध नहीं है । यमुना नदी में बढ़ता हुआ प्रदूषण भी सीवरेज शोधक सुविधाओं के अभाव का एक मुख्य संकेतक है । एक उत्तरी और दूसरा पश्चिमी दिल्ली में 125 एम. जी. डी. क्षमता वाले दो नये सीवरेज शोधक संयंत्र बनाने के साथ-साथ वर्तमान शोधक संयंत्रों की क्षमता बढ़ाकर 2001 में दिल्ली में तरल कूड़ा-करकट की व्यवस्था की जा सकेगी, जैसा कि नीचे दिया गया है :—

सीवरेज शोधक संयंत्र	वर्तमान क्षमता एम.जी.डी. में 1981	संस्तुत क्षमता एम.जी.डी. में 1985	संस्तुत क्षमता एम.जी.डी. में 2001
ओखला	66	128	150
केशोपुर	32	70	170
कोरोनेशन	20	20	20
रिठाला	—	75	150
शाहदरा	—	60	160
उत्तरी दिल्ली में नया संयंत्र	—	—	125
पश्चिमी दिल्ली में नया संयंत्र	—	—	125
योग	118	353	900

जिन क्षेत्रों में तत्काल नियमित सीवरेज उपलब्ध नहीं है उनमें पृथक पृथक परिवार के लिए कम लागत की सफाई प्रणाली को कम दूरी की व्यवस्था के रूप में अपनाया जाना चाहिए । क्षेत्र को इस प्रकार से नियोजित किया जाना चाहिए कि उनमें लम्बी दूरी वाली नियमित सीवरेज की व्यवस्था की जा सके ।

पावर :

वर्ष 2001 में दिल्ली की पावर की आवश्यकता 2500 मेगावाट (एम. डब्ल्यू.) होने का अनुमान है। बढ़ते हुए वायु-प्रदूषण, जल के अभाव और समस्यात्मक कोयला परिवहन के कारण दिल्ली पावर उत्पन्न करने की अपनी वर्तमान क्षमता में सीमित वृद्धि ही कर सकेगी। इसे दिल्ली से बाहर के आपूर्ति-स्रोतों पर आश्रित रहना पड़ेगा। 1991 तक निम्नलिखित तालिका में दिए गए स्रोतों के अनुसार पावर की आवश्यकता की पूर्ति होगी :—

स्रोत	फर्म-क्षमता 1982-83 (एम. डब्ल्यू.)	1989-90 (एम. डब्ल्यू.)
डेसू स्थानीय उत्पादन	176	236
बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन	500	500
सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन (उ.प्र.)	15	150
बैरा स्यूल (उ. प्र.)	17	45
मुराद नगर (उ.प्र.) में बनाया जाने वाला न्यू सुपर थर्मल पावर स्टेशन	—	500
योग	708	1431

1991 के बाद प्रक्षेपित पावर मांग के अनुरूप दिल्ली के लिए पावर के स्रोतों की व्यवस्था करनी होगी। दिल्ली को निम्नलिखित केन्द्रों, सैक्टर योजनाओं से लाभ मिल सकता है जो इस समय निर्माणाधीन/विचाराधीन हैं :—

पावर संयंत्र	स्थापित क्षमता (एम.डब्ल्यू. में)	स्थिति
रिहंद उ.प्र. (थर्मल)	1000	निर्माणाधीन
नरौरा उ.प्र. (आणविक)	470	—वही—
नथ्पा झाकरी (हि.प्र.)		सी. ई. ए. द्वारा स्वीकृत (हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं केन्द्रीय सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना प्रस्तावित है।)
दुल्हस्ती (हाईड्रो इलैक्ट्रिक) (जम्मू एवं काश्मीर)	390	—वही—
उरी हाईड्रो इलैक्ट्रिक परियोजना (जम्मू एवं काश्मीर)	480	—वही—
चमेरा हाईड्रो इलैक्ट्रिक परियोजना (हि.प्र.)	540	—वही—
टनकपुर हाईड्रो इलैक्ट्रिक परियोजना (उ. प्र.)	120	—वही—
योग	3,000 एम. डब्ल्यू.	

वर्ष 2001 तक 25,00 एम. डब्ल्यू. की लक्षित मांग को पूरा करने के लिए पावर वितरण ढांचे को वर्तमान 220 किलो वोल्ट (के. वो.) ग्रिड से 400 के.वो. ग्रिड में बढ़ाए जाने की आवश्यकता होगी।

इसकी पूर्ति के लिए पावर-ढांचे की योजना बनाई गई है जिसमें यमुना पार क्षेत्रों में वजीराबाद बांध के उत्तर में :—

(2) बवाना के निकट पश्चिमी दिल्ली में, और

(3) भरथल के निकट दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में

400 के.वो. के तीन मुख्य विद्युत उपकेन्द्रों की व्यवस्था होगी। इसकी पूर्ति उत्तरी ग्रिड से होगी तथा दिल्ली में अन्य पावर वितरण प्रणाली की पूर्ति इस ग्रिड से और वर्तमान 220 के.वो. ग्रिड से होगी।

ठोस कूड़ा-करकट :

ठोस कूड़े-करकट की प्रकृति और निपटान के आर्थिक पहलुओं पर विचार करते हुए ठोस कूड़े-करकट की अधिकांश मात्रा को सैनिटरी लैंडफिल्स में निपटाए जाने का प्रस्ताव किया गया है। प्रस्तावित स्थल हैं :—

स्थल का विवरण	क्षेत्र (हैक्ट. में)
पश्चिमी दिल्ली में हस्ताल गांव के निकट स्थल	26
रिंग रोड पर सराय काले खां गांव के निकट स्थल	20
उत्तर-पश्चिम में स्थल	58.5
यमुनापार क्षेत्र में गाजीपुर डेयरी फार्म के निकट स्थल	52
वर्तमान लैंडफिल तिमारपुर के निकट स्थल	40
उत्तरी-दिल्ली में गोपालपुर गांव के निकट स्थल	20
जहांगीरपुरी के निकट स्थल	12

रिंग रोड पर सैनिटरी लैंडफिलिंग का कार्य संतोषजनक रूप से किया जा रहा है फिर भी जल को प्रदूषण से बचाने के लिए तल में जल-निवारण परतों की व्यवस्था करके इसका और अधिक सुधार किया जा सकता है।

इस समय दो कम्पोस्ट संयंत्र—एक दिल्ली नगर निगम और दूसरा ओखला सीवरेज शोधन संयंत्र के पास स्थित है नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा चलाए जाते हैं।

सब्जी एवं फल मार्किटों के कूड़ा-करकट में अधिक आर्गेनिक वस्तुएं होने के कारण इसे इन कम्पोस्ट संयंत्र में उपयोग किया जाना चाहिए। कम्पोस्ट संयंत्र के लिए कोई और स्थल नहीं रखा गया है। इन कम्पोस्ट संयंत्रों के कार्य की 1992 में समीक्षा की जानी चाहिए और यदि आवश्यकता हो तो नीति-परिवर्तन किया जा सकता है।

अस्पतालों, बूचड़खानों, फल एवं सब्जी मार्किटों, डेयरी फार्मों एवं पुरानी दिल्ली के घने बसे हुए क्षेत्रों के कूड़ा-निपटान में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। अस्पतालों के कूड़े-करकट जिसमें हानिकारक सूक्ष्मजीव होते हैं, की अलग से व्यवस्था की जानी चाहिए और उसे जला दिया जाना चाहिए। पक्षियों के खतरे से बचाव करने के लिए ढके हुए कूड़े-दानों के रूप में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए और हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के भीतर वाले क्षेत्रों में कूड़े को शीघ्र हटाया जाना चाहिए।

कूड़ेदानों, ढलावों की आवश्यकता का पता लगाने के लिए ठोस कूड़ा-करकट के निम्नलिखित मानदण्ड अपनाए जाएं :—

	(प्रति व्यक्ति प्रतिदिन)
नई दिल्ली नगर पालिका क्षेत्र	0.67 किलोग्राम सी. डी.
दिल्ली नगर निगम क्षेत्र	0.60 किलोग्राम सी. डी.

जल-निकास एवं जल-मार्ग व्यवस्था :

जल निकास :—जल-निकास के दो पहलू बाढ़-नियंत्रण एवं बरसाती जल का निपटान है, जो परस्पर संबंधित हैं। दिल्ली में बरसाती जल

और बाढ़-नियंत्रण स्थानीय नहीं हैं अपितु क्षेत्रीय है जिनमें हरियाणा और राजस्थान के क्षेत्र सम्मिलित हैं। नजफगढ़ नाले और बड़ा पुला कुशक नाले जिनसे शहरी क्षेत्रों में बरसाती-जल बहता है, वे अधिकतम जल-बहाव की अवधि के दौरान अपनी पूरी क्षमता से बहते हैं। वर्तमान शहरीकरण योग्य सीमाओं के अपेक्षित विस्तार से क्षेत्रों में तलाप वहन में पर्याप्त रूप से परिवर्तन होगा और इस प्रकार बहाव बढ़ेगा और वर्तमान नालों को नया रूप देने और अतिरिक्त नालों की व्यवस्था करने की आवश्यकता होगी। प्राथमिकता के आधार पर सहिती बेसिन से बहाव के लिए दक्षिण में हरियाणा अथवा दिल्ली में से होकर एक नये मुख्य नाले की संभावना पर विचार करने की आवश्यकता होगी।

यमुना नदी की जल-मार्ग व्यवस्था :

संसार के मुख्य महानगरीय शहरों की नदियों जैसे लंदन की टेम्स और पेरिस की सीन के जलमार्ग की व्यवस्था की गई है जो नदी-अग्रों का विकास करने के लिए असीमित अवसर प्रदान कर रही हैं। यमुना नदी के मामले में संभावनाओं का गहराई से अध्ययन किया गया है और ऐसे संकेत हैं कि लगभग 550 मीटर की चौड़ाई और लगभग 3,000 हेक्टेयर क्षेत्र में जल-मार्ग की व्यवस्था की जा सकती है जो नदी-अग्र विकास के लिए उपलब्ध हो सकती है। केन्द्रीय जल एवं पावर अनुसंधान केन्द्र, पुणे इस कार्य के लिए मॉडल-परीक्षण कर रहा है। इस अध्ययन के समाप्त हो जाने के बाद शहर की विशेष महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में दि. वि. प्रा. द्वारा नदी-अग्र का विकास किया जाना चाहिए।

आधारिक संरचना—सामाजिक :

इस भाग में जिन पहलुओं पर विचार किया गया है, वे हैं :—

(क) स्वास्थ्य;
(ख) शिक्षा;
(ग) दूर संचार;
(घ) सुरक्षा;
(च) अग्नि; और
(छ) वितरक सेवाएं।

स्वास्थ्य :

दिल्ली की स्वास्थ्य सुविधाओं को शहरी जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति करनी पड़ती है। इसके साथ-साथ ये क्षेत्रीय संदर्भ की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि निकटवर्ती राज्यों से बहुत से लोग दिल्ली में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की खोज में आते हैं। इस समय दिल्ली में 2.6 बिस्तर प्रति 1000 जनसंख्या की दर से लगभग 15,000 अस्पताल के बिस्तर हैं।

स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था में विभिन्न नियोजन डिवीजनों में भौगोलिक असंतुलन विद्यमान है। डिवीजन ई, जी और एच में प्रति हजार जनसंख्या के पीछे क्रमशः केवल 1.043, 0.992 और 0.51 बिस्तर हैं। इन नियोजन डिवीजनों पर अग्रता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

पहले प्रस्तावित सामान्य अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में द्वि-चयन-प्रणाली से स्वास्थ्य आवश्यकताओं सम्बंधी मांग की पूर्ति नहीं हुई। अतः अब छह-चयन-प्रणाली का प्रस्ताव रखा गया है जैसा कि नीचे दिया गया है :—

(1) सामान्य अस्पताल	500 बिस्तरे
(2) मध्यवर्ती अस्पताल	(क) 200 बिस्तरे
(3) मध्यवर्ती अस्पताल	(ख) 80 बिस्तरे
(4) पोलि-क्लीनिक	
(5) नर्सिंग होम, बाल कल्याण एवं प्रसूति केन्द्र	
(6) औषधालय	

स्वास्थ्य-सुविधाओं के नियोजन मानक नीचे दिए गए हैं :—

प्रति 1,000 जनसंख्या पर सिफारिश किए गए बिस्तर-5।

(क) सामान्य अस्पताल :

3 लाख की जनसंख्या के लिए	1 अस्पताल
क्षमता	500 बिस्तरे
अस्पताल के लिए क्षेत्र	4.00 हेक्ट.
रिहायशी आवास हेतु क्षेत्र	2.00 हेक्ट.
कुल क्षेत्र	6.00 हेक्ट.

(ख) मध्यवर्ती अस्पताल :
(श्रेणी क)

1 लाख की जनसंख्या के लिए	1 अस्पताल
क्षमता	200 बिस्तरे
अस्पताल के लिए क्षेत्र	2.07 हेक्ट.
अनिवार्य रिहायशी आवास हेतु क्षेत्र	1.00 हेक्ट.
कुल क्षेत्र	3.67 हेक्ट.

(ग) मध्यवर्ती अस्पताल :
(श्रेणी ख)

1 लाख की जनसंख्या के लिए	1 अस्पताल
क्षमता	80 बिस्तरे, 20 प्रसूति बिस्तरों को मिलाकर
अस्पताल के लिए क्षेत्र	0.60 हेक्ट.
रिहायशी आवास हेतु क्षेत्र	0.40 हेक्ट.
कुल क्षेत्र	1.00 हेक्ट.

(घ) कुछ प्रेक्षण-बिस्तरों सहित पोलि-क्लीनिक :

1.5 लाख की जनसंख्या के लिए	1 अस्पताल
क्षेत्र	0.20 से 0.30 हेक्ट. तक

(च) नर्सिंग होम, बाल कल्याण एवं प्रसूति केन्द्र :

0.50 लाख की जनसंख्या के लिए	1 अस्पताल
क्षेत्र	0.20 से 0.30 हेक्ट. तक

(छ) औषधालय :

0.15 लाख की जनसंख्या के लिए	1 अस्पताल
क्षेत्र	0.08 से 0.012 हेक्ट. तक

उपर्युक्त के अतिरिक्त चिकित्सा-सुविधाओं के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं के मामले में इनमें से एक स्थल का उपयोग किया जा सकता है जो भी विशेष आवश्यकता के अनुकूल हो।

शिक्षा :

आयु-वर्ग-प्रेक्षपणों और अन्य संगत मामलों पर विचार करके विभिन्न स्तरों पर पर्याप्त शैक्षणिक सुविधाओं की व्यवस्था के लिए मानदण्ड रखे गए हैं। प्राइमरी और सेकेन्डरी स्कूलों और कालेजों में, स्कूलों में खेल-मैदान क्षेत्रों के आरक्षण के लिए अलग मानदण्ड दिए गए हैं जिन्हें विस्तृत ले-आऊट प्लान में अवश्य ही सुनिश्चित किया जाए। निम्न आय वाले समुदायों के मामले में, नर्सरी स्कूल के स्थान का उपयोग शिशु सदन के लिए किया जाएगा जिसे जनता, निजी अथवा स्वैच्छिक एजेन्सियों द्वारा चलाया जा सकता है। केन्द्रीय स्कूलों और पब्लिक स्कूलों को स्थान देने के लिए शहरी स्तर में समाकलित स्कूलों के लिए विशिष्ट क्षेत्रों का आरक्षण किया गया है।

शैक्षणिक सुविधाओं के नियोजन मानक नीचे दिए गए हैं :—

सीनियर सेकेन्डरी स्तर तक :

(क) पूर्व-प्राइमरी, नर्सरी स्कूल 2,500 की जनसंख्या के लिए	1
(ख) प्राइमरी स्कूल (कक्षा 1 से 5 तक)	
5,000 की जनसंख्या के लिए	1
स्कूल की क्षमता	500 छात्र
प्रत्येक स्कूल का क्षेत्र	0.40 हेक्ट.
स्कूल-भवन का क्षेत्र	0.20 हेक्ट.
प्रभावपूर्ण खेल हेतु सुनिश्चित किया जाने वाला कम से कम 18 मी. × 36 मी. वाले खेल मैदान का क्षेत्र	0.20 हेक्ट.
(ग) सीनियर सेकेन्डरी स्कूल (छठी से बारहवीं तक)	
7,500 की जनसंख्या के लिए	1
स्कूल की क्षमता	1000 छात्र
प्रत्येक स्कूल का क्षेत्र	1.60 हेक्ट.
स्कूल भवन के क्षेत्र	0.60 हेक्ट.
प्रभावपूर्ण खेल हेतु सुनिश्चित किये जाने वाले कम से कम 68 मी. × 126 मी. वाले खेल मैदान का क्षेत्र	1.00 हेक्ट.
(घ) छात्रावास की सुविधाओं रहित समाकलित स्कूल (कक्षा 1 से 12 तक)	
90,000 से 1,00,000 तक की जनसंख्या के लिए	1
स्कूल की क्षमता	1,500 छात्र
प्रत्येक स्कूल का क्षेत्र	2,20 हेक्ट.
स्कूल भवन का क्षेत्र	0.70 हेक्ट.
खेल-मैदान का क्षेत्र	1.20 हेक्ट.
पार्किंग क्षेत्र	0.30 हेक्ट.
(च) छात्रावास की सुविधा सहित संमाकलित स्कूल	
90,000 से 1,00,000 तक की जनसंख्या के लिए	1
स्कूल की क्षमता	1,500 छात्र
प्रत्येक स्कूल का क्षेत्र	2.60 हेक्ट.
स्कूल भवन का क्षेत्र	0.70 हेक्ट.
खेल-मैदान का क्षेत्र	1.20 हेक्ट.
पार्किंग-क्षेत्र	0.30 हेक्ट.
आवासीय, छात्रावास का क्षेत्र	0.40 हेक्ट.

उच्च शिक्षा—सामान्य :—

(क) कालेज :	
दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 के भीतर	
1.3 लाख की जनसंख्या के लिए	1
कालेज की क्षमता	1,500 छात्र
प्रत्येक कालेज का क्षेत्र	4,00 हेक्ट.
शहरी एक्सटेंशन के भीतर	
1.00 लाख जनसंख्या के लिए	1
कालेज की क्षमता	1,000 छात्र
प्रत्येक कालेज का क्षेत्र	4.00 हेक्ट.
(ख) विश्वविद्यालय परिसर :	
दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 के भीतर नियोजन डिवीजन ई, एफ और जी प्रत्येक में	1
शहरी एक्सटेंशन में	1
(ग) नया विश्वविद्यालय शहरी एक्सटेंशन में क्षेत्र	1 160 हेक्ट.

तकनीकी शिक्षा :—

(क) तकनीकी शिक्षा केन्द्र (क) :	
प्रति 10 लाख की जनसंख्या के लिए इस प्रकार के 1 केन्द्र की व्यवस्था की जाएगी जिसमें एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और एक पोलिटेक्निक सम्मिलित है।	
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की क्षमता	400 प्रशिक्षणार्थी
पोलिटेकनिक की क्षमता	500 छात्र
प्रत्येक केन्द्र का क्षेत्र	4.00 हेक्ट.
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए क्षेत्र	1.60 हेक्ट।
पोलिटेकनिक के लिए क्षेत्र	2.40हेक्ट.
(ख) तकनीकी शिक्षा केन्द्र (ख) :	
10 लाख की जनसंख्या के लिए 1 केन्द्र की व्यवस्था होगी जिसमें 1 औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, 1 तकनीकी केन्द्र और 1 प्रशिक्षण केन्द्र सम्मिलित है।	
प्रत्येक केन्द्र का क्षेत्र	4.00 हेक्ट.
तकनीकी केन्द्र के लिए क्षेत्र	2.10 हेक्ट.
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए क्षेत्र	1.60 हेक्ट.
प्रशिक्षण केन्द्र के लिए क्षेत्र	0.30 हेक्ट.

व्यावसायिक शिक्षा :

(क) नया इंजीनियरिंग कालेज शहरी एक्सटेंशन में 2 कालेजों की व्यवस्था की जाएगी।	
कालेज की क्षमता	1500 से 1700 तक छात्र
प्रत्येक कालेज का क्षेत्र	60.00 हेक्ट.

(ख) नया चिकित्सा कालेज :

शहरी एक्सटेंशन में 15 हेक्ट. वाले 2 स्थल। इसमें विशिष्टिकृत सामान्य अस्पतालों के लिए स्थान सम्मिलित हैं।

संचार :

दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के पांच दूरसंचार जोनों में दिल्ली में 44 टेलीफोन केन्द्र विद्यमान हैं जिनकी 2,23,400 लाइनों की कुल क्षमता है।

टेलीफोनों के विकास की स्थिति नीचे दी गई है :—

वर्ष	जनसंख्या (लाख में)	क्षमता टेलीफोन लाईनों की सं.	प्रति 100 की जनसंख्या के पीछे टेलीफोन
1981	62.00	2,10,000	3.37
1991	90.00	5,40,000	6.00
2001	120.00	12,00,000	10.00

दूरसंचार सुविधाओं के नियोजन-मानक नीचे दिए गए हैं :—

40,000 लाईनों की क्षमता के टेलीफोन केन्द्र प्रति 100 की जनसंख्या पर 10 टेलीफोनों की दर से 4 लाख की जनसंख्या के लिए एक केन्द्र।

क्षेत्र	0.80 हेक्ट.
प्रशासनिक कार्यालय :	
फर्श-क्षेत्र	1 लाख वर्ग फुट

प्रशासनिक कार्यालय टेलीफोन केन्द्रों के भाग हो जाएंगे और तदनुसार भूमि के क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा।

टेलीफोन केन्द्र के उपकरणों/सामग्री आदि के लिए भण्डार।

प्राथमिक रूप से एक उत्तरी और दूसरा दक्षिणी दिल्ली में शहरी स्तर पर इसकी व्यवस्था होगी।

क्षेत्र 4.00 हेक्ट.

हल्के औद्योगिक क्षेत्र में शहरी स्तर पर लगभग 800 वाहनों के रख-रखाव और मरम्मत के लिए डिपो व कार्यशाला की व्यवस्था की जानी है।

क्षेत्र 1.00 हेक्ट.

विभागीय तार कार्यालय :

(क) बुकिंग काउंटर—

1 लाख की जनसंख्या के लिए 1

सामुदायिक केन्द्र में स्थान की व्यवस्था की जानी है।

(ख) बुकिंग और वितरण कार्यालय— 1

6 लाख की जनसंख्या के लिए

फर्श क्षेत्र 1700 वर्ग मी.

जिला केन्द्र में स्थान की व्यवस्था की जानी है

डाक सुविधाएं :

(क) डिलीवरी रहित डाक घर काउन्टर —

10,000 से 15,000 तक की जनसंख्या के लिए 1

फर्श क्षेत्र 60 से 85 वर्गमी. तक

स्थानीय विपणन केन्द्र में स्थान दिया जाना है।

(ख) डिलीवरी कार्यालय सहित मुख्य डाक घर—

3 लाख की जनसंख्या के लिए 1

क्षेत्र 600 वर्ग मी.

सामुदायिक केन्द्र/जिला केन्द्र में स्थान दिया जाना है।

(ग) मुख्य डाक घर और प्रशासनिक कार्यालय—

6 लाख की जनसंख्या के लिए 1

क्षेत्र 2500 वर्ग मी.

जिला केन्द्र में स्थान दिया जाना है।

सुरक्षा :

शहरी समुदाय तुलनात्मक रूप से अज्ञात होते हैं और वे मुख्य रूप से सुरक्षा के लिए पुलिस पर निर्भर रहते हैं। इस समय दिल्ली में 66 पुलिस स्टेशन और 48 पुलिस चौकियां हैं जिनकी व्यवस्था एक लाख की जनसंख्या के लिए एक थाने की दर से की जा रही है। पुलिस, जेल, नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षा और अग्नि के लिए नियोजन मानक निम्नवत् होंगे : —

पुलिस :

(क) पुलिस स्टेशन :

0.75 से 1 लाख की जनसंख्या के लिए 1

अनिवार्य रिहायशी आवास सहित क्षेत्र 1.15 हेक्ट.

नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षा के लिए 0.05 हेक्ट. अतिरिक्त

(ख) पुलिस चौकी :

0.4 से 0.5 लाख की जनसंख्या के लिए 1

अनिवार्य रिहायशी आवास सहित क्षेत्र 0.10 हेक्ट.

(ग) जिला कार्यालय और बटालियन :

10 लाख की जनसंख्या के लिए 1

जिला कार्यालय के लिए क्षेत्र 0.80 हेक्ट.

बटालियन के लिए क्षेत्र 4.00 हेक्ट.

कुल क्षेत्र 4.80 हेक्ट.

(घ) पुलिस लाइनें :

उत्तरी, दक्षिणी, पश्चिमी और पूर्वी दिल्ली प्रत्येक हेतु 1-1.

क्षेत्र 4.00 से 6.00 हेक्ट. तक

(च) जिला जेल :

10 लाख की जनसंख्या के लिए 1

क्षेत्र 10.00 हेक्ट.

नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षा : —

(क) गृह रक्षा : जोनल स्तर

(1) दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 के भीतर 20 लाख की जनसंख्या के लिए 1

(2) शहरी एक्सटेंशन में 10 लाख की जनसंख्या के लिए 1

क्षेत्र 1.00 हेक्ट.

(ख) गृह रक्षक—जिला स्तर 10 लाख की जनसंख्या के लिए 1

क्षेत्र 2.00 हेक्ट.

(1) दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 के भीतर 20 लाख की जनसंख्या के लिए 1

(2) शहरी एक्सटेंशन में 10 लाख की जनसंख्या के लिए 1

अग्नि : —

दिल्ली अग्नि शमन सेवा दिल्ली और सीमावर्ती राज्यों के भागों में मनुष्यों को अग्नि, मकान गिरने, दुर्घटनाओं और अन्य आपत्तियों से बचाने का कार्य करती है। इस समय दिल्ली में 18 अग्नि शमन केन्द्र हैं।

दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 में 20 और शहरी एक्सटेंशन में 19 अर्थात 39 और अग्नि शमन केन्द्रों की आवश्यकता होगी। अधिक अग्नि शमन नलों और पानी की टंकियों की व्यवस्था करने के लिए जल-आपूर्ति सहित कार्यक्रम का समन्वय किए जाने की आवश्यकता है।

भवन उप-विधियों अथवा संरक्षित प्राधिकरण के विनियमों में की गई व्यवस्था के अनुसार बहु-मंजिले भवनों के लिए विशेष अग्नि शमन सेवा की आवश्यकता है। दिल्ली अग्नि शमन सेवा को बहु-मंजिले भवनों में आग दुर्घटनाओं के मामले निपटाने के लिए पूरी तरह से सज्जित करना चाहिए। विकास योजनाएं तैयार करते समय सघन और निर्मित क्षेत्रों में अग्नि शमन आवश्यकताओं के लिए पहुंचने का मार्ग सुनिश्चित किया जाए।

2 लाख की जनसंख्या के लिए 1 से 3 कि.मी. के भीतर 1 अग्नि शमन केन्द्र अथवा उप-अग्नि शमन केन्द्र की व्यवस्था की जानी है।

अनिवार्य रिहायशी आवास सहित अग्नि शमन केन्द्र हेतु

क्षेत्र 1.00 हेक्ट.

अनिवार्य रिहायशी आवास सहित उप-अग्नि शमन केन्द्र हेतु

क्षेत्र 0.60 हेक्ट.

वितरक सेवाएं : —

दूध : दिल्ली में सार्वजनिक एजेन्सियों द्वारा 7.30 लाख लीटर की वर्तमान पूर्ति की जाती है। 2.32 लाख की पूर्ति दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा और 4.97 लाख की पूर्ति मदर डेयरी द्वारा की जाती है। दूध के लिए वर्तमान प्रसार कार्यक्रम केवल 9.75 लाख लीटर प्रतिदिन तक सीमित है जबकि 2001 तक की आवश्यकताएं लगभग 15 लाख लीटर प्रतिदिन होंगी। डेयरी-उद्योग हेतु दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के भाग सहित निकटवर्ती राज्यों के क्षेत्रों के विकास हेतु इस पहलू की क्षेत्रीय स्थिति है। दुग्ध उत्पादक संयंत्रों के लिए एक नजफगढ़ रोड के पश्चिम में और दूसरा जी. टी. रोड पर 15—15 हेक्ट. वाले दो स्थलों की आवश्यकता होगी।

एल. पी. जी. भंडारण एवं वितरण :

1981 की 11.45 लाख कनेक्शनों की आवश्यकताओं के मुकाबले में दिल्ली में लगभग 3.22 लाख एल.पी.जी. कनेक्शन हैं और 100% परिवार इसे लेना चाहें तो 2001 में 24.35 लाख होने का अनुमान है।

ओखला सीवेज से लगभग 10,000 परिवारों को गैस देने का प्रयोगात्मक कार्यक्रम पहले ही चालू किया जा चुका है। वर्तमान और प्रस्तावित सीवेज शोधन संयंत्रों की गैस का उपयोग घरेलू और अन्य ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं के लिए किया जा सकेगा।

उपर्युक्त वितरक सुविधाओं के नियोजन मानक नीचे दिए गए हैं :—

तरल पेट्रोलियम गैस एल. पी. जी. गोदाम

40,000 की जनसंख्या के लिए 1 गैस गोदाम

क्षमता	500 सिलिन्डर अथवा 8,000 एल.पी.जी. के कि. ग्रा.
क्षेत्र	5200 वर्ग मी. (20 मी. × 26 मी. चौकीदार की हट सहित
स्थिति	औद्योगिक क्षेत्र अथवा सेवा केन्द्र में

1981—2001 में उपर्युक्त मानकों के आधार पर सामाजिक आधारिक संरचना की अतिरिक्त आवश्यकता निम्नलिखित तालिका में संकेतित की गई है :—

अतिरिक्त आवश्यकता 2001

सामाजिक आधारिक संरचना	दिल्ली शहरी क्षेत्र 81	शहरी एक्सटेंशन	योग
1	2	3	4
शिक्षा :			
प्राईमरी स्कूल	298	762	1060
सीनियर सेकेन्डरी स्कूल	217	508	725
समाकलित स्कूल	58	85	143
सामान्य कालेज	22	38	60
तकनीकी शिक्षा केन्द्र—के	3	9	12
विश्वविद्यालय केन्द्र	2	1	3
स्वास्थ्य :			
सामान्य अस्पताल	9	12	21
मध्यवर्ती अस्पताल—ख	59	39	98
नर्सिंग होम	110	76	186
अन्य :			
पुलिस स्टेशन	28	38—51	66—79
अग्नि शमन केन्द्र	20	19	39
जिला जेल	3	5	8
मुख्य डाक घर	20	6	26
टेलीफोन केन्द्र	6	9	15
विभागीय तार कार्यालय	9	5	14
एल.पी.जी. गैस-गोदाम	64	85	149

सुविधा एवं सेवा केन्द्र :

हायर सेकेन्डरी, प्राईमरी स्कूल, औषधालय जैसी निम्न स्तर की अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था लेआउट प्लानों में की जाएगी किन्तु कालेज, अस्पताल, पुलिस स्टेशन जैसी उच्च स्तर की सुविधाओं की व्यवस्था योजना-स्तर पर की जाएगी। चूंकि इन सुविधाओं के लिए पृथक स्थान की व्यवस्था करना संभव न होगा अतः दिल्ली शहरी क्षेत्र— 81 के भीतर उपलब्ध क्षेत्रों में दो समूहों अथवा अधिक इकाइयों में सुविधा केन्द्र की संकल्पना तैयार की गई है और इन क्षेत्रों को सुविधा केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। अपेक्षित सामाजिक आधारिक संरचना की व्यवस्था करने के लिए भूमि उपयोग प्लान पर इस प्रकार के 61 सुविधा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह अतिरिक्त मरम्मत की दुकानों, सर्विस-दुकानों, गैस गोदामों को स्थान देने के लिए सेवा केन्द्रों को भूमि उपयोग प्लान में निर्धारित किया गया है।
(अनुबंध 1 देखें)।

पर्यावरण

जीवन की उन्नत गुणवत्ता के लिए भौतिक एवं सामाजिक पर्यावरण का सृजन करना इस योजना का मुख्य लक्ष्य है। शहर के पर्यावरण की मुख्य विशेषताएं हैं :—

(1) पारिस्थितिकी, प्रकृति-संरक्षण और पार्क।
(2) शहरी डिजाइन।
(3) शहरी परम्परागत सम्पत्ति का संरक्षण।
(4) सामुदायिक जीवन।
(5) स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुविधा हेतु शर्तें।

प्राकृतिक विशेषताएं :

प्राकृतिक पारिस्थितिक-प्रणाली को बनाए रखने के लिए बस्ती में मुख्य प्राकृतिक विशेषताओं के संरक्षण का अत्यन्त महत्व है। दिल्ली की दो मुख्य प्राकृतिक विशेषताएं रिज और यमुना नदी है। दिल्ली की रिज को अरावली पर्वत-श्रंखलाओं की शैल-दृश्यांश के रूप में परिभाषित किया गया है जो उत्तर में विश्वविद्यालय से दक्षिण में संघ राज्य-क्षेत्र और उससे बाहर तक फैली हुई है। केन्द्रीय रिज क्षेत्र जो कि नई दिल्ली का हिस्सा है, की योजना नई दिल्ली राजधानी के विकास के समय इसके समाकलित भाग के रूप में एडवर्ड लुटियन द्वारा तैयार की गई थी। कीकर और बबूल जैसे देशी प्रकार के पेड़ लगाकर इस क्षेत्र को इसके प्राचीन गौरवपूर्ण रूप में ही छोड़ दिया।

इस योजना 1962 में महरौली के निकट दक्षिणी केन्द्रीय रिज के और फैलाव का निर्धारण करती है। हालांकि दिल्ली में रिज के

हिस्से लुप्त हो चुके हैं। अब उपलब्ध कुल रिज क्षेत्र लगभग 7,777 हेक्ट. है जिसे निम्न रूप में विभाजित किया गया है :

उत्तरी रिज	87 हेक्ट०
केन्द्रीय रिज	864 हेक्ट०
दक्षिणी केन्द्रीय रिज (महरौली)	626 हेक्ट०
दक्षिणी रिज	6200 हेक्ट०

इस प्रकार बताई गई रिज का अत्यन्त सावधानी से संरक्षण किया जाना चाहिए और उसमें न्यूनतम कृत्रिम भू-दृश्य करके देशी प्रकार के वृक्ष लगाए जाने चाहिए।

इस समय यमुना नदी में जल प्रदूषण का स्तर बहुत ऊंचा है जो कि मुख्यतः औद्योगिक क्षेत्रों के अशोधित सीवर और कूड़े-करकट से होता है। नदी को साफ रखने के लिए जल प्रदूषण अधिनियम को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। नदी की यथा प्रस्तावित जल-मार्ग-व्यवस्था से नदी-अग्र का सुधार करने में और अधिक मदद मिलेगी।

वायुप्रद स्थान :

इस समय दिल्ली शहरी क्षेत्र–81 में शहरी स्तर पर दिल्ली में 4,335 हेक्ट. क्षेत्र में विकसित पार्क हैं और लगभग 1,677 हेक्ट. क्षेत्र विकास के लिए उपलब्ध है। शहर में इतिहास के विभिन्न कालों मुगलकाल के रोशनारा और कुदसिया बाग, ब्रिटिशकाल का ताल कटोरा गार्डन और स्वातन्त्र्योत्तर काल का बुद्ध जयन्ती पार्क के 20 मुख्य जिले पार्क हैं। शहरी स्तर पर 7 वर्ग मी. प्रति व्यक्ति की दर से 6,012 हेक्ट. का जिला एवं क्षेत्रीय पार्क-क्षेत्र आरक्षित है।

योजना के कार्यान्वयन के दौरान मनोरंजनात्मक क्षेत्र का लगभग 34% अन्य उपयोगों में लगाया गया है।

जिन जिला पार्कों का विकास किया जा चुका है वे अत्यन्त लोकप्रिय हैं और उनका व्यापक रूप से विशेषकर अवकाश दिनों में उपयोग किया जा रहा है। दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 उपलब्ध जिला पार्क के 1,677 हेक्ट. क्षेत्र का विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। खेल-कूद के क्षेत्रों की नीति के अनुसार इस क्षेत्र के भाग को खेल-कूद के क्रियाकलापों के लिए विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

दिल्ली शहरी क्षेत्र-81 के भीतर मनोरंजन के लिए निम्नलिखित विशेष क्रियाकलाप क्षेत्र के विकास का प्रस्ताव है।

(क) प्रत्येक 4 हेक्ट. वाले अतिरिक्त विशेष बाल पार्क (इंडिया गेट बाल पार्क की प्रकार वाले)	7
(ख) प्रत्येक 5 हेक्ट. वाले बाल यातायात प्रशिक्षण पार्क	6
(ग) पिकनिक हट	5

जिला पार्क क्षेत्रों के लगभग 30% को वन भूमियों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। स्थानीय स्थितियों के अनुकूल वृक्षों के प्राथमिक प्रकार अनुबंध 1क में दिए गए हैं।

नयी विकास-योजनाओं में 15,000 की जनसंख्या के लिए कम से कम 1.5 हेक्ट. के प्रतिवेशी पार्क में फूल वाले पौधे और झाड़ियां लगाई जानी चाहिए ताकि वर्ष भर रंगीन आनन्ददायक वातावरण बनाई रहे।

शहरी एक्सटेंशन में जब-जब सम्भव हो मुख्य वायुप्रद स्थानों के रूप में कार्य करने और भ्रमणशील पक्षियों को आकर्षित करने तथा सूक्ष्म जलवायु में सुधार करने के लिए जल-निकायों (झीलों) का विकास किया जाए। डिजनीलैंड के पैटर्न पर तुगलकाबाद/लाडों सराय के निकट एक विशेष मनोरंजनात्मक क्षेत्र का विकास किया जाना चाहिए। शहरी एक्सटेंशन में 8 वर्ग मी. प्रति व्यक्ति की दर से जिला-पार्क होंगे जिसमें विशेष पार्क भी सम्मिलित होंगे जैसा कि नीचे दिया गया है :

विशेष बाल पार्क	4 (4 हेक्ट० वाले)
बाल यातायात प्रशिक्षण पार्क	4 (3 हेक्ट वाले)
पिकनिक हट	4

खेल-कूद क्रियाकलाप :

व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल-कूद बहुत महत्वपूर्ण हैं। योजना में समस्त आयु-वर्गों के लिए खेल और खेल-कूद के क्षेत्रों के विकास पर उचित जोर दिया जाता है। एशियाड के दौरान निर्मित अथवा नवीकृत खेल-कूद स्टैडियम राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय खेल-कूदों की आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्तरों पर खेल कूदों के लिए क्षेत्रों का विकास निम्न रूप में होगा :—

डिवीजनल खेल-कूद केन्द्र :

जनसंख्या का आकार	10–12 लाख
क्षेत्र	20 हेक्ट०
जिला खेल-कूद केन्द्र जनसंख्या का आकार क्षेत्र	1 से 1.5 लाख 4 हेक्ट०
निकटवर्ती खेल-कूद क्षेत्र सजनसंख्या का आकार क्षेत्र	15,000 1.5 हेक्ट०
आवासीय इकाई खेल-कूद क्षेत्र :	
जनसंख्या	5,000
क्षेत्र	नग्य

पुनः वृक्षारोपण :

दिल्ली के पार्कों में अधिकांश वृक्ष ऐसे हैं जो अपनी पूरी जीवन-अवधि पूर्ण कर चुके हैं। यह विशेष रूप से नई दिल्ली के पार्कों, सड़कों और बंगलों वाले वृक्षारोपण के विषय में सत्य है। ये वृक्ष कभी 1910 में लगाए गए थे और ये जीवन अवधि (70 वर्ष) के अंतिम चरण में हैं। पर्यावरण को बनाए रखने के लिए इन क्षेत्रों में यथोचित प्रक्रम के रूप में इन वृक्षों को प्रतिस्थापित करने के लिए पुनः वृक्षारोपण किया जाना चाहिए।

शहरी डिजाइन :

शहर ईमारतों और गलियों, संचार और उपयोगिताओं की प्रणाली, कार्य, परिवहन, अवकाश के स्थानों और सभा-स्थानों का एक समुच्चय है। इन तत्वों का कार्यात्मक रूप से और सुन्दर रूप की दोनों दृष्टियों से प्रक्रम का प्रबंध करना शहरी डिजाइन का सार है। 17वीं शताब्दी के शाहजहांबाद और लुटियन की नई दिल्ली के निश्चित शहरी रूप के अतिरिक्त दिल्ली महानगर समय के साथ-साथ लोगों का गठन-हीन समूह बनता जा रहा है और अमान्य होता जा रहा है।

चार दीवारी के शहर शाहजहांबाद में कुछ शहरी प्रकार की विशेषताएं हैं। जामा मस्जिद एक प्रभावित करने वाली ईमारत है जो पहाड़ी के चोटी पर स्थित है और शहर की अन्य ईमारतों से रूप और पैमाने दोनों की दृष्टि से भिन्न है। चांदनी चौक की परिधियों की योजना इस प्रकार बनाई गई थी कि एक ओर तो वह व्यावसायिक केन्द्र के रूप में कार्य करे और दूसरी ओर लाल किला और फतेहपुरी मस्जिद की महत्वपूर्ण ईमारतों से दोनों ओर अंतिम स्थानों पर एक विशेष दृश्य प्रस्तुत करे। लुटियन की नई दिल्ली के मामले में केन्द्रीय परिवीथी की योजना की रिज और यमुना नदी के बीच अविच्छिन्नता बनाए रखने के लिए भू-दृश्यांकित विस्तार के रूप में कल्पना की गई थी। इस विस्तार के साथ-साथ राष्ट्रपति भवन और इंडिया गेट के नोडल पाइंटों में आश्चर्यजनक चाक्षुष गुणवत्ता है और संसार के

शहरी डिजाइनों में सबसे उत्कृष्ट उदाहरणों में से एक है । यद्यपि जब नई दिल्ली को राम लीला मैदान जैसी सीमा से भौतिक रूप से पुराने शहर से अलग किया गया था तब यह चाक्षुष रूप से संसद भवन, कनाट प्लेस और जामा मस्जिद की इन्हीं धुरियों से जुड़ी हुई थी ।

बाद में किए गए विकास-कार्यों में न तो शहरी रूप पर और न ही दृश्य संबंधी विशेषताओं पर उचित ध्यान दिया गया । मुख्य योजना के ढांचे में नये विकासकार्य विभिन्न उपयोगों के लिये भूमि के विभाजन के आधार पर अधिक आधारित हैं और इनमें स्थानिक गुणों का अभाव है । सभी सड़कें चाहे वह शहरी स्तर की हों अथवा स्थानीय स्तर की हों वे मात्र भूखंडों का विभाजन करती हैं और वे स्थान के समन्वय की अविच्छिन्नता को प्राप्त करने में असमर्थ हैं । वर्तमान शहरी रूप जोनिंग और उप-डिविजन विनियमों का परिणाम है । इस बात की पुष्टि में कनाट प्लेस एक्सटेंशन एक उदाहरण है जहां शहरी डिजाइन के ढांचे के अभाव में अवांछनीय परिवर्तन हो गए हैं । तर्क संगत रूप से ढांचे में ये परिवर्तन समय की प्रवृत्ति और शिल्प वैज्ञानिक विकास के अनुकूल हैं । तथापि नई ईमारतें और स्थान के ढांचे पुराने ढांचों से बिल्कुल प्रतिकूल हैं और इसका परिणाम अस्त-व्यस्त और नगण्य रूप रेखा से है ।

उन नीतियों के लिए विवेकपूर्ण आधार तक पहुंचने के लिए जो ढांचे को प्रभावित करती है निम्न का अध्ययन किया गया :

(1) प्राकृतिक और निर्मित पर्यावरण महत्व के क्षेत्र
(2) शहर का दृश्य-समाकलन
(3) शहरी परम्परागत सम्पत्ति का संरक्षण एवं परिरक्षण और
(4) ऊंची ईमारतों और बड़े पैमाने की शहरी परियोजनाएं—रिहायशी, व्यावसायिक औद्योगिक आदि के लिए नीति ।

प्राकृतिक और निर्मित पर्यावरण के महत्वपूर्ण क्षेत्र ।

प्राकृतिक पर्यावरण की महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं :

(क) यमुना नदी
(ख) रिज

निर्मित पर्यावरण के लिए इन क्षेत्रों का निर्धारण किया गया है जो इस प्रकार है :

(क) शाहजहांबाद—चार दीवारी का शहर
(ख) लुटियन की नई दिल्ली ।
(ग) प्राचीन बस्तियां
(घ) ऐतिहासिक स्मारक और उद्यान
(च) प्रदर्शनी-स्थल, चिड़ियाघर आदि जैसे अभिकल्पित पर्यावरण
(छ) दिल्ली में प्रवेश मार्गों और अन्य महत्वपूर्ण मार्गों के साथ वाले क्षेत्र
(1) गणतन्त्र दिवस परेड मार्ग
(2) दिल्ली हवाई अड्डे से राष्ट्रपति भवन तक और वहां से राजघाट तक वी.आई.पी. मार्ग
(3) सड़क प्रवेश मार्ग
(4) रेल प्रवेश मार्ग
(5) हवाई दृश्य

दृश्य—समाकलन

सौंदर्य की दृष्टि से दिल्ली में बहुजातीय उत्पादन सहित रूप रंग, आकार और गठन की व्यापक विविधता विद्यमान है। दृश्य-समाकलन की व्यवस्था सम्भवतः उन दृश्यों का निर्धारण करके की जा सकती है जो शहर की भौतिक रूप से समाकलित करते हैं । रिंग रोड और रिंग रेल जन-आवागमन के दो महत्वपूर्ण कारीडोर हैं जिनका उपयोग सभी नियोजन डिविजनों के निवासियों द्वारा किया जाता है । इन दो आवागमन के कारीडोरों में दृश्य-गुणवत्ता और समाकलन के अतिरिक्त आयाम को अर्जित करने की क्षमता है । रिंग रोड और रिंग रेलवे के अध्ययन और प्रस्तावों को सड़क-ज्यामितियों भूदृश्यांकन गली-व्यवस्था चुने हुए स्थानों पर शहरी फार्मों के निर्धारण और असुन्दर ईमारतों को हटाने के लिए सूत्रबद्ध किया जा सकता है । विभिन्न अवसरों पर नियोजित शहर के विभिन्न भागों के समाकलन के दो अन्य महत्वपूर्ण तत्व हैं :—

(1) वनस्पति अर्थात् वृक्षारोपण—

'नई दिल्ली' की विशेषता को महानगर के अन्य भागों में जारी रखना और खुले स्थान को जोड़ना (2) मुख्य पारिस्थितिक विशेषताओं अर्थात् रिज और यमुना नदी और शहर में टेढ़े मेढ़े बहने वाले बरसाती नालों की सामंजस्यपूर्ण व्यवस्था ।

शहरी परम्परागत सम्पत्ति का संरक्षण 1916 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 1321 ऐतिहासिक स्मारक स्थल और ईमारतें बताई गई थीं । इनमें से केवल 81 स्मारकों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अधिनियम के अन्तर्गत संरक्षित स्मारकों के रूप में घोषित किया गया था । इनका अध्ययन किया जा चुका है और इन्हें प्लान में भी इंगित किया गया है ताकि ले-आउट प्लान बनाते समय उचित समामेलन हेतु इन्हें नियोजित किया जा सके।

मुख्य स्मारकों के मामले में भी उनके चारों ओर ईमारत बनाने पर कोई नियंत्रण नहीं है यह आवश्यक है कि स्मारकों के चारों ओर के कुछ क्षेत्र में ऊंचाई सामग्री के संबंध में ईमारतों पर नियंत्रण रखा जाना चाहिए और स्मारक के विस्तार का ध्यान भी रखा जाना चाहिए ।

चार दीवारी के शहरी रंग का संरक्षण ।

चार दीवारी के शहरों में आकृतियों और डिजाइन तत्वों की व्यापक श्रृंखला है जिनका संरक्षण किए जाने की आवश्यकता है। शाहजहांबाद में लाल किला जामा मस्जिद शहर की दीवार और प्रवेश द्वार, चांदनी चौक का परिदृश्य, मार्ग-दृश्य मोहल्ले और कटरे जैसी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ईमारतें हैं । ये सभी तत्व जीवन शैली के दृश्यांश हैं जो दिल्ली के किसी अन्य भाग में नहीं मिलते ।

चूंकि चार दीवारी के शहर में बहुत बड़ी संख्या में ईमारतें टूटी-फूटी अवस्था में हैं अतः महत्वपूर्ण स्मारकों और वास्तु-शिल्पीय शैली रूप रेखा और मार्ग-दृश्य का संरक्षण करते हुए चार दीवारी के शहर की ईमारतों का पुनर्निर्माण/नवीकरण संवेदनशीलता पूर्वक किया जाना चाहिए । विभिन्न स्थानों पर शाहजहांबाद की शहरी दीवार नष्ट हो रही है और सभी दीवारों तथा द्वारों की मरम्मत और संरक्षण और दीवार तथा द्वारों की मरम्मत और संरक्षण का कार्य किया जाना चाहिए । आटोमोबाइलों के यातायात को पुनः स्थापित करके चांदनी चौक के बाजार को पुनः सजाया जा सकता है । चार दीवारी के शहर की सड़कों और गलियों का पेटर्न इसकी शहरी विशेषता का मेरूदण्ड है । यदि समग्र परिप्रेक्ष्य में संरक्षण सफल हो जाए तो वर्तमान रूप में शहर के ढांचे को बनाए रखना अनिवार्य होगा और परम्परागत रिहायशी विशेषता के संरक्षण में शहरी और मार्ग-दृश्य की विशेषताओं का ध्यान रखना होगा । चार दीवारी के शहर के भीतर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा बताए गए स्मारकों, स्थलों और प्राचीन धार्मिक ईमारतों का जीर्णोद्धार संरक्षण किया जाना चाहिए और उन्हें नष्ट होने देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए ।

ऊंची ईमारतों के लिए नीति

ऊंची ईमारतों के संबंध में वर्तमान नीति विभिन्न उपयोग जोनों में ईमारतों की ऊंचाई के प्रतिबंध पर आधारित है जो शहरी फार्म

पर विचार-विमर्श करने के लिए उत्तरदायी नहीं है। जिले केन्द्रों के अतिरिक्त दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 अत्यधिक विकसित है और उसमें थोड़ा सा क्षेत्र बचा हुआ है। फिर भी दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों अर्थात् चार दीवारी के शहरों और इसके एक्सटेंशन तथा राजपथ के दक्षिण, लुटियन की नई दिल्ली के क्षेत्र में ऊंची ईमारतों पर प्रतिबन्ध लगाने आवश्यक होंगे। शहरी डिजाइन योजना के बिना रिहायशी और सांस्थानिक क्षेत्रों में किसी नई ऊंची ईमारत को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। शहरी एक्सटेंशन के मामले में ऊंची ईमारतों और विशिष्ट शहरी डिजाइन परियोजनाओं के लिए क्षेत्रों का निर्धारण किया जाएगा। विकास संहिता विभिन्न उपयोग जोनों में ईमारतों की अधिकतम ऊंचाई को निर्दिष्ट करती है।

सामुदायिक जीवन

मूलतः शहर वस्तुओं, सेवाओं और विचारों के विनिमय का स्थान है। शहरों में अनामक होने की प्रवृत्ति भी मिलती है। रिहायशी क्षेत्रों की सुविचारित भौतिक डिजाइन सामुदायिक जीवन का सर्जन करने में सहायक हो सकती है। इसी तरह से व्यावसायिक क्षेत्रों, सांस्कृतिक केन्द्रों और उनको रिहायशी क्षेत्रों में समाकलित करने के लिए डिजाइनों में लोगों को मिलने के लिए अधिकाधिक अवसरों का सर्जन किया जा सकता है। मनोरंजनात्मक क्षेत्रों के लिए लोगों के एकत्रित होने और अलगाव के आनन्द प्राप्त करने के दोनों स्थानों की आवश्यकता है। देर रात्रि तक शहर में सक्रियता रखने के लिए कुछ व्यावसायिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों को देर रात्रि तक खुला रखा जाना चाहिए।

सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थान :

सामाजिक और सांस्कृतिक सांस्थानिक क्षेत्र शहर के स्पन्दित केन्द्र हैं। दिल्ली के मध्य भाग में मंडी हाउस के चारों ओर सुविकसित सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थान हैं और कुछ सामाजिक सांस्कृतिक संस्थान केन्द्रीय परिदृश्य के साथ-साथ बन गए हैं। राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के लिए योजना में जनपथ से प्रारम्भ होकर और राष्ट्रीय स्टेडियम तथा पुराने किले के अंत तक और अधिक क्षेत्र का निर्धारण किया गया था। इस क्षेत्र को इस बात पर बल देते हुए रोके रखा गया कि शताब्दी के बदलने तक यदि क्षेत्र के किसी भाग का उपयोग न भी किया जाए तो भी इस क्षेत्र को इस क्रियाकलाप के लिए आरक्षित रहने दिया जाना चाहिए। नगर काम्पलैक्स जिसका निर्धारण दिल्ली नगर निगम के कार्यालय के लिए माता सुन्दरी क्षेत्र के निकट किया गया था, उसमें भी सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थानों के लिए भी स्थान होगा। दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 में पूर्व निर्धारित क्षेत्रों के अतिरिक्त सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थानों के लिए लगभग 64 हेक्ट. भूमि निर्दिष्ट की गई है।

बढ़ते हुए अंतर सहित फैलते हुए शहर के लिए शहरी एक्सटेंशन में लगभग 80 हेक्टर वाले एक और महानगर केन्द्र की आवश्यकता होगी। इस केन्द्र में सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थानों अर्थात् थियेटरों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों, प्रदर्शनियों आदि का एक और शहरी स्तर का काम्पलैक्स होगा।

शहरी एक्सटेंशन में प्रति एक मिलियन जनसंख्या के लिए जिला स्तर के नृत्य एवं नाट्य स्कूलों, क्लबों, थियेटरों तथा प्रदर्शनियों, दीर्घाओं और अन्य प्रकार के संस्थानों को जगह देने के लिए लगभग 15 हेक्टर का सामाजिक-सांस्कृतिक केन्द्र होना चाहिए। रिहायशी क्षेत्रों में लघु समुदायों को सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं के लिए बहुद्देशीय सामुदायिक हालों का निर्माण किया जाना चाहिए।

सुरक्षा एवं सुविधा

जल प्रदूषण : दिल्ली में यमुना नदी के विस्तार में ऊंचे स्तर का जल-प्रदूषण है। अध्ययन के आधार पर केन्द्रीय जल प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण बोर्ड ने निम्नलिखित सिफारिश की हैं :—

(1) उपयुक्त सीवेज प्रणाली द्वारा पर्याप्त दूषित जल का शोधन करके नजफगढ़, बड़ापुला, तुगलकाबाद यमुनापार दि. न. नि., सेन नर्सिंग होम, महारानी बाग और कालकाजी के नालों से दूषित जल के बहाव का दिशा-परिवर्तन करना ताकि केन्द्रीय जल प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण बोर्ड द्वारा निर्धारित किए गए मल निस्राव मानकों के अनुकूल नालों का मलनिसाव हो सके। "डीप शॉफ्ट ऐरेशन प्रोसेस" द्वारा नाले के मुहाने पर दूषित जल का शोधन करने के प्रयास किए जाने चाहिएं।

जब तक उपर्युक्त प्रदूषण नियंत्रण-यंत्र-रचनाएं स्थापित नहीं हो जाती तब तक कम से कम 5 नालों अर्थात् नजफगढ़, बड़ापुला, यमुना-पार दि. न. नि., सेन नर्सिंग होम और महारानी बाग का क्लोनि-करण प्रारम्भ किया जा सकता है।

(2) सीवरेज प्रणाली का विस्तार और सीवरेज की व्यवस्था रहित क्षेत्रों में वैकल्पिक रूप से कम लागत की सफाई-व्यवस्था।

(3) 1977 में केन्द्रीय जल प्रदूषण, नियंत्रण और निवारण बोर्ड द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार 82 जल प्रदूषण करने वाले उद्योग हैं जो प्रतिदिन 25 किलो लिटर या उससे अधिक मलनिस्सार उत्पन्न करते हैं। प्रदूषण-कारकों के सीवरेज प्रणाली में जाने से पूर्व इनका शोधन करने के लिए इन उद्योगों को सामूहिक रूप से अथवा पृथक रूप से जैसा भी व्यवहार्य हो का प्रबन्ध करना अनिवार्य किया जाना चाहिए।

वायु प्रदूषण :—हाल ही के अनुमान के अनुसार लगभग 55,000 औद्योगिक इकाईयां और विभिन्न प्रकार के 6.4 लाख वाहन और तीन थर्मल पावर स्टेशन ऐसे हैं जो संयुक्त रूप से दिल्ली के वातावरण को प्रदूषित करते हैं।

केन्द्रीय जल प्रदूषण, नियंत्रण एवं निवारण बोर्ड द्वारा किए गए अध्ययन के आधार पर निम्नलिखित छह क्षेत्रों को वायु (प्रदूषण-निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत 'प्रदूषण नियंत्रण क्षेत्रों' के रूप में घोषित किया गया है।

1. नजफगढ़ रोड 2. लारेंस रोड 3. बजीरपुर,
4. कीर्ति नगर 5. डी०एल०एफ० औद्योगिक क्षेत्र ; और
6. मोती नगर।

केन्द्रीय जल प्रदूषण, नियंत्रण एवं निवारण बोर्ड के अध्ययन के आधार पर यह सिफारिश की जाती है कि समस्त पेट्रोल वाहनों के कार्बन मोनो-आक्साइड और हाईड्रो-कार्बन के स्तरों को क्रमशः 3 और 100 पी.पी. एम से कम लाने के लिए बसों और अन्य भारी वाहनों के धुंए के घनत्व को कम करके मानीय प्रदूषण-नियंत्रण करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

'सी' और बदरपुर थर्मल पावर स्टेशनों को स्थिर विद्युत अवक्षेपकों जैसे प्रदूषण नियंत्रण साधनों से उपयुक्त बनाया जाना चाहिए।

शोर प्रदूषण :—सामान्यतः यह कहा जा सकता है कि दिल्ली में यातायात और औद्योगिक क्रियाकलापों के बढ़ने के साथ-साथ शोर के स्तर में वृद्धि हो रही है। शोर का अन्य कारण लाउड-स्पीकरों का अंधाधुंध प्रयोग है। शोर की समस्याओं को रोकने के लिए सुझाए गए कुछ नियोजन नियंत्रण हैं :

(1) शोर उत्पन्न करने वाले उद्योगों और मोटर-कार्यशालाओं (अनधिकृत) को रिहायशी क्षेत्रों से तुरन्त स्थानांतरित किया जाना चाहिये।

(2) मुख्य सड़कों के साथ वाले नये विकास-कार्यों के मामले में हरित बफर होनी चाहिए और इन क्षेत्रों का उपयोग व्यावसायिक क्रियाकलाप के विकास के लिए भी किया जा सकता है।

(3) अस्पताल :—मुख्य सड़कों से लगभग 30 मी. के गहन गतिरोध के बाद होने चाहिए। दुर्घटनाएं :—1981 में दिल्ली की सड़कों पर 4854 दुर्घटनाएं हुई जिनमें से 1072 दुर्घटनाएं घातक थीं। 61% घातक

दुर्घटनाओं के पीड़ित पैदल यात्री और साईकिल यात्री थे। यातायात की दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निम्नलिखित योजना और अन्य उपायों का सुझाव दिया गया है :

(1) शहर में ट्रक-संचालन को हतोत्साहित करना; (2) पृथक साईकिल मार्ग और पैदल यात्री-आवागमन; (3) सड़क-ज्यामिति में सुधार और सड़कों पर विशेषकर चौराहों पर पर्याप्त रोशनी; और (4) शि एवं प्रबंध द्वारा सड़क-अनुशासन।

सुगमता :

पैदल अथवा यातायात के उपलब्ध साधनों से यथोचित समय में पहुंच कर शहरी क्रियाकलापों में भाग लेना शहरी वातावरण की सुविधा है। निर्दिष्ट किए गए मानक हैं :

	अधिकतम दूरी (कि.मी.)	अनुमानित समय (मिनट)
शिशु गृह नर्सरी स्कूल (निकटतम)	0.30	5
प्राईमरी स्कूल (निकटतम)	0.80 (0.50)	10
हायर सैकेंडरी स्कूल (निकटतम)	1.50 (1.00)	20
टॉट लॉट	0.30 (0.20)	5
पार्क	0.80 (0.50)	10
प्रतिवेशी पार्क और खेल-कूद क्षेत्र	1.60 (1.00)	20
बस स्टाप	0.80 (0.50)	10

नियोजन के उद्देश्य से डिजाइन हेतु सीधी दूरी वही होगी जैसी कि कोष्ठकों में दी गयी है।

ऊर्जा :

महानगरीय शहरों में परिवहन संबंधी विशेष आवश्यकताओं और तुलनात्मक रूप से परिष्कृत आर्थिक क्रियाकलापों और जीवन-स्तर से संबंधित अधिक घरेलू ऊर्जा का उपयोग भी होने के कारण छोटे और मध्यम आकार वाले व्यवस्थापनों और ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में ऊर्जा का अधिक उपयोग होता है। विकासशील देशों में ऊर्जा-खपत के साथ-साथ ऊर्जा के संरक्षण के स्तर को ऊपर उठाने के दोहरे उद्देश्य के लिए अनिवार्य रूप से ऊर्जा के कार्य-कुशलतापूर्वक उपयोग और नवीकरण स्रोतों के उपयोग की आवश्यकता होगी।

परिवहन

शहरों में ऊर्जा-खपत का एक मुख्य कारण परिवहन है। यह अत्यन्त आश्चर्यजनक है कि दिल्ली में प्रतिदिन दिल्ली परिवहन निगम की बसों को आवागमन की दूरी पृथ्वी से चंद्रमा तक की दूरी के डेढ़ गुणा के बराबर योजना में यानीय विधियों द्वारा कार्य एवं शिक्षा के फेरों को घटाने के लिए सफल भूमि उपयोग परिवहन सम्बन्ध बनाने हेतु इस मामले में लक्ष्य रखे गए हैं ताकि डिविजनों के भीतर परिशोधन नीति का कार्यान्वयन किया जा सके। प्रस्तावित भूमि उपयोग परिवहन प्रणाली डिविजनों के भीतर लगभग 70 प्रतिशत फेरों का परिशोधन किया जाएगा।

भूमि उपयोग मात्रा : अध्ययन से मालूम हुआ है कि दिल्ली में दिल्ली 1962 में प्रस्तावित घनत्व के लगभग दुगने शहरी क्षेत्रों का विकास करना संभव है। 1962 में प्रस्तावित भूमि उपयोग मात्रा के मानकों पर 122 लाख प्रक्षेपित जनसंख्या को लगभग 1.2 लाख हेक्ट. में बसाया जाएगा। जो कि संघ राज्य क्षेत्र, दिल्ली के क्षेत्र का 90 प्रतिशत है। अध्ययन के आधार पर 122 लाख प्रक्षेपित जनसंख्या को लगभग 0.7 लाख हेक्टे. में बसाया जाना प्रस्तावित है। इस तरीके से परिवहन में ऊर्जा के उपयोग में लगभग 20 प्रतिशत की कमी होगी। जनपरिवहन में व्यक्तिगत द्रुत परिवहन साधनों में उपयोग की गई प्रति किलोमीटर प्रति व्यक्ति ऊर्जा का लगभग 10 प्रतिशत उपयोग होता है। योजना में दिए गए प्रावधानों के कार्यान्वियन के बाद 2001 तक ऊर्जा की अनुवर्ती बचत करने के लिए वैयक्तिक द्रुत साधनों के फेरों के 4.7 प्रतिशत को जन-परिवहन में बदला जाएगा। साईकिल का तरीका अत्यधिक ऊर्जा संरक्षक है अतः पृथक साईकिल मार्गों से शहर में साईकिलों के आवागमन में सुविधा होगी।

भवन-नियंत्रण : सूर्य के संपर्क में भवनों को उचित रूप से अनुकूल बनाकर ऊर्जा का संरक्षण करना संभव है जिसे भवनों की डिजाइनों और ले-आउटों के लिए मार्ग निर्देशक के रूप में स्वीकार किया जा सकेगा। इसके साथ ही अधिकांश शहरी क्रियाकलापों को कम ऊंचाई (4 मंजिलों तक) में स्थित किया जाना चाहिए।

नवोत्पाद एवं अनुसंधान : अध्ययन और अनुसंधान के आधार पर योजना आयोग ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए पवन-चक्की बायो-गैस संयंत्रों के प्रयोग की और ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए सौर जल ताप प्रणाली और मिट्टी के तेल वाले उक्त और गैस सक्षम चूल्हों के प्रयोग की सिफारिश की है। हाल के वर्षों में कई संगठन ऊर्जा का संरक्षण करने के लिए नवोत्पाद का कार्य कर रहे हैं। जिससे शहरी क्षेत्र में एक से अधिक सेक्टर के प्रभावित होने की संभावना है। योजना कार्यान्वियन अवधि के दौरान इसको मानीटर करना अत्यन्त अनिवार्य होगा।

विशेष क्षेत्र

विकास के उद्देश्य से चार दीवारी के शहर और इसके एक्सटेंशन तथा करोल बाग और 2600 हेक्ट. के बीच वाले क्षेत्र को विशेष क्षेत्र के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। इस क्षेत्र को सामान्य विनियमों के आधारों पर विकसित नहीं किया जा सकता है इस क्षेत्र के लिए विशेष विनियम बनाए गए हैं और उन्हें विकास संहिता में सम्मिलित किया गया है। चार दीवारी के शहर के मामले में इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में और अधिक व्यवसायीकरण और औद्योगीकरण को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्र को हानिकारक और खतरनाक उद्योगों व व्यापारों को हटाना और इसके अतीत के गौरव को पुनर्जीवित करना है।

चार दीवारी के शहर के अतिरिक्त करोल बाग ने भी पिछले कुछ वर्षों में निजी विशिष्टता अर्जित की है। वस्तुतः व्यावसायिक क्रियाकलाप जो चांदनी चौक के दोनों ओर लाजपत राय मार्किट से प्रारंभ होते हैं वे करोल बाग में रीढ़ के रूप में चरमोत्कर्ष पर हैं। शहरी स्तर के फुटकर व्यावसायिक केन्द्र के रूप में करोल बाग का महत्व पर्याप्त रूप में स्पष्ट अनुभव होता है। व्यापक रूप से फैले हुए इस व्यावसायिक क्रियाकलाप का केन्द्र अजमल खां रोड मार्ग बाजार है। उचित विकास नियंत्रणों के अभाव में विकास अव्यवस्थित हो गया है हालांकि खरीददारी की सुविधाओं की लोकप्रियता हमेशा बढ़ती रही है जिसे ये प्रदान करते हैं। इस विपणन क्षेत्र की मुख्य समस्या इसकी माँग की तुलना में अपर्याप्त पार्किंग सुविधाएं हैं।

यह सुझाव दिया जाता है कि अजमल खां रोड के जंक्शन से टैंक रोड तक इसके संधि-स्थल तक देश बंधु गुप्ता रोड के दोनों ओरों खरीदारी के पैदल-चौक में परिवर्तित कर दिया जाए। रामजस रोड, देशबंधु गुप्ता रोड, गुरुद्वारा रोड तथा टैंक रोड के इर्द-गिर्द व सरस्वती मार्ग और आर्य समाज रोड पर यानीय यातायात पर प्रतिबंध रहेगा। आर्य समाज रोड सहित अजमल खां रोड के मोड़ पर निरंतरता के लिए दोनों ओर निर्गम सहित सड़क के नीचे अथवा ऊपर से पैदल-आवागमन श्रेणी में विभक्त होगा। पैदल चौक के नीचे अजमल खां रोड पर पार्किंग होगी।

विशिष्ट उपयोग जोनों के रूप में अंकित क्षेत्र को विकास संहिता में दिए गए विनियमों के अनुसार विकसित किया जा सकेगा। प्लान में इंगित किए गए विशेष क्षेत्र के आंशिक भाग के मामले में उपकरण के रूप में

संरक्षी काट-छांट सहित शहरी नवीकरण की योजनाएं शीघ्र ही आरम्भ की जानी चाहिए।

ग्रामीण क्षेत्र

दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र का मुख्य महानगर के इर्द-गिर्द बसे होने के कारण विशेष महत्व है। संघ राज्य-क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों का समीपवर्ती राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों की तुलना में शिक्षा और आय का स्तर अधिक ऊंचा है। यह क्षेत्र प्रवासियों को भी आकर्षित कर रहा है। ग्रामीण दिल्ली के 20% परिवार मुख्यतः हरियाणा और उ. प्र. के प्रवासी परिवार हैं। इस क्षेत्र में यथोचित रूप से उच्च स्तर की आधारिक संरचना और शहर के साथ अच्छे सड़क-संयोजनों की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है।

विकास केन्द्र : जनसंख्या संयोजनों और विकास-दर के आधार पर मुख्य स्वास्थ्य सुविधाओं और मार्किटों की स्थापना के लिए पांच गांव निर्दिष्ट किए गए हैं। लघु स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं, स्कूलों और ग्रामीण उद्योग की स्थापना की कमियों को पूरा करने के लिए यह अन्य ग्रामीण व्यवस्थापन निर्दिष्ट किए गए हैं, जिनके ब्यौरे निम्नवत् हैं :

बख्तावरपुर : अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र, औषधालय, पशु-चिकित्सालय, ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र और व्यावसायिक केन्द्र।

बवाना : स्वास्थ्य केन्द्र, ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र और व्यावसायिक केन्द्र।

झड़ौदा कलां : अस्पताल औषधालय, पशु-चिकित्सालय, ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र और व्यावसायिक केन्द्र।

ढांसा : औषधालय, ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र और व्यावसायिक केन्द्र।

छावला : अस्पताल, पशु-चिकित्सालय, ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र और व्यावसायिक केन्द्र।

जगतपुर : औषधालय और ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र।

घोघा : औषधालय और ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र।

कुतुबगढ़ : औषधालय और ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र।

जौन्ती : औषधालय और ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र।

मितराऊ : औषधालय और ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र।

घुम्मन हेड़ा : औषधालय और ग्रामीण क्षेत्र।

सिनेमा, बाजार, बैंक, डाकघर, सहकारी भंडार आदि को स्थान देने के लिए प्रत्येक व्यावसायिक केन्द्र लगभग 3 हेक्ट. का होगा। जिन उद्योगों को ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्रों में अनुमति दी जानी है वे अनुबंध तीन ज में दिए गए हैं।

इन महत्वपूर्ण व्यवस्थापनों को जोड़ने वाली निम्नलिखित सड़कों के विस्तार को बढ़ाने की आवश्यकता होगी :

(क) जी. टी. रोड से बख्तावरपुर जी. टी. रोड से बवाना तक नजफगढ़ से ढांसा तक	29 कि. मी.
(ख) घोंगा से बवाना तक बवाना से कुतुबगढ़ तक नजफगढ़ से झड़ौदा कलां तक	15 कि. मी.
(ग) झड़ौदा कलां से रोहतक रोड तक नजफगढ़ से ढांसा तक	15 कि. मी.
(घ) नजफगढ़ से घुम्मनहेड़ा तक नजफगढ़ से ढांसा तक कंझावला से कुतुबगढ़ तक रोड नं. 50 से बख्तावरपुर तक	20 कि. मी.

प्रत्येक पृथक व्यवस्थापन जल-पूर्ति और अन्य सुविधाओं आदि में सुधार की आवश्यकता होगी। सार्वजनिक अवासीय समितियों के माध्यम से भूमिहीनों के लिए आवास हेतु कार्य हाथ में लेने की आवश्यकता है। डेयरी विकास के लिए (1) नजफगढ़, और (2) जी. टी. करनाल रोड के निकट दो स्थल निर्दिष्ट किए गए हैं। शहरी क्षेत्र के दुधारू पशु इन डेयरी कालोनियों में बदले जाने चाहिए।

ग्रामीण उपयोग जोन में न्यूनतम 1 हेक्ट. में फार्म हाऊस स्थापित किए जा सकेंगे। ये फूलों, फलों, सब्जियों, मुर्गी-पालन आदि के लिए विकसित किए जा सकेंगे।

आधुनिकीकरण और शहर का रूप :

इस युग से शहर में (1) सक्षम परिवहन और संचार प्रणाली (2) सम्मेलन और प्रदर्शनी केन्द्र (3) आगंतुकों के आरामदायक रूप से रहने के लिए दुकानों से अछादित मार्ग और मनोरंजन पार्क तथा स्थान होने चाहिए। इन सब की व्यवस्था में शहर का रूप उसकी युग-प्राचीन परंपराएं एवं संस्कृति और आगंतुकों व इसके निवासियों का इसके प्रति स्नेह प्रतिबिंबित होना चाहिए।

शहर के लिए आधुनिक परिवहन प्रणाली आरामदायक और उच्चस्तर की सेवा सहित स्पष्ट रूप से संतोषजनक होनी चाहिए। शहरी परिवहन प्रणाली में बहुत से नवोत्पादों ने स्थान ग्रहण कर लिया है। इस मामले में प्रौद्योगिकी का अंतरण बहुत अधिक उपयोगी होगा। अन्यत्र उपलब्ध स्तर पर टेलीफोन सेवा की व्यवस्था करना संभव नहीं है पर थोड़े समय में शहर के समकालीन मानकों का संचार प्रणाली की व्यवस्था करने में समर्थ हो जाएगा। सेवा की कोटि में सुधार लाने के लिए टेलीफोन लाईनों की भूमिगत केबिल बिछाना अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

इस समय दिल्ली में एक सम्मेलन केन्द्र अर्थात् विज्ञान भवन है जो अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के लिए ख्याति का केन्द्र हो गया है और उसे दुगुना करना आवश्यक नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर एक और सम्मेलन केन्द्र एशियाई खेल गांव के निकट विकसित किया जाना चाहिए। प्रस्तावित सम्मेलन केन्द्र के साथ दक्षिणी दिल्ली में समकालीन 'विपणन कांपलेक्स के लिए एक स्थल निर्दिष्ट किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों के लिए प्रदर्शनी स्थल अर्थात् प्रगति मैदान भली-भांति स्थित है।

दिल्ली तेजी से विकासशील विश्व की केन्द्र बनती जा रही है। शहर में विकासशील देशों की योजना और विकास संबंधी समस्याओं पर मुख्य रूप से विचार करने के लिए एक नया विकास-नियोजन उच्चतर विद्या संस्थान प्रारम्भ किया जा सकता है। विकास संबंधी समस्याओं में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के साथ-साथ इस प्रकार के संस्थान में नये क्षेत्रों अर्थात् ऊर्जा, परिस्थिति की पर्यावरण आनुवांशिकी कंप्यूटर विज्ञान और अन्य के विशिष्टीकृत विभाग होने चाहिए।

इस बात पर बल देने की आवश्यकता है कि शहर का आधुनिकीकरण आंशिक रूप में न हो बल्कि समग्र रूप में हो कुछ क्षेत्रों में सीमित कार्यवाहियों के रूप में न हो अपितु निर्णय करने की अभिरुचि के रूप में हो। शहरी क्रियाकलापों अर्थात् आवास व्यावसायिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों और सार्वजनिक सुविधाओं के समस्त क्षेत्रों के विकास में दीर्घ अवधि की क्षमता, भविष्यवादी दृष्टिकोण और जीवन की उच्च कोटि को बनाए रखने के लिए स्वस्थ पर्यावरण पर बल दिया जाना चाहिए।

दिल्ली का भिन्न रूप है। यह भारत की राजधानी है। इसमें शताब्दियों का इतिहास निहित है। इसके भागों में नई दिल्ली के वृहद दृश्य और शाहजहांवाद की रूपांतरित करने वाली गलियां हैं। आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में रहन-सहन के वातावरण की व्यवस्था करते हुए और राज्य एवं आर्थिक क्षमता के कार्यों को करते हुए अपने आकार के माध्यम से और आंशिक तथा समग्र रूप से अपने कार्यकलापों के माध्यम से शहर को अपना रूप अवश्य प्रतिबिम्बित करना चाहिए।

भूमि उपयोग प्लान

विभिन्न खंडों के लिए प्रतिपादित नितियां संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली के भूमि उपयोग पैटर्न में स्पष्ट की गई हैं। विकास पर नियंत्रण रखने के लिए क्षेत्रों को विकास संहिता निर्दिष्ट 37 उपयोग जोनों के रूप में नामित किया गया है। इन 37 उपयोग जोनों का मोटे तौर पर आवासीय व्यावसायिक, विनिर्माण, मनोरंजनात्मक, परिवहन, उपयोगिता, सरकारी, सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक और कृषि एवं जल निकाय नामक भूमि उपयोग के नौ वर्गों में वर्गीकरण किया गया है। इन उपयोग जोनों का विकास विकास संहिता में निर्दिष्ट विनियमों के अनुसार किया जाएगा।

विशेष क्षेत्र प्लान :

पुराने निर्मित क्षेत्रों और विशेष प्रकार की समस्याओं वाले कुछ अन्य क्षेत्रों का दिल्ली विकास संहिता में दिए गए सामान्य उपयोग जोन विनियमों के अनुसार विकास करना संभव नहीं है। निकटवर्ती विशेष उपयोग क्षेत्रों सहित ऐसे क्षेत्रों को 'विशेष क्षेत्र' का नाम दिया गया है। इस क्षेत्र के विकास के लिए एक अलग प्लान तैयार किया गया है इस क्षेत्र के अन्दर विकास विकास संहिता में इस क्षेत्र के लिए दिए गए विशेष विनियमों के अनुसार किया जाएगा।

जोनल (डिवीजन) प्लान

संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली को 15 जोनों (डिवीजनों) में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन (डिवीजन) का अनुमानित क्षेत्रफल नीचे दिया गया है :—

जोन का नाम	अनुमानित क्षेत्रफल हेक्टेयरों में
(क) पुराना शहर	1159
(ख) शहरी एक्सटेंशन (करोल बाग)	2304
(ग) सिविल लाइंस	3959
(घ) नई दिल्ली	6855
(च) यमुना पार	8797
(छ) दक्षिणी दिल्ली-1	11958
(ज) पश्चिमी दिल्ली-1	11865
(झ) उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली-1	5677
(ट) दक्षिणी दिल्ली-2	15178
(ठ) पश्चिमी दिल्ली-2	12056
(ड) पश्चिमी दिल्ली-3	22979
(ढ) उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली-2	8213
(त) उत्तरी पश्चिमी दिल्ली-3	15851
(थ) यमुना नदी	6081
(द) उत्तरी दिल्ली	15707

जोनल (डिवीजन) योजनाओं में आवश्यकतानुसार योजना की नीतियों का ब्यौरा दिया जा सकता है और वे ले-आउट प्लान और मुख्य योजना के बीच कड़ी का कार्य कर सकती है। इन योजनाओं को दिल्ली की मुख्य योजना (संशोधन हेतु यथा-प्रस्तावित) के अधिसूचित होने के तुरन्त बाद प्रकाशित किया जाएगा और उसकी प्रास्थिति वही होगी जो दिल्ली की मुख्य योजना की होगी। विकास योजनाएं/ले-आउट प्लान जिनमें उपयोग परिसर निर्दिष्ट किए जाएंगे जोनल (डिवीजनल) योजनाओं के अनुरूप होंगे।

(2) अध्याय 2 के शीर्षक "जोनिंग एवं सब-डिवीजन विनियम" के स्थान पर निम्नलिखित पाठ सहित "विकास संहिता" प्रतिस्थापित किया जाए।

प्रस्तावना

इस संहिता का उद्देश्य योजना में निहित विकास नीतियों और भूमि उपयोग प्रस्तावों के अनुसार भूमि के सर्वाधिक उपयुक्त विकास की व्यवस्था कर के दिल्ली के लोगों के जीवन को और बेहतर बनाना है।

यह एक सुव्यवस्थित संहिता है जिसके द्वारा दो स्तरों पर उपयोग कार्य-कलाप (उपयोग) का निर्णय किया जाएगा (1) उपयोग जोन को उपयोग परिसर (ले-आउट) में बदलना और (2) उपयोग परिसर में उपयोग कार्य-कलाप के लिए अनुमति देना। संहिता में उपयोग जोन और उपयोग परिसर के बीच विभेदीकरण किया गया है।

संहिता का प्रवर्तन

भूमि उपयोग प्लान की व्यवस्था के अनुसार संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली का विकास करने के लिए निम्नलिखित का अनुपालन किया जाना चाहिए :

खण्ड 1.0 नाम विस्तार, आरम्भ और उद्देश्य

1(1) इस संहिता को विकास संहिता कहा जाए।

1(2) इसके अन्तर्गत समस्त संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली आएगा।

खण्ड 2.0 परिभाषाएं

जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षा न हो, इस संहिता में—

2(1) उपयोग जोन से अभिप्रेत है—

खण्ड 5.0 में की गई व्यवस्था के अनुसार शहरी कार्यों के किसी एक विशेष प्रभावी उपयोग के लिए क्षेत्र

2(2) उपयोग परिसर से अभिप्रेत है—

किसी एक उपयोग जोन के बहुत से सब डिवीजनों में से एक, जिसे किसी विशेष मुख्य उपयोग या कार्य-कलाप के लिए ले-आउट प्लान को तैयार करते समय नामित किया जाएगा और उसमें अनुसूची 1 में दिए गए उपयोग परिसर शामिल हैं।

2(3) ले-आउट प्लान से अभिप्रेत है—

सभी उपयोग परिसरों की आकृति और सीमाओं को निर्दिष्ट करने वाला सब-डिवीजन प्लान।

स्पष्टीकरण:—

प्रत्येक उपयोग जोन का किसी विशेष उपयोग जोन के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र की व्यापकता के अनुसार एक या एक से अधिक ले-आउट प्लान हो सकते हैं और उसके विपरीत हो भी सकता है।

2(4) जोनल विकास प्लान से अभिप्रेत है—संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली के जोनों (डिवीजनों) में से किसी एक के लिए प्लान, जिसमें सामाजिक आधारिक संरचना, पार्कों, खुले स्थानों और परिचालन पद्धति की व्यवस्था से सम्बन्धित विस्तृत सूचना होगी।

2(5) भूमि उपयोग प्लान से अभिप्रेत है—वह प्लान जिसमें सभी उपयोग जोन निर्दिष्ट किए गए हों, जैसा कि खण्ड 2(1) में परिभाषित किया गया है।

2(6) विशेष क्षेत्र से अभिप्रेत है:—

वह क्षेत्र जो प्लान में इस प्रकार नामित किया जायेगा।

2(7) व्यावसायिक केन्द्र में सी. बी. डी., जिला केन्द्र, समुदाय केन्द्र, स्थानीय खरीददारी और सुविधा खरीददारी शामिल हैं।

खण्ड 3.0 उपयोग जोन और उपयोग परिसर की संस्थापना

3(1) संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली को 37 उपयोग जोनों में विभाजित किया गया है, जैसा कि खण्ड 4.0 में उल्लिखित है।

3(2) प्रत्येक उपयोग जोन अनुसूची-1 में निर्दिष्ट 136 उपयोग परिसरों में से उपयोग परिसरों की आवश्यक संख्या में शर्तों सहित या शर्तों के बिना उप विभाजित किया जाएगा ।

3(3) प्रत्येक उपयोग परिसर को निर्धारित 136 उपयोगों/उपयोग कार्य-कलापों में से विशेष उपयोगों/उपयोग कार्य-कलापों के लिए शर्तों सहित या शर्तों के बिना अनुमति दी जाएगी ।

3(4) विधि के अनुसार प्राधिकरण या किसी अन्य स्थानीय प्राधिकरण द्वारा पहले से अनुमोदित ले-आउट प्लान इस संहिता के अन्तर्गत अनुमोदित माने जाएंगे ।

3(5) जिस क्षेत्र का कोई अनुमोदित ले-आउट प्लान नहीं है, उस पर जोनल विकास प्लान की व्यवस्था द्वारा नियंत्रण होगा ।

3(6) सर्विस प्लानों और व्यक्तिगत आवासीय एवं औद्योगिक प्लाटों के प्लानों, जो सम्बन्धित स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किए जाएंगे, को छोड़कर सभी ले-आउट प्लान और बिल्डिंग प्लान प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किए जाएंगे ।

खण्ड 4.0 नामित उपयोग जोन

आवासीय, व्यावसायिक, विनिर्माण, मनोरंजनात्मक, परिवहन, उपयोगिता, सरकारी, सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक और कृषि एवं जल-निकाय नाम के 9 वर्गों में वर्गीकृत 37 उपयोग जोन होंगे । 37 उपयोग जोन निम्नलिखित हैं :—

(क) आवासीय

4.01 आर. डी. घनत्व सहित आवासीय क्षेत्र (ग्रामीण जोन के अन्तर्गत आने वाले गांवों सहित)

4.02 आर एफ विदेशी मिशन

(ख) व्यावसायिक

4.03 सी-1 खुदरा खरीददारी, सामान्य व्यापार एवं वाणिज्य

4.04 सी-2 थोक मालगोदाम, शीतागार और तेल डिपो

4.05 सी-3 होटल

(ग) विनिर्माण

4.06 एम 1 हल्के एवं सेवा उद्योग (फ्लैटेड समूह उद्योग सहित)

4.07 एम. 2 विस्तृत उद्योग

(घ) मनोरंजनात्मक

4.08 पी 1-क्षेत्रीय पार्क

4.09 पी 2-जिला पार्क

4.10 पी 3-खेल मैदान स्टेडियम और खेल कूद काम्पलेक्स

4.11 पी 4-ऐतिहासिक स्मारक

(च) परिवहन

4.12 टी-1 विमान पत्तन

4.13 टी-2 रेल टर्मिनल

4.14 टी-3 रेल परिचालन

4.15 टी-4 बस टर्मिनल एवं डिपो

4.16 टी-5 ट्रक टर्मिनल

4.17 टी-6 सड़क परिचालन

(छ) उपयोगिता

4.18 यू (जल) शोधन संयंत्र आदि

4.19 यू. 2 सीवरेज (शोधन संयंत्र आदि)

4.20 यू.-3 विद्युत (पावर हाउस, सब-स्टेशन आदि)

4.21 यू-4 कूड़ा-करकट (सैनिट्री लैण्ड फिल आदि)

4.22 यू-5 नाला

(ज) सरकारी

4.23 जी-1 राष्ट्रपति सम्पदा और संसद भवन

4.24 जी-2 सरकारी कार्यालय

4.25 जी-3 सरकारी भूमि (उपयोग अनिर्धारित)

(झ) सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनिक

4.26 पी एस 1 अस्पताल

4.27 पी एस 2 शिक्षा एवं अनुसंधान (विश्वविद्यालय तथा विशेषकृत शैक्षिक संस्थाओं सहित)

4.28 पी एस-3 सामाजिक एवं सांस्कृतिक

4.29 पी एस-4 पुलिस मुख्यालय तथा पुलिस लाइन

4.30 पी एस-5 अग्नि शमन केन्द्र और मुख्यालय

4.31 पी एस-6 संचार

4.32 पी. एस.-7 शवदाह तथा दफन

4.33 पी.एस.-8 धार्मिक

(ञ) कृषि एवं जल निकाय

4.34 ए-1 प्लांट नर्सरी

4.35 ए-2 हरित पट्टा

4.36 ए-3 ग्रामीण जोन (आवासीय क्षेत्रों के रूप में गांव)

4.37 ए-4 नदी एवं जल-निकाय

खण्ड 5.0 नामित उपयोग परिसर

136 उपयोग परिसर होंगे, जिन्हें अनुसूची 1 में नामित किया गया है ।

उपयोग परिसरों के नाम के हैं 136 उपयोग/उपयोग कार्यकलाप होंगे ।

खण्ड 6.0 उपयोग जोनों की अवस्थिति तथा सीमाएं

6(1) 37 उपयोग जोनों में से कोई भी एक जोन एक या एक से अधिक स्थानों पर अवस्थित हो सकता है, जैसाकि भूमि उपयोग प्लान में दिखाया गया है ।

6(2) उपयोग जोनों की विभिन्न पाकेटों की सीमाएं सड़कें, रेलवे ट्रैक, नाले आदि जैसी विशेषताओं द्वारा भूमि उपयोग प्लान में परिभाषित की गई है । भिन्न-भिन्न उपयोग जोनों की प्रत्येक पाकेट का क्षेत्रफल भूमि उपयोग प्लान में निर्दिष्ट किया गया है ।

खण्ड 7.0 उपयोग परिसर की अवस्थिति और सीमाएं

7(1) प्रत्येक उपयोग परिसर की अवस्थिति और सीमाएं वे हैं मानी जाएंगी जो सड़कें, नाले जैसी महत्वपूर्ण विशेषताओं या अन्य भौतिक विशेषताओं के अनुसार ले आउट में निर्दिष्ट होंगी ।

7(2) किसी भी कारण से उपयोग परिसरों की अवस्थिति, सीमाओं और मुख्य उपयोग के किसी परिवर्तन को अनुमोदन के बाद ले-आउट प्लान में सम्मिलित किया जायेगा ।

खण्ड : 8 विनियम

8(1) उपयोग जोनों का उपयोग परिसरों में उप विभाजन : इन विनियमों का उद्देश्य आवासीय और औद्योगिक उपयोग जोनों के लिए ले-आउट प्लान तैयार करने के लिए मार्गदर्शन करना है । इन विनियमों में सुविधाओं की व्यवस्था के मानदण्ड, परिचालन पद्धति और भू-दृश्य मानक शामिल हैं । जल-आपूर्ति, सीवरेज, जल निकास आदि जैसी

भौतिक आधारिक संरचना की व्यवस्था के इन ले-आउट प्लानों के अनुरूप सेवा सर्विस प्लानों पर नगरपालिका उप-विधि लागू होगी। आवासीय और औद्योगिक को छोड़कर शेष उपयोग जोन के एकीकृत प्लान होंगे, जिन पर सम्बन्धित बिल्डिंग नियंत्रण विनियमों द्वारा नियंत्रण किया जाएगा।

स्पष्टीकरण : एकीकृत प्लान रूढ़िक प्लान से भिन्न है, क्योंकि एकीकृत प्लान में विनियम सारे प्लाटों के लिए हैं और उप-विभाजन विकास उद्देश्य के लिए किए गए हैं।

(क) आर. डी.—आवासीय उपयोग जोन :

आवासीय उपयोग जोन का उपयोग परिसर में उप विभाजन और बाद में ले-आउट प्लानों का अनुमोदन निम्नलिखित मानकों से नियंत्रित होंगे:—

1. आवासीय क्षेत्र में भू-खण्डीय और समूह आवास दोनों प्रकार का विकास हो सकता है। भू-खण्डीय विकास के मामले में दो वर्गों के आवासीय प्लाट काटे जा सकते हैं :— (1) एक परिवार इकाई (प्लाट साइज—32 से 80 व.मी. तक की रेंज) और (2) तीन परिवार इकाई (प्लाट साइज—150 से 350 व. मी. तक की रेंज) समूह आवास के मामले में, प्लाट का न्यूनतम साइज 2,000 व. मी. होगा।

2. 15,000 जनसंख्या के आवासीय प्रतिवेश के लिए अपेक्षित आधारिक संरचना की व्यवस्था निम्नलिखित मानदण्डों के अनुसार होगी। किसी भी आवासीय सब डिवीजन प्लान में आधारिक संरचना के लिए न्यूनतम आरक्षित क्षेत्र प्रति व्यक्ति 11.00 व मी. की दर से होगा।

क्रम सं०	उपयोग परिसर	इकाइयों की संख्या	इकाई क्षेत्रफल (हेक्ट० में)	कुल भूमि क्षेत्रफल (हेक्ट० में)
1	2	3	4	5
(क)	शिक्षा :			
1.	नर्सरी स्कूल	6	0.08	0.40
2.	प्राइमरी स्कूल	3	0.40	1.20
3.	सीनियर सैकेन्डरी स्कूल	2	1.60	3.20
(ख)	स्वास्थ्य :			
4.	नर्सिंग होम/ डिस्पेन्सरी	2	0.10	0.20
(ग)	खरीददारी :			
5.	सेवा केन्द्र सहित स्थानीय खरीददारी	1 (सेवा केन्द्र के लिए 0.10)	0.46	0.46
6.	सुविधा खरीददारी	3	0.11	0.33
(घ)	अन्य समुदाय सुविधा :			
7.	मिल्क बूथ	3	0.015	0.045
8.	धार्मिक	3	0.04	0.12
9.	समुदाय कक्ष	3	0.066	0.198
10.	समुदाय भवन एवं पुस्तकालय	1	0.20	0.20
(च)	मनोरंजन			
11.	टाट-लाट	--	--	3.00
12.	पार्क	--	--	4.50
13.	खेल क्षेत्र	--	--	2.25
(छ)	उपयोगिता :			
14.	ओवर हैड टैंक (जहां आवश्यक हो)	--	--	0.25
15.	विद्युत सब-स्टेशन 1 के वी (जहां आवश्यक हो)	2	0.046	0.092
16.	तिपहिया स्कूटर एवं टैक्सी स्टैण्ड	1	--	0.05

पार्क और खेल क्षेत्र निम्नलिखित प्रकार से वितरित किया जाएगा :—

(1) टाट-लाट-प्रति व्यक्ति 2.0 व. मी. की दर से।

(2) पार्क प्रति व्यक्ति 3 व. मी. की दर से, 1.50 हैक्टेयर के न्यूनतम साइज का एक पार्क।

(3) प्रति व्यक्ति 1.50 व.मी. की दर से, 1.50 हैक्ट. के साइज का, एक स्थान पर—खेल क्षेत्र।

3. परिचालन पद्धिति के सम्बन्ध में आवासीय प्रतिवेश का नियोजन निम्नलिखित मानकों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा :—

(1) आवासीय प्लाटों के आगे सामान्यतः खुला स्थान होगा, जिसमें पैदल आवागमन के लिए न्यूनतम 12 मीटर (मी.) चौड़ा स्थान भी शामिल है। प्लाटों के आगे आवश्यकतानुसार गाड़ियों के आवागमन के लिए 12 मी. के मार्गाधिकार (आर डब्ल्यू) की सड़क भी हो सकती है। समूह के अन्दर परिचालन जाल की व्यवस्था इस प्रकार की जाएगी कि कोई भी प्लाट गाड़ियों के आवागमन के निकटतम स्थान से 65 मी. से अधिक दूरी पर नहीं होगा।

(2) खुले स्थान वाले आवासीय प्लाटों के आगे 1.5 मी. चौड़ा पैदल रास्ता होगा। उचित अनुमाप रखने और घेराव का अनुभव कराने के लिए खाली स्थानों के प्रवेश एवं निर्गम द्वार कम कर के 6 मी. रखे जाएं।

(3) अन्य सभी गाड़ियों को गाड़ियों के आवागमन की सड़क के साथ बने विशेष पार्किंग स्थलों पर खड़ा करने की पाबन्दी लगाई जाएगी।

4. भू-दृश्य के सम्बन्ध में आवासीय प्रतिवेश का नियोजन निम्नलिखित मानकों द्वारा नियंत्रित किया जायेगा :—

(1) आवासीय प्लाटों के आगे के खाली स्थान को प्रति 100 व. मी. एक पेड़ की दर से पेड़ लगाकर उचित रूप से भू-दृष्टिांकित किया जायेगा।

(2) आवासीय प्रतिवेश में गाड़ियों की सड़कों के दोनों ओर 6 मी. के अन्तराल पर छोटे-छोटे पेड़ होंगे। पार्किंग क्षेत्र में प्रति दो कारों के स्थल के लिए एक पेड़ की दर से पेड़ लगाए जाएंगे।

(3) आवासीय प्रतिवेश में पार्कों के विभिन्न स्तरों पर प्रति हैक्टेयर 125 वृक्ष की दर से वृक्षारोपण होगा।

5.50 वर्ग मी. से कम के प्लाटों सहित निम्न आय वर्ग भू-खण्डीय विकास निम्नलिखित मानकों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा :—

(1) मनोरंजन से सम्बन्धित क्षेत्र 6.43 हेक्टेयर होगा।

(2) प्लाटों के आगे न्यूनतम 8 मी. चौड़ाई का खुला स्थान होगा, जिसमें पैदल चलने का रास्ता भी शामिल है।

(3) खुले स्थान वाले आवासीय प्लाटों के आगे 1.0 मी. चौड़ा पैदल रास्ता होगा और खुले स्थान का प्रवेश एवं निकास द्वार 4.0 मी. चौड़ाई का होगा।

(ख) एम-1 हल्के एवं सेवा उद्योग उपयोग जोन :

औद्योगिक उपयोग जोन का उपयोग परिसर में उप विभाजन और उसके बाद औद्योगिक सम्पदा के लिए ले-आउट प्लानों का अनुमोदन निम्नलिखित मानकों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा :—

1. औद्योगिक क्षेत्र का विकास व्यक्तिगत उद्योगों के भू-खण्डीय विकास के तरीके से किया जाए । औद्योगिक सम्पदा का कुछ भाग फलैटेड समूह उद्योग के लिए उपयोग किया जाए । फलैटेड समूह उद्योग के लिए प्लाट का न्यूनतम साइज 2000 व.मी. होगा। ले-आउट प्लान में निर्दिष्ट करने के लिए भू-खण्डीय विकास के लिए प्लाट साइजों के विभिन्न वर्ग निम्नलिखित तालिका के अनुसार होंगे :—

क्र. सं०	प्लाट के साइज (व. मी.)	प्लाटों का वितरण	संसूचक
1	2	3	4
1.	30 से 50 तक (दुकान उद्योगों के लिए)	25 प्रतिशत	
2.	100 तथा 200 तक	45 प्रतिशत	
3.	200 से अधिक और 500 तक	25 प्रतिशत	
4.	500 से अधिक और 1000 तक	5 प्रतिशत	

2. 20,000 नियोजक साईज की औद्योगिक सम्पदा के लिए औद्योगिक विकास के लिए अपेक्षित सुविधाओं की व्यवस्था निम्नलिखित तालिका के अनुसार की जाएगी । औद्योगिक उप-विभाजन प्लान में सुविधाओं की व्यवस्था के लिए आरक्षित न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति कामगार 2.05 व. मी. होगा। औद्योगिक सम्पदा में नियोजन कुल क्षेत्रफल का प्रति हेक्टेयर 300 कामगार की दर से निकाला जाएगा ।

क्रम सं.	उपयोग परिसर	क्षेत्रफल हेक्टेयर में
1.	उप-अग्नि शमन केन्द्र	0.6
2.	पुलिस स्टेशन	1.00
3.	समुदाय केन्द्र (औद्योगिक सम्पदा के लिए अपेक्षित अनिवार्य सुविधाओं को समायोजित करने के लिए)	1.00
4.	विद्युत सब-स्टेशन (जहां आवश्यक हो)	0.50
5.	ट्रक, टैम्पो, टैक्सी और तिपहिया आदि के लिए पार्किंग क्षेत्र	1.00

3. जल प्रदूषित करने वाले उद्योगों के मामले में मल निस्सारी को नियमित सीवरों में छोड़ने से पहले उसका सामान्य शोधन संयंत्र में शोधन किया जाएगा ।

4. परिचालन पद्धति के मामले में औद्योगिक सम्पदा को निम्नलिखित मार्ग-निर्देशों के अनुसार योजनाबद्ध किया जाएगा ।

(1) औद्योगिक सम्पदा के अन्दर कोई भी सड़क 22.00 मी. के मार्गाधिकार से कम की न होगी ।

(2) सर्विस लेन की आवश्यकता नहीं होगी ।

5. भू-दृश्य के मामले में औद्योगिक सम्पदा को निम्नलिखित मार्ग निर्देशों के अनुसार योजनाबद्ध किया जाएगा ।

(1) औद्योगिक सम्पदा में पार्कों/बफरों के रूप में भू-दृश्य के लिए न्यूनतम 12 प्रतिशत क्षेत्र होगा ।

(2) औद्योगिक सम्पदा के अन्तर सड़कों के दोनों ओर लगभग 10 मी. के अन्तराल पर वृक्ष लगाए जाएंगे । पार्किंग क्षेत्रों में प्रति दो पार्किंग स्थल एक वृक्ष की दर से वृक्ष लगाए जाएंगे ।

(3) पार्कों और परिधीय बफर में प्रति हेक्टेयर 150 वृक्ष की दर से वृक्षारोपण किया जाएगा ।

(ग) एम-2 विस्तृत उद्योग उपयोग जोन :

औद्योगिक उपयोग जोन का उपयोग परिसर में उप-विभाजन और उसके बाद व्यक्तिगत औद्योगिक सम्पदा के लिए ले-आऊट प्लान का अनुमोदन निम्नलिखित मानकों द्वारा नियंत्रित किए जाएंगे ।

1. औद्योगिक क्षेत्र का विकास व्यक्तिगत उद्योग के भू-खण्डीय विकास के तरीके से किया जाएगा । औद्योगिक सम्पदा का कुछ भाग फलैटेड समूह उद्योग के लिए उपयोग किया जा सकता है । फलैटेड समूह उद्योग के लिए प्लाट का न्यूनतम साइज 2000 व. मी. होगा । ले-आउट प्लान में निर्दिष्ट करने के लिए भू-खण्डीय विकास के लिए प्लाट साईजों के विभिन्न वर्ग निम्नलिखित तालिका के अनुसार होंगे ।

क्रम सं.	प्लाट के साईज (व.मी.)	प्लाटों का संसूचक वितरण
1.	400 और 1000 तक	80%
2.	1000 से अधिक	20%

2. सुविधाओं की व्यवस्था के लिए न्यूनतम आरक्षित क्षेत्र प्रति कामगार 2.55 व. मी. की दर से होगा । औद्योगिक सम्पदा में नियोजन कुल क्षेत्रफल का प्रति हैक्टेयर 160 कामगार की दर से निकाला जाएगा । 20,000 नियोजन साइज की औद्योगिक सम्पदा के लिए निम्नलिखित सुविधाओं की व्यवस्था होगी ।

क्रम सं.	उपयोग परिसर	क्षेत्रफल हेक्टेयर में
1.	उप-अग्निशमन केन्द्र	0.6
2.	पुलिस स्टेशन	1.0
3.	समुदाय केन्द्र (औद्योगिक सम्पदा के लिए अपेक्षित अनिवार्य सुविधाओं को समायोजित करने के लिए)	1.1
4.	विद्युत सब-स्टेशन (वि.स.स्टे.) (जहां आवश्यक हो)	1.0
5.	ट्रकों, टेम्पो, टैक्सी और तिपहिया आदि के लिए पार्किंग क्षेत्र	1.5

3. जल प्रदूषित करने वाले उद्योगों के मामले में जल निस्सार को नियमित सीवरों में डालने से पहले उसका सामान्य शोधन संयन्त्र में शोधन किया जाएगा ।

4. परिचालन पद्धति के मामले में औद्योगिक सम्पदा को निम्नलिखित मार्ग-निर्देशों के अनुसार योजनाबद्ध किया जाएगा ।

(1) औद्योगिक सम्पदा के अन्दर कोई भी सड़क 32 मी. से कम मार्गाधिकार की नहीं होगी ।

(2) सर्विस लेन आवश्यक नहीं होंगी ।

5. भू-दृश्य के मामले में औद्योगिक सम्पदा को निम्नलिखित मार्ग निर्देशों के अनुसार योजनाबद्ध किया जाएगा ।

(1) औद्योगिक सम्पदा के लिए भूदृश्य के लिए पार्कों बफर के रूप में क्षेत्र का न्यूनतम 8 प्रतिशत होगा ।

(2) औद्योगिक सम्पदा के अन्दर सड़कों के दोनों ओर लगभग 10 मी. के अन्तराल पर वृक्ष लगाए जाएंगे । पार्किंग क्षेत्र में वृक्ष प्रति दो पार्किंग स्थलों के लिए एक वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे ।

(3) पार्कों और परिधीय बफर में वृक्षारोपण प्रति हेक्टेयर 150 वृक्ष की दर से किया जाएगा ।

8(2) उपयोग जोनों में उपयोग परिसरों की अनुमति

(क) पांच महत्वपूर्ण उपयोग जोनों में चुने हुए उपयोग परिसरों की अनुमति

क्रम सं.	उपयोग परिसर	उपयोग जोन				
		आरडी	सी1	सी2	एम1	एम2
001	आवासीय प्लाट-भू-खण्डीय आवास	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
002	आवासीय प्लाट समूह आवास	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
004	आवास एवं कार्य प्लाट	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
007	होस्टल					
	(1) संस्थाओं से सम्बद्ध होस्टल	एनपी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
	(2) संस्थाओं से असम्बद्ध होस्टल	पी	पी	एनपी	पी	एनपी
008	गेस्ट हाउस, बोर्डिंग हाउस तथा लोजिंग हाउस					
	(1) सरकारी, सार्वजनिक एवं प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी गेस्ट हाउस	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
	(2) अन्य सभी	एनपी	पी	पी	पी	एनपी
016	सुविधा खरीददारी	पी	एनए	एनए	एनए	एनए
017	स्थानीय खरीददारी केन्द्र	पी	एनए	एनए	एनए	एनए
019	थोक व्यापार	एनपी	एनपी	पी	एनपी	एनपी
020	भण्डारण, गोदाम एवं भण्डागार					
	(1) अज्वलनशील	एनपी	एनपी	पी	पी	पी
	(2) ज्वलनशील (विस्फोटक सामग्री से सम्बन्धित विनियमों के अनुसार)	एनपी	एनपी	पी	पी	पी
021	शीतागार तथा बर्फ फैक्ट्री	एनपी	एनपी	पी	पी	पी
022	गैस गोदाम	एनपी	एनपी	पी	पी	पी
023	मुख्य तेल डिपो तथा एल पी जी रिफिलिंग संयंत्र (विशेष उपयोग के रूप में)	एनपी	एनपी	पी	एनपी	एनपी
025	व्यावसायिक कार्यालय	एनपी	पी	पी	एनपी	एनपी
028	सिनेमा	एनपी	पी	पी	पी	पी
035	सर्विस केन्द्र	एनपी	पी	पी	एनए	एनए
036	औद्योगिक प्लाट—हल्के एवं सेवा उद्योग	एनपी	एनपी	एनपी	पी	पी
037	औद्योगिक प्लाट—विस्तृत उद्योग	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी	पी
063	बस टर्मिनल	पी	पी	पी	पी	पी
064	बस डिपो तथा वर्कशाप	एनपी	एनपी	एनपी	पी	पी
072	अस्पताल (200 बिस्तरों तक)	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
073	स्वास्थ्य केन्द्र (30 बिस्तरों तक)	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
074	नर्सिंग होम	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
081	प्राइमरी स्कूल	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
082	सैकेन्डरी स्कूल	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
083	सीनियर सैकेन्डरी स्कूल	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
084	एकीकृत स्कूल	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
085	एकीकृत आवासीय स्कूल	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
086	कालिज	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
088	समाज कल्याण केन्द्र					
	(1) आडिटोरियम सहित	एनपी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
	(2) आडिटोरियम रहित	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
099	आडिटोरियम	एनपी	पी	एनपी		एनपी
107	धार्मिक परिसर	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी

पी : परमिटेड (अनुमति दी)। एनपी : नाट परमिटेड (अनुमति नहीं दी)। एन ए : नाट एप्लीकेबल (लागू नहीं)।

(क) पांच महत्वपूर्ण उपयोग जोनों में द्वितीयक उपयोग परिसरों की अनुमति

क्रम सं.	उपयोग परिसर	उपयोग जोन				
		आरडी	सी1	सी2	एम1	एम2
003	आवासीय फ्लैट					
	(1) समूह आवास के भाग के रूप में	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
	(2) प्रथम तल पर और उस से ऊपर	एनए	पी	एनपी	एनपी	एनपी
005	आवासीय परिसर-विशेष क्षेत्र	एनए	एनए	एनए	एनए	एनए
006	विदेशी मिशन	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
007	धर्मशाला	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
010	बरातघर	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
011	रैन बसेरा	पी	पी	पी	पी	पी
018	साप्ताहिक बाजार					
	(1) विद्यमान अवस्थितियां, यदि यातायात परिचालन में बाधा न हो, उस समय तक जब तक इन क्षेत्रों का नामित उपयोग के लिए उपयोग न हो।	पी	पी	पी	पी	पी
	(2) काम के घंटों को छोड़कर केवल शेष समय के दौरान साप्ताहिक बाजारों के लिए उपयोग किए जाने वाले व्यावसायिक केन्द्रों में पार्किंग और अन्य खुले स्थान।	एनपी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
024	जंक यार्ड	एनपी	एनपी	पी	पी	पी
027	मोटर गैरेज एव वर्कशाप	एनपी	पी	पी	पी	पी
034	फलैटेड समूह उद्योग	एनपी	पी	पी	पी	पी
039	औद्योगिक प्लाट-उद्योग विशेष टाईप	एनपी	एनपी	एनपी	पी	एनपी
058	रेलवे गाड़ी गोदाम	एनपी	एनपी	पी	पी	पी
077	नैदानिक प्रयोगशाला	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
078	स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
080	नर्सरी एवं किन्डरगार्टेन स्कूल	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
087	व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान	पी	पी	पी	पी	एनपी
089	अनुसंधान एवं विकास केन्द्र	पी	पी	पी	पी	पी
090	पुस्तकालय	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
091	तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र	पी	पी	एनपी	पी	एनपी
093	संगीत, नृत्य और नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
095	मोटर चालन प्रशिक्षण केन्द्र	एन पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
096	बाल यातायात पार्क	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
097	संग्रहालय	पी	पी	एनपी	पी	एनपी
098	प्रदर्शनी केन्द्र एवं चित्रशाला	पी	पी	एनपी	पी	एनपी
100	खुला थियेटर	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
101	समुदाय भवन	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
103	सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी
104	सामाजिक तथा सांस्कृतिक संस्थान	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
106	अनाथालय	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
108	योग केन्द्र, मनन, आध्यात्मिक और धार्मिक प्रवचन केन्द्र	पी	एनपी	एनपी	एनपी	एनपी
130	प्लांट नर्सरी	पी	पी	एनपी	एनपी	एनपी

(क) 2 उपयोग परिसर जो सभी पांच महत्वपूर्ण उपयोग जोनों (आर. डी., सी 1, सी. 2, एम 1 तथा एम 2) में अनुमत हैं।

खुदरा, मरम्मत एवं कार्मिक सेवा दुकान (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में), विक्रय बूथ, बैंक, पैट्रोल पम्प, रेस्टोरेंट (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में), होटल (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में) और अन्य आवासीय क्षेत्रों में, जहां बिल्डिंग प्लान स्वीकृत विज्ञप्ति क्षेत्र और एफ.ए.आर. के अनुसार होटल बिल्डिंग के लिए स्वीकृत किए गए हों।

पार्क, खेल-मैदान, इन्डोर गेम्स हाल, तैरने का तालाब, मनोरंजन-कल्ब।

माल बुक कराने का कार्यालय (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में), रेलवे बुकिंग कार्यालय (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में) सड़क परिवहन बुकिंग कार्यालय (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में) पार्किंग, टैक्सी एवं तिपहिया स्टेण्ड-सार्वजनिक उपयोगिता परिसर।

केन्द्रीय सरकारी कार्यालय (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में) स्थानीय सरकारी कार्यालय (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में) सरकारी उपक्रम कार्यालय (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में)।

डिस्पेंसरी, क्लीनिक (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में), शिशुगृह एवं दिवस देखभाल केन्द्र, व्यावसायिक तथा सचिविक प्रशिक्षण केन्द्र (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में), पुलिस चौकी, पुलिस स्टेशन, अग्निशमन चौकी, अग्निशमन केन्द्र, डाकघर, डाकतार कार्यालय तथा टेलीफोन केन्द्र।

(क) 3 उपयोग परिसर सभी पांच महत्वपूर्ण उपयोग जोनों (आर. डी., सी. 1, सी. 2, एम 1, तथा एम 2) में जिनके लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

मोटल, ड्राइव-इन-सिनेमा)

औद्योगिक परिसर निस्सारक उद्योग

आउटडोर गेम्स स्टेडियम, इन्डोर गेम्स स्टेडियम, शूटिंग रेंज, चिड़िया घर, पक्षी शरण स्थान, वानस्पतिक उद्यान विशेषीकृत पार्क।

मैदान, तारामंडल, पिकनिक हट/शिविर स्थल।

फ्लाईंग क्लब

अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र, न्यायालय, सरकारी भूमि (उपयोग अनिर्धारित) खेल कूद प्रशिक्षण केन्द्र, मेला स्थल, सुधारालय, जिला वटालियन कार्यालय, सिविल रक्षा तथा होम-गार्ड, न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, जेल, बड़ा/प्रधान डाकघर, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केन्द्र, ट्रांसमिशन टावर, उपग्रह एवं दूर संचार केन्द्र, वेधशाला तथा मौसम कार्यालय, शवभूमि, श्मशान, कब्रिस्तान, विद्युत दाहगृह।

फलोद्यान, वन डेयरी फार्म, पोल्ट्री फार्म, सूअर-बाड़ा, फार्म हाउस और ग्रामीण केन्द्र।

(ख) शेष उपयोग जोनों में उपयोग परिसरों की अनुमति।

आर डी. विदेशी मिशन

विदेशी मिशन, आवासीय प्लाट-समूह आवास (केवल मिशन कर्मचारियों के उपयोग के लिए), अतिथिगृह, स्थानीय खरीदारी, बैंक, मनोरंजन क्लब, स्वास्थ्य केन्द्र, एकीकृत आवासीय स्कूल, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, पुलिस चौकी, अग्निशमन चौकी और डाक तार कार्यालय।

पी 1—क्षेत्रीय पार्क

क्षेत्रीय पार्क, आवासीय फ्लैट (पहरा एवं निगरानी स्टाफ के लिए) पिकनिक हट, पार्क, शूटिंग रेंज, चिड़ियाघर, पक्षी शरण स्थान, वानस्पतिक उद्यान, स्थानीय सरकारी कार्यालय (रख रखाव), खुला थियेटर, पुलिस चौकी, अग्निशमन चौकी, फलोद्यान, प्लांट नर्सरी तथा वन।

इस उपयोग जोन की प्रत्येक संरचना अस्थाई प्रकार की होगी।

पी 2—जिला पार्क

जिला पार्क, आवासीय फ्लैट (पहरा एवं निगरानी तथा रखरखाव स्टाफ के लिए), खेल-मैदान, तैरने का तालाब, मनोरंजन क्लब, वाल यातायात पार्क, विशेषीकृत पार्क मैदान, राष्ट्रीय स्मारक, पक्षी शरण स्थान, वानस्पतिक उद्यान और चिड़ियाघर।

पी 3—खेल-मैदान, स्टेडियम तथा खेल-कूद काम्पलेक्स खेल-मैदान,

खेल मैदान, आउटडोर स्टेडियम, इंडोर गेम्स स्टेडियम, इंडोर गेम्स हाल, तैरने का तालाब, मनोरंजन-क्लब, आवासीय फ्लैट (पहरा एवं निगरानी तथा रख-रखाव स्टाफ के लिए) बोर्डिंग एवं लोजिंग हाउस, रेस्टोरेंट, बैंक, स्थानीय सरकारी कार्यालय (रख-रखाव) पुस्तकालय, खेल-कूद प्रशिक्षण केन्द्र, आडीटोरियम, पुलिस चौकी, अग्निशमन चौकी, डाकतार कार्यालय और स्वास्थ्य केन्द्र (खिलाड़ियों तथा संबंधित कर्मचारियों के लिए)।

टी 5—ट्रक टर्मिनल

ट्रक टर्मिनल, मोटर गैरेज तथा वर्कशाप, खुदरा एवं मरम्मत दुकान, रैन-बसेरा, बोर्डिंग हाउस, बैंक, रेस्टोरेंट, सड़क परिवहन बुकिंग कार्यालय।

जी 2—सरकारी कार्यालय

केन्द्रीय सरकार के कार्यालय, स्थानीय सरकारी कार्यालय, सरकारी उपक्रम कार्यालय, अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन भवन, न्यायालय, सरकारी भूमि (उपयोग अनिर्धारित), व्यावसायिक कार्यालय (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में), खुदरा एवं मरम्मत दुकान, बैंक, रैस्टोरेंट, पहरा एवं निगरानी, विक्रय बूथ, इंडोर गेम्स हाल, डिस्पेंसरी, पुस्तकालय, संग्रहालय, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, आडीटोरियम, पुलिस चौकी, अग्निशमन चौकी तथा डाक-तार कार्यालय।

पी एस—1 अस्पताल

अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र (परिवार कल्याण केन्द्र सहित), नर्सिंग होम, डिस्पेंसरी क्लीनिक, नैदानिक प्रयोगशाला, स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा, आवासीय फ्लैट तथा आवासीय प्लाट-समूह आवास (स्टाफ एवं कर्मचारियों के लिए), होस्टल (मेडिकल कालिज के छात्रों और स्टाफ के लिए), धर्मशाला, रैन-बसेरा, खुदरा एवं मरम्मत की दुकान (केवल व्यावसायिक केन्द्रों में) बैंक, रेस्टोरेंट, इंडोर गेम्स हॉल, मनोरंजन-क्लब, तैरने का तालाब, पुस्तकालय, कालिज (चिकित्सा व्यवसाय जैसे), न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, पुलिस चौकी, अग्निशमन चौकी और डाक-तार कार्यालय।

पी एस 2—शिक्षा तथा अनुसंधान

विश्वविद्यालय तथा विशेषीकृत शैक्षणिक संस्थान, कालिज, नर्सरी तथा किंडरगार्टन स्कूल, एकीकृत आवासीय स्कूल, शिशुगृह एवं दिवस देखभाल केन्द्र, अनुसंधान तथा विकास केन्द्र, पुस्तकालय, समाज कल्याण केन्द्र, आडिटोरियम, खुला थियेटर, स्वास्थ्य केन्द्र, खेल-मैदान, आउटडोर स्टेडियम, इंडोर गेम्स स्टेडियम, इंडोर गेम्स हाल, शूटिंग रेंज, तैरने का तालाब, मनोरंजन-क्लब, वानस्पतिक उद्यान, तारामंडल, चिड़ियाघर तथा एक्वारियम, आवासीय प्लाट-समूह आवास (स्टाफ और कर्मचारियों के लिए), होस्टल (छात्रों के लिए), अतिथि-गृह सुविधा, खरीददारी, बैंक, संग्रहालय, अग्निशमन चौकी, पुलिस चौकी और डाक-तार कार्यालय।

पी एस 3—सामाजिक और सांस्कृतिक

सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन भवन, संग्रहालय, प्रदर्शनी केन्द्र, चित्रशाला, आडीटोरियम, खुला थियेटर, समुदाय भवन, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, आवासीय फ्लैट (केवल पहरा तथा निगरानी स्टाफ), होस्टल, इंडोर गेम्स हॉल, मनोरंजन-क्लब, तारामंडल, पुस्तकालय, पुलिस केन्द्र, अग्निशमन केन्द्र तथा डाक-तार कार्यालय।

पी एस 4—पुलिस मुख्यालय तथा पुलिस लाईस

पुलिस मुख्यालय, पुलिस चौकी, पुलिस स्टेशन, जिला बटालियन कार्यालय, सिविल रक्षा एवं होम-गार्ड, न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, जेल, अग्निशमन चौकी, आवासीय प्लाट-भूखंडीय एवं समूह आवास, होस्टल (स्टाफ तथा कर्मचारी), अतिथि-गृह, बैंक, सुविधा खरीददारी, मोटर गैरेज तथा वर्कशाप, रेस्टोरेंट, खेल-मैदान, इंडोर गेम्स स्टेडियम, इंडोर गेम्स हाल, शूटिंग रेंज, तैरने का तालाब, मनोरंजन-क्लब, अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र, डिस्पेंसरी, स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा (रेड-क्रास जैसी), नर्सरी तथा किंडरगार्टन स्कूल, एकीकृत आवासीय स्कूल, पुस्तकालय, अग्निशमन चौकी तथा डाक-तार ।

कार्यालय।

पी एस 5—अग्निशमन केन्द्र तथा मुख्यालय

अग्निशमन केन्द्र, अग्निशमन चौकी, आवासीय फ्लैट (स्टाफ कर्मचारियों के लिए), होस्टल (स्टाफ के लिए), अतिथिगृह, सुविधा खरीददारी, बैंक, मोटर गैरेज तथा वर्कशाप, रेस्टोरेंट, खेल-मैदान, इंडोर गेम्स हाल, तैरने का तालाब, मनोरंजन क्लब, स्वास्थ्य केन्द्र, प्राइमरी स्कूल, पुस्तकालय तथा डाक तार कार्यालय।

पी एस 6—संचार

उपग्रह तथा दूर संचार केन्द्र, ट्रांसमीशन टावर, बेतार केन्द्र, टेलीफोन केन्द्र, आकाशवाणी तथा दूर-दर्शन केन्द्र, वेधशाला तथा मौसम कार्यालय, अग्निशमन चौकी, आवासीय फ्लैट (पहरा एवं निगरानी के लिए) ।

ए 1—प्लांट नर्सरी

प्लांट नर्सरी आवासीय फ्लैट (पहरा एवं निगरानी तथा रख-रखाव के लिए)

ए 3—ग्रामीण जोन

ग्रामीण केन्द्र, फलोद्यान, प्लांट नर्सरी, वन, निस्सारक उद्योग।

(ख) 1 निम्नलिखित उपयोग जोनों में उपयोग परिसरों को अनुमति पर नियंत्रण उपयोग जोन के विशेष कार्य द्वारा होगा।

सी-3 होटल, पी-4 ऐतिहासिक स्मारक, टी-1 विमान पत्तन, टी-2 रेल टर्मिनल, टी-3 रेल परिचालन, टी-4 बस टर्मिनल एवं डिपो, टी-6 सड़क परिवालन, यू-1 जल, यू-2 सीवरेज, यू-3 विद्युत, यू-4 कूड़ा-करकट, यू-5 नाले, जो-1 राष्ट्रपति संपदा तथा संसद भवन, जो-3 सरकारी भूमि (उपयोग अनिर्धारित), पी एस-7 शवदाह एवं कब्रिस्तान, पी एस-8 धार्मिक, ए-2 हरित पट्टी और ए-4 नदी एवं जल निकाय।

(ख) 2 पार्क, पार्किंग, टैक्सी एवं तिपहिया स्टैंड और सार्वजनिक उपयोगिता परिसर को सभी उपयोग जोनों में अनुमति दी गई है।

8(3) उपयोग परिसरों में अनुमत

उपयोग/उपयोग कार्य-कलाप :

आवासीय प्लाट (001)

समूह 1

इस समूह के अंतर्गत 1962 के बाद विकसित भूखंडीय आवासीय क्षेत्र आता है और वे भूखंडीय आवासीय क्षेत्र भी आते हैं, जहां व्यावसायिक अनधिकार प्रवेश नगण्य हो (इन क्षेत्रों की सूची अनुबंध 2 में दी गई है)। आवासीय विकास टाइप और उपयोग अनुमत दोनों मामलों में परिवर्तन प्रभार की अन्तरीय दर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित की जाएगी।

आवास, वकीलों का व्यावसायिक परामर्श कार्यालय, वास्तुकार एवं इंजीनियर, चार्टर्रित लेखापाल, डाक्टर तथा अन्य व्यवसायियों को निम्नलिखित शर्तों के साथ;

(1) संस्थापना के अंतर्गत क्षेत्र 30 वर्ग मी. या कुर्सी क्षेत्र का 25% जो भी कम हो, उससे अधिक नहीं होगा।

(2) संस्थापना केवल आवासीय इकाई के निवासी द्वारा चलाई जाएगी।

समूह 2

इस समूह के अंतर्गत "पुनर्वास" भूखंडीय आवासीय क्षेत्र और व्यावसायिक व्यापन सहित अन्य भखंडीय आवासीय क्षेत्र, पुनर्वास आवासीय क्षेत्र तथा शहरी गांव आते हैं। (इन क्षेत्रों की सूची अनुबंध 2 में दी गई है) आवासीय विकास टाइप और उपयोग अनुमत दोनों मामलों में परिवर्तन प्रभार की अन्तरीय दर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित की जाएगी।

निम्नलिखित शर्तों सहित आवास, खुदरा, मरम्मत, कार्मिक सेवा दुकान :—

(1) केवल निचली मंजिल पर संस्थापना के लिए अनुमति दी जाएगी और वह आवासीय इकाई के निवासी द्वारा चलाई जाएगी।

(2) संस्थापना का क्षेत्र 15 व. मी. या निचली मंजिल के आवृत्त क्षेत्र का 25% जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगा।

निम्नलिखित शर्तों सहित घरेलू उद्योग (अनुबंध 3 में दी गई सूची)

(1) संस्थापना की अनुमति केवल निचली मंजिल (*) पर दी जाएगी और वह आवासीय इकाई के निवासी द्वारा चलाई जाएगी।

(2) संस्थापना का क्षेत्र 30 व. मी. या कुरसी क्षेत्र का 25% जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगा।

निम्नलिखित शर्तों सहित शिशुगृह और दिवस देखभाल केन्द्र, नर्सरी एवं किंडरगार्टन स्कूल, संगीत-नृत्य एवं नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र, सिलाई, कढ़ाई तथा बुनाई प्रशिक्षण केन्द्र :

(1) संस्थापना की अनुमति केवल निचली मंजिल पर दी जाएगी और वह आवासीय इकाई के निवासी द्वारा चलाई जाएगी।

(2) संस्थापना का क्षेत्र 30 व. मी. या निचली मंजिल के आवृत्त क्षेत्र का 25% जो भी कम हो, उससे अधिक नहीं होगा।

व्यवसायी परामर्श कार्यालय :

वही जो समूह 1 में दिए गए हैं।

समूह 3

अनधिकृत नियमित आवासीय क्षेत्र

(अनधिकृत नियमित कालोनियां)

इस वर्ग के अंतर्गत आवासीय को छोड़कर अन्य उपयोगों के लिए अनुमति विभिन्न क्षेत्रों के विस्तृत अध्ययन के आधार पर प्राधिकरण द्वारा दी जाएगी।

आवासीय विकास टाइप और उपयोग अनुमत, दोनों के लिए परिवर्तन प्रभार की अन्तरीय दर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित की जाएगी।

आवासीय प्लाट—समूह आवास

(002)

आवासीय फ्लैट, कन्फैक्शनरी की खुदरा दुकान, ग्रोसरी तथा जनरल मर्चेन्ट, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, कैमिस्ट, नाई, लांडरर, दर्जी, सब्जी (प्रत्येक के लिए 15 व. मी. तक क्षेत्र—निचली मंजिल पर) शिशुगृह तथा दिवस देखभाल केन्द्र (50 व. मी. तक के क्षेत्र सहित निचली मंजिल पर)।

आवासीय फ्लैट

(003)

आवास, व्यावसायिक परामर्शी कार्यालय (जैसा आवासीय प्लाट के समूह 1 में दिया गया है)

खुदरा, मरम्मत तथा कार्मिक सेवा दुकान

(012 से 014)

खुदरा दुकान; मरम्मत दुकान; कार्मिक सेवा दुकान।

(*) इस संहिता में निचली मंजिल का अभिप्राय ग्राउंड फ्लोर से है।

थोक व्यापार (019)

थोक दुकान; गोदाम एवं भण्डार; व्यावसायिक कार्यालय

(पहली या उससे ऊपर की मंजिल पर कुल तल क्षेत्रफल के 25% तक प्रतिबंधित)।

व्यावसायिक कार्यालय (025)

व्यावसायिक कार्यालय; खुदरा एवं कार्मिक सेवा दुकान; रेस्टोरेंट; बैंक, डाक तार कार्यालय।

औद्योगिक प्लाट—हल्के एवं सेवा उद्योग (036)

अनुबंध 3 में दी गई सूची के अनुसार हल्के एंव सेवा उद्योग; प्रशासनिक कार्यालय, सेल्स आउटलेट।

आवास एवं कार्य प्लाट (004)

आवास, निचली मंजिल के क्षेत्र की खुदरा दुकान, घरेलू उद्योग और कार्मिक सेवा दुकान के कार्य स्थान के रूप में प्रयोग किया जाए।

आवासीय परिसर—विशेष क्षेत्र (005)—

विशेष क्षेत्र विनियमों के अनुसार

विदेशी मिशन (006)

विदेशी मिशन और संबंधित सुविधाएं

होस्टल, गेस्ट हाउस, बोर्डिंग हाउस तथा लोजिंग हाउस (007 एवं 008)

होस्टल, गेस्ट हाउस, बोर्डिंग हाउस एवं लोजिंग हाउस, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी.), नाई एंव लांडरर की कार्मिक सेवा दुकानें; सोफ्ट ड्रिंक तथा स्नैक स्टाल (15 व. मी.)।

धर्मशाला (009)

धर्मशाला; नाई एवं लांडरर की कार्मिक सेवा दुकानें; सोफ्टड्रिंक तथा स्नैक बार (15 व. मी. तक)

बारात घर (010)

बारातघर; सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक बार (15 व. मी. तक)।

रैन-बसेरा (011)

रैन-बसेरा

विक्रय बूथ (015)

विक्रय बूथ

सुविधा खरीददारी (016)

खुदरा, मरम्मत और कार्मिक सेवा दुकान; रेस्टोरेंट, क्लीनिक।

स्थानीय खरीददारी (017)

खुदरा, मरम्मत एवं कार्मिक सेवा दुकान; व्यावसायिक कार्यालय; अनुबंध 3 के अनुसार उद्योग; नैदानिक प्रयोगशाला; क्लीनिक एवं पोली-क्लीनिक, रेस्टोरेंट, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, डाकघर तथा बैंक एक्सटेंशन काउंटर।

साप्ताहिक बाजार (018)

साप्ताहिक बाजार; अनौपचारिक खुदरा व्यापार; सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल (सभी संरचनायें या तो अस्थायी होंगी या चलती-फिरती सप्ताह में केवल एक दिन के लिये)।

भण्डार, गोदाम एवं माण्डागार (020)

भण्डार, गोदाम एवं माण्डागार, पहरा एंव निगरानी आवास (20 व. मी. तक), थोक निगम, प्रशासनिक एवं विक्रय कार्यालय।

शीतागार (021)

शीतागार, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), प्रशासनिक कार्यालय।

गैस-गोदाम (022)

गैस-गोदाम, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), केयर टेकर कार्यालय।

तेल डिपो (023)

तेल एवं गैस डिपो, आवासीय फ्लैट (पहरा एवं निगरानी तथा रखरखाव स्टाफ के लिये), प्रशासनिक कार्यालय।

जंक यार्ड (024)

जंक यार्ड, पहरा एवं निगरानी आवास, विक्रय कार्यालय।

बैंक (026)

बैंक पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), व्यावसायिक कार्यालय, कैन्टीन।

मोटर गैरज तथा वर्कशाप (027)

मोटर गैरज एवं वर्कशाप, खुदरा दुकान (पुर्जे), सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

सिनेमा (028)

सिनेमा, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी.), प्रशासनिक कार्यालय, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, खुदरा दुकान तथा व्यावसायिक कार्यालय

(कुल तल क्षेत्रफल का 20% तक)।

ड्राइव-इन-सिनेमा (029)

ड्राइव-इन-सिनेमा, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी.), प्रशासनिक कार्यालय, रेस्टोरेंट, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

पैट्रोल पम्प (030)

पैट्रोल पम्प, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, आटोमोबाइल मरम्मत दुकान।

रेस्टोरेंट (031)

रेस्टोरेंट।

होटल (032)

होटल, खुदरा एवं कार्मिक सेवा दुकान तथा व्यावसायिक कार्यालय—कुल तल क्षेत्रफल का 5% तक प्रतिबंधित

मोटल (033)

मोटल।

फलैटेड समूह उद्योग (034)

अनुबंध 3 की श्रेणी क, ख, ग, घ तथा च में दिए गए उद्योगों की अनुमति दी जाएगी, लेकिन शर्त यह है कि इन उद्योगों से निम्नलिखित की अधिकता न हों :—

(1) कम्पन; या

(2) ठोस या तरल बेकार पदार्थ; या

(3) कच्चे माल/तैयार माल का आना-जाना।

इन कारकों का निर्धारण प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)

सर्विस केन्द्र (035)

खुदरा, मरम्मत एवं कार्मिक सेवा दुकान, अनुबंध 3 के अनुसार सर्विस केन्द्र में उद्योग की अनुमति, गैस-गोदाम, व्यावसायिक कार्यालय।

विस्तृत उद्योग प्लाट (037)

अनुबंध 3 में दी गई सूची के अनुसार विस्तृत उद्योग, प्रशासनिक कार्यालय, सेल्स आउटलैट, आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए), पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।

औद्योगिक परिसर—निस्तारक उद्योग (038)

निस्तारक उद्योग

औद्योगिक प्लाट—उद्योग विशेष टाइप (039)

उद्योग विशेष टाइप, प्रशासनिक कार्यालय, सेल्स आउटलैट।

पार्क (040)

पार्क, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल

(1.0 हैक्ट. और उससे अधिक क्षेत्रफल के पार्क पर)

खेल मैदान (041)

खेल मैदान।

आउटडोर स्टेडियम, इन्डोर गैम्स स्टेडियम तथा शूटिंग रेंज (042, 043 तथा 044)

स्टेडियम, स्थानीय सरकारी कार्यालय (रख-रखाव), पहरा एवं निगरानी, आवास (20 व. मी. तक), आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए), खुदरा दुकान, रेस्टोरेंट।

इन्डोर गैम्स हाल (045)

इन्डोर गैम्स हाल, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

तैरने का तालाब (046)

तैरने का तालाब, पहरा एवं निगरानी तथा रख-रखाव स्टाफ आवास, रेस्टोरेंट।

मनोरंजन क्लब (047)

मनोरंजन क्लब, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए), तैरने का तालाब, इन्डोर तथा आउटडोर गैम्स सुविधाएं।

ऐतिहासिक स्मारक। (048)

ऐतिहासिक स्मारक।

राष्ट्रीय स्मारक (049)

मकबरा, समाधि और अन्य स्मारक, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, पुस्तक एवं तस्वीर कार्ड दुकान।

चिड़ियाघर, पक्षी शरण स्थान, वानस्पतिक उद्यान (050, 051 एवं 052)।

चिड़ियाघर तथा वानस्पतिक उद्यान, पक्षी शरण स्थान, पहरा एवं निगरानी, आवास (20 व. मी. तक), आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए), खुदरा दुकान, रैस्टोरेंट।

विशेषीकृत पार्क मैदान (053)

सार्वजनिक सभा मैदान, सार्वजनिक सम्बोधन पाद—पीठ, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

तारामंडल (054)

तारामंडल, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), कैफेटेरिया।

पिकनिक हट (055)

पिकनिक हट।

फलाइंग क्लब (056)

फलाइंग क्लब और 047 में दिया गया सब।

कारगो एवं बुकिंग कार्यालय (057)

कारगो एवं बुकिंग कार्यालय, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।

रेलवे भाड़ा गोदाम (058)

रेलवे भाड़ा गोदाम, क्रेयर टैकर कार्यालय, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)

रेलवे बुकिंग कार्यालय तथा सड़क परिवहन बुकिंग कार्यालय (059 एवं 060)

रेलवे और सड़क परिवहन बुकिंग कार्यालय, भण्डार।

पार्किंग (061)

पार्किंग।

टैक्सी एवं तिपहिया स्टैण्ड (062)

टैक्सी एवं तिपहिया स्टैण्ड।

बस टर्मिनल (063)

बस टर्मिनल, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, प्रशासनिक कार्यालय, अन्य कार्यालय।

बस डिपो (064)

बस डिपो, वर्कशाप, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, प्रशासनिक कार्यालय।

सार्वजनिक उपयोगिता परिसर (065)

ओवरहैड टैंक, अंडरग्राउंड टैंक, आक्सीजेशन पोंड, सैप्टिक टैंक, सीवरेज पम्पिंग स्टेशन, सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय, विद्युत सब-स्टेशन, ढलाव एवं डस्टबिन, धोबीघाट।

केन्द्रीय सरकारी कार्यालय, स्थानीय सरकारी कार्यालय तथा सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय (066, 067 तथा 068)

केन्द्रीय सरकार, स्थानीय सरकार तथा सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), कैमिस्ट की खुदरा दुकान, पुस्तक एवं स्टेशनरी, उपभोक्ता भंडार (भूमि तल पर प्रत्येक के लिए 15 व. मी. तक)।

कैन्टीन, बैंक एक्सटेंशन काउंटर, डाकघर एक्सटेंशन काउंटर।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र (069)

अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक),

आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिये), रैस्टोरेंट, बैंक, डाक-तार कार्यालय, पुस्तकालय, प्रदर्शनी केन्द्र।

न्यायालय (070)

न्यायालय, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), कैन्टीन, कैमिस्ट एवं स्टेशनरी की खुदरा दुकान (प्रत्येक के लिये 15 व. मी. तक), पुस्तकालय, प्रशासनिक कार्यालय बैंक, डाक-तार कार्यालय, पुलिस चौकी, वकीलों के चैम्बर।

सरकारी भूमि (071)

(उपयोग अनिर्धारित)

उपयोग अनिर्धारित

अस्पताल (072)

अस्पताल, आवासीय फलैट (कर्मचारी एवं सेवा कार्मिक), सांस्थानिक होस्टल, मैडिकल कालिज, खुदरा दुकानें (कन्फैक्शनरी, ग्रोसरी एवं जनरल मर्चेंट, पुस्तकें और स्टेशनरी, कैमिस्ट, नाई, लांडरर, सब्जी)।

स्वास्थ्य केन्द्र तथा नर्सिंग होम (073 तथा 074)

स्वास्थ्य केन्द्र, नर्सिंग होम, पहरा एवं निगरानी आवास (प्रत्येक के लिये 20 व. मी. तक) कैमिस्ट की दुकान (प्रत्येक के लिये 15 व. मी. तक)।

डिस्पैंसरी (075)

डिसपैंसरी, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

क्लीनिक (076)

क्लीनिक।

नैदानिक प्रयोगशाला (077)

नैदानिक प्रयोगशाला, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा (078)

स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), प्रशासनिक कार्यालय, डिसपैंसरी कैन्टीन।

शिशुगृह तथा दिवस देखभाल केन्द्र (079)

शिशुगृह तथा दिवस देखभाल केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।

नर्सरी एवं किन्डरगार्टन स्कूल (080)

नर्सरी एवं किन्डरगार्टन स्कूल, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।

प्राइमरी स्कूल (081)

प्राइमरी स्कूल, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी.), पुस्तकें एवं स्टेशनरी दुकान (15 व. मी. तक), सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

सैकेन्डरी, सीनियर सैकेन्डरी तथा एकीकृत स्कूल (082, 083 एवं 084) सैकेन्डरी, सीनियर सैकेन्डरी तथा एकीकृत स्कूल, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), पुस्तकें एवं स्टेशनरी तथा कैमिस्ट दुकान (15 व. मी. तक), सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, कैन्टीन, बैंक एक्सटेंशन काउंटर, आडिटोरियम इन्डोर गैम्स हाल, तैरने का तालाब, डाकघर काउंटर सुविधा।

एकीकृत आवासीय स्कूल तथा कालिज (व्यावसायिक कालिज सहित) (085 एवं 086)

स्कूल एवं कालिज, आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिये), सांस्थानिक होस्टल, प्रत्येक 15 व. मी. क्षेत्र की खुदरा दुकानें (कन्फैक्शनरी, ग्रोसरी एवं जनरल मर्चेंट, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, कैमिस्ट, नाई, लांडरर, सब्जी (कैन्टीन, बैंक एक्सटेंशन काउंटर, आडिटोरियम, इन्डोर गैम्स हाल, तैरने का तालाब, खेल का मैदान, डाकघर काउंटर सुविधा।

व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान (087)

व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), होस्टल, (केवल सरकारी केन्द्रों के मामले में), पुस्तकें एवं स्टेशनरी दुकान, (15 व. मी. तक), कैन्टीन पुस्तकालय।

समाज कल्याण केन्द्र (088)

समाज कल्याण केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), कैन्टीन, प्रदर्शनी एवं केल्स काउंटर।

अनुसंधान एवं विकास केन्द्र (089)

अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिये), होस्टल, कैन्टीन, बैंक एक्सटेंशन काउंटर, पुस्तकालय, डाकघर काउंटर सुविधा।

पुस्तकालय (090)

पुस्तकालय, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), कैन्टीन, प्रदर्शनी, एवं चित्रशाला, आडिटोरियम।

तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र (091)

तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र, आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए), पुस्तकें एवं स्टेशनरी तथा कैमिस्ट की दुकानें (प्रत्येक के लिए 15 व. मी. तक), कैन्टीन, बैंक एक्सटेंशन काउंटर, आडिटोरियम, डाकघर काउंटर सुविधा।

व्यावसायिक एवं सांविधिक प्रशिक्षण केन्द्र (092)

व्यावसायिक एवं सांविधिक प्रशिक्षण केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), कैन्टीन।

संगीत, नृत्य और नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र (093)

संगीत, नृत्य एवं नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), कैन्टीन, आडिटोरियम।

खेल-कूद प्रशिक्षण केन्द्र (094)

खेल-कूद प्रशिक्षण केन्द्र, आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए), खुदरा दुकानें (कन्फैक्शनरी, ग्रोसरी, एवं जनरल मर्चेंट), होस्टल, बैंक, डाक-घर, कैन्टीन, इन्डोर एवं आउटडोर स्टेडियम, तैरने का तालाब, खेल मैदान।

मोटर ड्राईविंग प्रशिक्षण केन्द्र (095)

मोटर ड्राईविंग प्रशिक्षण केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

बाल यातायात पार्क (096)

बाल यातायात पार्क, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, संग्राहलय, आडिटोरियम।

संग्रहालय, प्रदर्शिनी केन्द्र एंव चित्रशाला, आडिटोरियम एवं खुला थियेटर (097,098,099 एंव 100)

संग्राहालय, प्रर्दशनी केन्द्र एवं चित्रशाला, आडिटोरियम एवं खुला थियेटर, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), कैन्टीन।

समुदाय हाल (101)

समुदाय हाल, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

मेला मैदान (102)

मेला मैदान, आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए), प्रदर्शनी केन्द्र (प्रकृति में अस्थायी), रेस्टोरेंट, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, पुलिस चौकी, अग्नि-शमन चौकी, बैंक एक्सटेंशन काउंटर सुविधा, डाकघर काउंटर सुविधा।

सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र (103)

सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), होस्टल, कैन्टीन, बैंक एक्सटेंशन काउंटर सुविधा, आडिटोरियम (बैठने की क्षमता 500 तक), पुस्तकालय, प्रदर्शनी एवं चित्रशाला।

सामाजिक एवं सास्कृतिक संस्थान (104)

सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल, रेस्टोरेंट, कैन्टीन, बैंक एक्सटेंशन काउंटर सुविधा, आडिटोरियम, पुस्तकालय, संगीत, नृत्य एवं नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र, संग्रहालय, प्रदर्शनी केन्द्र तथा चित्रशाला।

सुधारालय एवं अनाथालय (105 एवं 106)

सुधारालय एवं अनाथालय, आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए), होस्टल, कार्मिक सेवा दुकान (15 व. मी. तक)।

धार्मिक परिसर भवन (107)

(1) मन्दिर
(2) मस्जिद
(3) चर्च
(4) गुरुद्वारा
(5) सिनागॉग
(6) आश्रम
(7) स्नान-घाट
(8) गौशाला
(9) दरगाह
(10) धर्मार्थ डिस्पैंसरी एवं पुस्तकालय

योगा केन्द्र, मनन, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन केन्द्र (108)

योगा केन्द्र, मनन, अध्यात्मक एवं धार्मिक प्रवचन केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), होस्टल, सोफ्ट ड्रिंक एवं स्नैक स्टाल।

पुलिस चौकी (109)

पुलिस चौकी।

पुलिस स्टेशन (110)

पुलिस स्टेशन आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए)।

जिला पुलिस कार्यालय एवं सिविल रक्षा तथा होम गार्ड (111 एवं 112)

जिला पुलिस कार्यालय एवं सिविल रक्षा तथा होम गार्ड, आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिए), होस्टल, खेल मैदान।

न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (113)

न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला।

जेल (114)

जेल

अग्नि-शमन चौकी (115)।

अग्नि-शमन चौकी

अग्नि-शमन केन्द्र (116)

अग्नि शमन केन्द्र, आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिये), होस्टल (कर्मचारियों के लिये), सर्विस वर्कशाप।

डाकघर, डाक-तार कार्यालय एवं बड़ा डाकघर (117, 118 तथा 119)

डाकघर, डाक-तार कार्यालय एवं बड़ा डाकघर, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), कैन्टीन।

टेलीफोन केन्द्र (120)

टेलीफोन केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक) कैन्टीन।

रेडियो एवं टेलीविजन केन्द्र (121)

रेडियो एवं टेलीविजन केन्द्र, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक), होस्टल, कैन्टीन, पुस्तकालय।

ट्रान्समीशन टावर (122)

ट्रान्समीशन टावर, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।

उपग्रह एवं दूर-संचार केन्द्र और वैधशाला तथा मौसम कार्यालय (123 एवं 124)

उपग्रह एवं दूर-संचार केन्द्र और वैधशाला तथा मौसम कार्यालय, आवासीय फलैट (रख-रखाव स्टाफ के लिये), कैन्टीन, अनुसंधान प्रयोगशाला।

शवाधान भूमि, शमशान, कब्रिस्तान तथा विद्युत दाहगृह (125, 126, 127 तथा 128)

शवाधान भूमि, शमशान, कब्रिस्तान तथा विद्युत दाहगृह, लकड़ी, फूलों और सुगंधित सामग्री की खुदरा दुकानें, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।

फलोद्यान (129)

फलोद्यान, पहरा एवं निगरानी तथा रख-रखाव स्टाफ आवास (20 व. मी. तक)। सभी संरचनाएं अस्थायी प्रकार की होंगी।

नर्सरी (130)

नर्सरी, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।
सभी संरचना अस्थायी प्रकार की होंगी।

वन (131)

वन।

डेयरी फार्म (132)

डेयरी फार्म, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।
सभी संरचनाएं अस्थायी प्रकार की होंगी।

पोल्ट्री फार्म (133)

पोल्ट्री फार्म, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।
सभी संरचनाएं अस्थायी प्रकार की होंगी।

सुअर-बाड़ा (134)

सूअर-बाड़ा शेड, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।
सभी संरचनाएं अस्थायी प्रकार की होंगी।

फार्म हाउस (135)

फार्म हाउस, पहरा एवं निगरानी आवास (20 व. मी. तक)।
सभी संरचनाए अस्थायी प्रकार की होंगी।

ग्रामीण केन्द्र (136)

ग्रामीण केन्द्र, खुदरा दुकान, मरम्मत दुकान, कार्मिक सेवा दुकान, साप्ताहिक बाजार, बैंक, व्यावसायिक कार्यालय, सिनेमा, रेस्टोरेंट, स्थानीय, सरकारी कार्यालय, डिस्पैंसरी, क्लीनिक, नैदानिक प्रयोगशाला, अस्पताल, सीनियर सैकेन्डरी स्कूल, पुस्तकालय, समुदाय भवन, पुलिस चौकी, अग्नि-शमन चौकी, डाक-घर

टिप्पणियां :

(1) पार्क, पार्किंग, सार्वजनिक सुविधाएं, सार्वजनिक उपयोगिता सभी परिसरों में अनुमत हैं, जहां आवश्यकता हो।

(2) परिसरों को मिलाने के मामले में संबंधित उपयोग अनुमत हैं।

(3) यदि उच्च क्रम के उपयोग परिसर अनुमत हों, तो उसी वर्ग के निचले क्रम के उपयोग परिसर भी अनुमत होंगे। उदाहरण के लिए, यदि पुलिस स्टेशन अनुमत है तो उसके स्थान पर पुलिस चौकी की अनुमति दी जा सकती है।

(4) जो संरचना एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाई जा सकती हो या हटाई जा सकती हो, जैसी भी स्थिति हो, वह स्थायी संरचना मानी जाएगी।

8 (4) उपयोग परिसरों के अंदर भवन / भवनों के लिए नियंत्रण :

इन विनियमों का उद्देश्य उपयोग परिसरों के अन्दर भवन/भवनों के लिए नियंत्रण की व्यवस्था करना है। भवन का आयतन अनुमत तल, कवरेज, फर्श-क्षेत्रफल अनुपात तथा अधिकतम ऊंचाई द्वारा निर्धारित किया जाता है। लागू भवन उपविधि के अंतर्गत आने वाली और उसके द्वारा नियंत्रित आंतरिक व्यवस्था को छोड़कर तहखाना, सेटबैक, पार्किंग मानक और भवन अनुमति के लिए सम्बद्ध अन्य पहलुओं जैसे उपबंधों के

लिए अन्य नियंत्रण निर्धारित किए गए है। ये विनियम आवासीय, व्यावसायिक, विनिर्माण, सरकारी और सार्वजनिक एवं अर्ध-सार्वजनिक उपयोगों के महत्वपूर्ण उपयोग परिसरों के लिए बनाए गए हैं। शेष उपयोग परिसरों की किसी विशेष मामले में वास्तविक आवश्यकताओं और अन्य संबंधित मानदण्डों के आधार पर प्राधिकरण द्वारा जांच की जाएगी।

ऐतिहासिक स्मारकों और भवनों के इर्द-गिर्द के विकास पर इस प्रकार से नियंत्रण किया जाएगा जिससे उनका महत्व और बढ़े। विद्यमान विकास में आवासीय प्लाटों पर अनुबंध 4 में दिए गए विनियम लागू होंगे।

कुछ परिसरों के लिए पार्किंग मानकों की सिफारिश की गई है। जहां इनकी व्यवस्था नहीं होगी, वहां वे प्रत्येक मामले के गुणावगुण और आवश्यकताओं के अनुसार प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

जहां भी, प्लाटों के विभिन्न वर्गों के अनुसार भवन विनियम दिए गए हैं वहां आवृत किया जाने वाला क्षेत्र और फर्श तल-क्षेत्र किसी भी हालत में निम्न वर्ग के प्लाट के सब से बड़े साइज के लिए क्रमशः अनुमय आवृत क्षेत्र और फर्श-क्षेत्र से कम नहीं होना चाहिए। जहां भी तहखाना शर्तों सहित या शर्तों रहित अनुमत है, वहां उसकी व्यवस्था निर्दिष्ट की गई है। जहां मध्यतल फर्श की व्यवस्था है, वहां वह कुल फर्श-क्षेत्रफल अनुपात का भाग माना जाएगा। भवन की अधिकतम ऊंचाई पहुंचने की सड़क की केन्द्रीय रेखा से मुंडेर की चोटी तक मानी जाएगी। मम्टी जल भण्डारण टैंक आदि जैसी संरचनाओं को इस प्रकार नियोजित किया जाएगा जिससे कि वह मुंडेर के पीछे रहे। उपयोग परिसरों के सभी वर्गों के विभिन्न साइज के प्लाटों के लिए सेटबैक की व्यवस्था निम्नलिखित तालिका के अनुसार की जाएगी :—

क्र. सं.	प्लाट का साइज वर्ग (कों० मी. में)	सैट बैक अग्र भाग	पिछला भाग	साइड (1)	साइड (2)
1.	60 तक	0	0	0	0
2.	60 से अधिक और 150 तक	3	0	0	0
3.	150 से अधिक और 300 तक	3	3	0	0
4.	300 से अधिक और 500 तक	3	3	3	0
5.	500 से अधिक और 1000 तक	6	3	3	3
6.	1000 से अधिक और 2000 तक	9	3	3	3
7.	2000 से अधिक और 4000 तक	9	6	6	6
8.	4000 से अधिक और 10,000 तक	15	6	6	6
9.	10,000 से अधिक	15	9	9	9

(1) यदि प्लाट साइज के विशेष वर्ग के निर्धारित सेटबैकों सहित अनुमेय समावेशन की उपलब्धि नहीं होती तो पूर्वगामी वर्ग के सेटबकों को अपनाया जाए।

(2) एक परिवार (1.3 इकाई) आवासीय प्लाटों में पिछले सेटबैक पिछले भाग और साइडों में प्लाटों के खुले प्रांगण के निकट कार्नर में 2 मी. × 2 मी. के होंगे।

आवासीय प्लाट-भूखण्डीय आवास (001)

	(क) एक परिवार इकाई के लिये (1.3 इकाई)	(ख) परिवार के लिये	तीन इकाई यों
न्यूनतम प्लाट साइज (व० मी०)	32	150	250 से अधिक
अधिकतम प्लाट साइज (व०मी०)	80	250	350
मानक प्लाट साइज (व०मी०)	72	180	—
तल कवरेज (%)	60	60	50
फर्श क्षेत्रफल अनुपात	150	150	125
अधिकतम ऊंचाई (मी०)	11	11	11

अन्य नियंत्रण:

(क) एक परिवार इकाई (1.3 इकाई)

समीपस्थ प्लाट के खुले प्रांगण के आगे पिछले कार्नरों में से एक कार्नर 2 मी० × 2 मी० का खुला प्रांगण होगा। यह शर्त लेआउट प्लान में निर्दिष्ट की जायेगी।

(2) प्लाट अग्र चौड़ाई से गहराई अनुपात 1 : 2 से 3 होगा।

(3) एक नियमित रसोईघर और एक छोटे रसोईघर की अनुमति होगी।

(4) प्लाट के अन्दर कम से कम एक छोटा पेड़ लगाने के लिये हरियाली के लिये खाली स्थान का 10% खड़ंजे बिना छोड़ना।

(ख) तीन परिवार इकाई के लिये :

(1) प्लाट अग्र चौड़ाई से गहराई अनुपात 1 : 2 से 3 की रेंज में होगा।

(2) तीन नियमित रसोईघरों की अनुमति होगी।

(3) प्लाट के अन्दर कम से कम एक छोटा पेड़ लगाने के लिये हरियाली के लिये खाली स्थान का 10% खंडजे बिना छोड़ना।

(ग) घनत्व निकालने के लिये आवासीय इकाई में 4.8 व्यक्तियों के रहने का स्थान होना चाहिये।

आवासी प्लाट-समूह आवास (002)

	(क) 2000 से 4000 (व० मी.) तक के प्लाटों के लिये	(ख) 4000 (व०मी०) से अधिक के प्लाटों के लिये
1. तल कवरेज	33.33%	30%
2. फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	100	130
3. अधिकतम ऊंचाई	11 मी०	26 मी०

अन्य नियंत्रण :

(क) 2000 से 4000 व० मी० तक के प्लाटों के लिये

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—तीन

(2) अनुमेय घनत्व प्रति हैक्टेयर 120 आवासीय इकाई होगी।

(3) भूदृश्य के लिये प्रति हैक्टेयर 100 वृक्ष लगाये जायेंगे और खाली स्थान का 40% हरियाली द्वारा आवृत्त किया जायेगा।

(4) पार्किंग की व्यवस्था 50 व० मी० तक के फर्श-क्षेत्रफल की आवासीय इकाइयों के लिये प्रति आवासीय इकाई 0.28 कार स्थान की दर से 50 व०मी० से अधिक और 90 व० मी० तक के फर्श-क्षेत्रफल की आवासीय इकाइयों के लिये प्रति आवासीय इकाई 0.55 कार स्थान की दर से और 90 व०मी० से अधिक के फर्श-क्षेत्रफल की आवासीय इकाइयों के लिये प्रति इकाई 1.15 कार स्थान की दर से की जायेगी।

आवृत्त गैरेजों का क्षेत्रफल यदि उनकी व्यवस्था होगी, कुल पार्किंग आवश्यकता में से घटा दिया जायेगा।

(ख) 4000 व० मी० से अधिक के प्लाटों के लिये।

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—आठ ।

(2) अनुमेय घनत्व प्रति हैक्टेयर 120 आवासीय इकाइयां होंगी।

(3) भूदृश्य के लिये प्रति हैक्टेयर 100 वृक्ष लगाये जायेंगे और खुले स्थान का 40% हरियाली द्वारा आवृत्त किया जायेगा।

(4) आगे की ओर गली की न्यूनतम चौड़ाई—16 मी० ।

(5) पार्किंग की व्यवस्था 50 व०मी० तक के फर्श-क्षेत्रफल की आवासीय इकाइयों के लिये प्रति आवासीय इकाई 0.28 कार स्थान की दर से, 50 व० मी० से अधिक और 90 व० मी० तक के फर्श-क्षेत्रफल आवासिय की इकाइयों के लिये प्रति आवासीय इकाई 0.55 कार स्थान की दर से और 90 व०मी० से अधिक के फर्श-क्षेत्रफल की आवासीय इकाइयों के लिये प्रति इकाई 1.15 कार स्थान की दर से की जायेगी।

आवृत्त गैरेजों का क्षेत्रफल, यदि उनकी व्यवस्था होगी, कुल पार्किंग आवश्यकता में से घटा दिया जायेगा।

(ग) नई दिल्ली और सिविल लाइन्स के बंगला क्षेत्र के मामले में वर्तमान आवश्यकता को बनाये रखते हुए अलग विनियम बनाये जायें।

विदेशी मिशन (006)

तल कवरेज	: 25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 75
अधिकतम ऊंचाई	: 14 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज की सीमा तक के लिये दी जायेगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिये प्रयोग किया जायेगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात से निकाल दिया जायेगा।

होस्टल (007)

न्यूनतम प्लाट साइज	: 2000 व०मी०
तल कवरेज	: 33.33%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 100
अधिकतम ऊंचाई	: 26 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—आठ

(2) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज की सीमा तक दी जायेगी और वह केवल पार्किंग एवं सर्विसिज के लिये प्रयोग किया जायेगा और फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में गिना नहीं जायेगा।

(3) आगे की ओर न्यूनतम मार्गाधिकार —22 मी०

(4) वृक्ष प्रति हैक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाये जायेंगे और 50% अनुमेय खाली स्थान हरियाली से आवृत्त किया जायेगा।

गैस्ट हाउस, बोर्डिंग हाउस एवं लौजिंग हाउस (008)

न्यूनतम प्लाट साइज	: 500 व०मी०
तल कवरेज	: 33.33%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 100
अधिकतम ऊंचाई	: 14 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—चार

(2) आगे की ओर न्यूनतम मार्गाधिकार—22 मी०

(3) 500 व० मी० तक के प्लाट पर कम से कम दो वृक्ष और प्लाट के प्रत्येक 100 व०मी० क्षेत्र के लिये अतिरिक्त एक वृक्ष सहित हरियाली के लिये खुले स्थान का 10% खंडजे रहित छोड़ने के लिये।

धर्मशाला, बारातघर और रैन बसेरा (009, 010 तथा 011)

न्यूनतम प्लाट साइज	: 200 व०मी०
तल कवरेज	: 40%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 80
अधिकतम ऊंचाई	: 11 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—दो

(2) आगे की ओर न्यूनतम मार्गाधिकार—16 मी०

(3) हरियाली के लिये खुले स्थान का 10% खंडजे रहित छोड़ने के लिये और 500 व०मी० तक के प्लाट पर कम से कम दो वृक्ष और प्लाट के प्रत्येक 100 व०मी० क्षेत्र के लिये अतिरिक्त एक वृक्ष लगाया जायेगा।

सुविधा खरीददारी (016)

न्यूनतम प्लाट साइज	: 800 व० मी०
तल कवरेज	: 40%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 40
अधिकतम ऊंचाई	: 5 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) संरचना एक मंजिली होगी।

(2) केन्द्र में फल और सब्जी की दुकानों सहित 25 से 30 तक औपचारिक दुकानें और 10 से 20 तक अनौपचारिक दुकानें होंगी।

(3) पार्किंग की व्यवस्था फर्श-क्षेत्रफल का प्रति 100 व० मी० 1.3 कार स्थान की दर से की जायेगी।

स्थानीय खरीददारी केन्द्र (017)

न्यूनतम प्लाट साइज : 3000 व०मी०

(क) खुदरा एवं वाणिज्य

तल कवरेज	: 35%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 100
अधिकतम ऊंचाई	: 14 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की न्यूनतम संख्या—तीन

(2) स्थानीय खरीददारी केन्द्र का 80% प्लाट क्षेत्रफल खुदरा एवं वाणिज्य के लिये उपयोग किया जाये।

(3) केन्द्र में फल और सब्जी की दुकानों सहित 55 से 65 तक औपचारिक दुकानें और 25 से 30 तक अनौपचारिक दुकानें हो सकती हैं ।

(4) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक दी जायेगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिये प्रयोग किया जायेगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जायेगा ।

(5) पार्किंग की व्यवस्था फर्श-क्षेत्रफल का प्रति 100 व०मी० 1.7 कार स्थान की दर से की जायेगी ।

(ख) सर्विस केन्द्र

स्थानीय खरीददारी केन्द्र का 20% प्लाट क्षेत्रफल सर्विस केन्द्र के लिये प्रयोग किया जायेगा । विनियम सर्विस केन्द्र के परिसर के अन्तर्गत अलग से दिये गये हैं ।

समुदाय केन्द्र

न्यूनतम प्लाट साइज : 25000 व०मी०

(क) खुदरा एवं वाणिज्य (सिनेमा)

तल कवरेज : 25%

फर्श-क्षेत्रफल अनुपात : 100

अधिकतम ऊंचाई : 14 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—चार

(2) वांछनीय शहरी फार्म की उपलब्धी के लिये एक या दो बिल्डिंगें 26 मी० ऊंची होंगी ।

(3) केन्द्र में 300 से 350 तक औपचारिक दुकानें, 125 से 150 अनौपचारिक दुकानें, 2 सिनेमा और एक होटल हो सकते हैं । होटल के विनियम होटल के परिसर के अन्तर्गत अलग से दिये गये हैं ।

(4) समुदाय केन्द्र का 85% प्लाट क्षेत्रफल खुदरा और वाणिज्य (सिनेमा) के लिये उपयोग किया जाये ।

(5) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक दी जायेगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसेज के लिये प्रयोग किया जायेगा तो फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जायेगा ।

(6) वृक्ष प्रति हैक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाये जायेंगे और खाली स्थान का 40% स्थान हरियाली से आवृत किया जायेगा ।

(7) पार्किंग की व्यवस्था खुदरा का प्रति 100 व० मी० फर्श क्षेत्रफल 1.9 कार स्थान, वाणिज्य का प्रति 100 व०मी० फर्श-क्षेत्रफल 0.7 कार स्थान और सिनेमा के लिये प्रति 25 सीटें । कार स्थान की दर से की जायेगी ।

(ख) फल और सब्जी बाजार

तल कवरेज : 40%

फर्श-क्षेत्रफल अनुपात : 40

अन्य नियंत्रण :

(1) समुदाय केन्द्र का 5% प्लाट क्षेत्रफल फल और सब्जी बाजार के लिये उपयोग किया जाये ।

(2) केन्द्र में 35 से 45 तक औपचारिक दुकानें और 40 से 50 तक अनौपचारिक दुकानें हो सकती हैं ।

(3) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक दी जायेगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिये प्रयोग किया जायेगा तो फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जायेगा ।

(4) वृक्ष प्लाट का प्रति 100 व०मी० 2 वृक्ष की दर से लगाये जायेंगे और खाली स्थान का 40% हरियाली द्वारा आवृत किया जायेगा ।

(5) पार्किंग की व्यवस्था फर्श-क्षेत्रफल का प्रति 100 व०मी० 0.7 कार स्थान की दर से की जायेगी ।

(ग) सर्विस केन्द्र

समुदाय केन्द्र का 10% प्लाट क्षेत्रफल सर्विस केन्द्र के लिये उपयोग किया जाये । विनियम सर्विस केन्द्र के परिसर के अन्तर्गत अलग से दिये गये हैं ।

समुदाय केन्द्र की कवरेज, फर्श-क्षेत्रफल अनुपात का एकीकृत तरीके से उपयोग करके नियोजित किया जाये ।

जिला केन्द्र

10% से 20% तक अतिरिक्त क्षेत्र की व्यवस्था जिला केन्द्र में एकीकृत तरीके से खाली स्थान रखने के लिये की जायेगी और वह तल कवरेज और फर्श-क्षेत्रफल अनुपात के लिये हिसाब में नहीं लिया जायेगा ।

(क) खुदरा खरीददारी (सिनेमा)

तल कवरेज : 30%

फर्श-क्षेत्रफल अनुपात : 75

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की संख्या—सोलह

(2) केन्द्र में 1600 से 2000 तक औपचारिक दुकानें, 750 से 950 तक अनौपचारिक दुकानें और 3 सिनेमा हाल होंगे ।

(3) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक दी जायेगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिये प्रयोग किया जायेगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जायेगा ।

(4) वृक्ष प्रति हैक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाये जायेंगे और खुले स्थान का 40% हरियाली द्वारा आवृत किया जायेगा ।

(5) पार्किंग की व्यवस्था खुदरा का प्रति 100 व०मी० फर्श-क्षेत्रफल 2.2 कार स्थान और सिनेमा का प्रति 25 सीटें । कार स्थान की दर से की जायेगी ।

(ख) व्यावसायिक कार्यालय

तल कवरेज : 25%

फर्श-क्षेत्रफल अनुपात : 125

अन्य नियंत्रण :

(1) केन्द्र में 600 से 750 तक औपचारिक दुकानें, 250 से 350 तक अनौपचारिक दुकानें और 4 सिनेमा हाल हो सकते हैं ।

(2) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक दी जायेगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिये प्रयोग किया जायेगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जायेगा ।

(3) वृक्ष प्रति हैक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाये जायेंगे और खाली स्थान का 40% हरियाली से आवृत किया जायेगा ।

(4) पार्किंग की व्यवस्था व्यावसायिक कार्यालय का प्रति 100 व० मी० फर्श-क्षेत्रफल 0.7 कार स्थान और सिनेमा की प्रति 25 सीटें 1 कार स्थान की दर से की जायेगी ।

(ग) सर्विस केन्द्र

सर्विस केन्द्र के विनियम सर्विस केन्द्र के परिसर के अन्तर्गत अलग से दिये गये हैं।

(घ) सुविधाएं

उसमें बस टर्मिनल, अग्नि-शमन चौकी, पुलिस चौकी, टैलीफोन केन्द्र, विद्युत् सब-स्टेशन, होंगे और उनके विनियम संबंधित परिसरों के अन्तर्गत अलग से दिये गये हैं।

(च) सांस्कृतिक काम्प्लैक्स

तल कवरेज	:	25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	:	100

अन्य नियंत्रण :

(1) वृक्ष प्रति हैक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाये जायेंगे और खाली स्थान का 40% हरियाली से आवृत किया जावेगा।

(छ) होटल

विनियम होटल के परिसर के अन्तर्गत अलग से दिये गये हैं।

जिला केन्द्र का नियोजन कवरेज और फर्श-क्षेत्रफल अनुपात का एकीकृत तरीके से उपयोग करके किया जाये।

उप केन्द्रीय व्यापार जिला

अनुमत अधिकतम ऊंचाई 26 मी० होगी और एक या दो भवनों को 50 मी० ऊंचाई हो सकती है।

(क) खुदरा खरीददारी (सिनेमा) (ख) व्यावसायिक कार्यालय

(ग) सर्विस केन्द्र (घ) सुविधाएं (च) सांस्कृतिक काम्प्लेक्स और (छ) होटल के विनियम वहीं होंगे, जो जिला केन्द्र में उल्लिखित हैं।

(ज) थोक/भाण्डागार

थोक और भाण्डागार के परिसर के अन्तर्गत अलग से दिये गये विनियम लागू होंगे।

व्यावसायिक प्लाट—खुदरा एवं वाणिज्य

(क) महानगरीय नगर केन्द्र

तल कवरेज	:	25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	:	250

अन्य नियंत्रण :

(1) ये विनियम कनाट प्लेस और उसके एक्टेंशन/महानगरीय नगर केन्द्र पर लागू होंगे।

(2) प्लाट का साइज़ व्यावसायिक क्षेत्र के ले-आउट पर निर्भर करेगा और कनाट प्लेस तथा उसके एक्सटेंशन में प्लाट के किसी उप-विभाजन की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(3) अनुमत फर्श-क्षेत्रफल अनुपात शहरी डिजाइन अध्ययन के अधीन होगा।

(4) आगे की ओर 45 मी० चौड़ी सड़क वाले प्लाटों के मामले में सेटबैकें इस प्रकार होंगी—अग्र भाग 15 मी०, पिछला भाग-6 मी०, साइडें—4.5 मी०।

आगे की ओर 30 मी० या कम चौड़ी सड़क वाले प्लाटों के लिये सेटबैकें इस प्रकार होंगी—अग्र भाग 12 मी० पिछला भाग—6 मी०, साइडें 4.5 मी०।

(5) पार्किंग की व्यवस्था खुदरा का फर्श-क्षेत्रफल प्रति 100 व०मी० 2.2 कार स्थान, सिनेमा की प्रति 25 सीटें। कार स्थान और व्यावसायिक कार्यालय का फर्श-क्षेत्रफल प्रति 100 वर्गमी० 0.7 कार स्थान की दर से की जावेगी।

(ख) आसफ अली रोड

दिल्ली गेट-अजमेरी गेट स्कीम में व्यावसायिक पट्टी के रूप में दिखाये गये क्षेत्र के लिये निम्नलिखित बिल्डिंग नियंत्रण विनियम होंगे :—

तल कवरेज	:	80%
फर्श क्षेत्रफल अनुपात	:	300
अधिकतम ऊंचाई	:	20 मी०
सैटबैक	:	शून्य

अन्य नियंत्रण :

(1) फर्श-क्षेत्रफल अनुपात के निम्नलिखित वितरण (सहित अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या पांच होगी :—

निचली मंजिल	:	80
पहली मंजिल	:	70
दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल प्रत्येक	:	50

(2) तहखाने की अनुमति सर्विसिज और रख-रखाव के लिये अधिकतम निचली मंजिल तक दी जायेगी और वह फर्श क्षेत्रफल अनुपात से निकाल दिया जायेगा।

(3) पार्किंग की व्यवस्था खुदरा व्यापार का फर्श क्षेत्रफल प्रति 100 वर्ग मी० 2.2 कार स्थान, सिनेमा का प्रति 25 सीटें, 1 कार स्थान और व्यावसायिक कार्यालय का फर्श-क्षेत्रफल प्रति 100 व०मी० 0.7 कार स्थान की दर से की जायेगी।

अश्रेणीबद्ध व्यावसायिक केन्द्र

(क) केन्द्रीय बाजार—लाजपत नगर

इस काम्प्लेक्स में दुमंजिले निर्माण सहित विद्यमान तल कवरेज होगा। तहखाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(ख) आई०एन०ए० मार्केट

आई०एन०ए० में एक मंजिला नगरपालिका बाजार बने रहने दिया जायेगा। मुख्य नगरपालिका बाजार के इर्द-गिर्द अन्य दुकानों का उसी प्रकार के किसी एक्सटेंशन ब्लाक में पुनर्गठन किया जावे। तल कवरेज अधिकतम 50% तक प्रतिबंधित किया जायेगा।

(ग) सरोजिनी नगर बाजार

इस बाजार को विद्यमान स्थिति में रहने दिया जायगा। किसी प्रकार के परिवर्धन और परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जायेगी और अनधिकृत अधिक्रमणों को हटाया जायेगा।

(घ) बाबा खड़गसिंह मार्ग पर स्टेट एम्पोरियम

इस काम्प्लेक्स का विकास पहले ही प्लान के अनुसार किया गया है, तथापि यह बिखरा सा लगता है। हस्तशिल्प की दुकानों की आवश्यकता पूर्ति के लिये एक मंजिले खरीददारी आंकड़े कनैक्शनों की व्यवस्था की जानी चाहिये।

(च) पालिका बाजार- कनाट प्लेस

यह एक भूमिगत खरीददारी केन्द्र है। तहखाने की सीमा का विस्तार नहीं किया जायेगा। बाजार के ऊपर बने पार्क में किसी अधिरचना का निर्माण नहीं किया जायेगा।

(छ) सैन नर्सिंग होम—बहादुरशाह जफर मार्ग

तल कवरेज और फर्श क्षेत्रफल अनुपात की सीमा वही रहेगी जो इस समय विद्यमान है।

(ज) कमला मार्केट—अजमेरी गेट

विद्यमान नगरपालिका बाजार को बने रहने दिया जायेगा। नगरपालिका बाजार की कुर्सी-रेखा से आगे के अनधिकृत निर्माण संरचनाओं को हटा दिया जायेगा।

(झ) आधुनिक खरीददारी केन्द्र—सीरी फोर्ट

तल कवरेज	:	25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	:	50
अधिकतम ऊंचाई	:	14 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) चूंकि यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का आधुनिक खरीददारी केन्द्र होगा, इसलिये आन्तरिक भाग के कई प्रकार के स्तर हो सकते हैं तथापि सामान्यतः मंजिलों की संख्या दो तक प्रतिबंधित होगी।

(2) फर्श-क्षेत्रफल अनुपात के अलावा दो तहखानों की अनुमति दी जायेगी। एक खरीददारी कार्य-कलाप के लिये और दूसरा पार्किंग तथा एयरकन्डिशिंग, जैनरेटर आदि जैसी सर्विसिज के लिये।

(3) खाली स्थान के 50% स्थान पर भूदृश्य का विकास किया जायेगा और वह अभ्यंतरों और टैरेसों सहित उचित फार्म में एकीकृत किया जाना चाहिये।

(ञ) महानगरीय यात्री टर्मिनल, ओखला से संलग्न व्यावसायिक केन्द्र

तल कवरेज	:	25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	:	100
अधिकतम ऊंचाई	:	17 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) होटल और सिनेमा की अनुमति व्यावसायिक केन्द्र में दी जायेगी।

(2) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—चार

(3) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक दी जायेगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिये प्रयोग किया जायेगा तो वह फर्श क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जायेगा।

(4) वृक्ष प्रति हैक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाये जायेंगे और खाली स्थान का 40% हरियाली से आवृत किया जायेगा।

(5) पार्किंग की व्यवस्था खुदरा का प्रति 100 व०मी० फर्श क्षेत्रफल 1.9 कार स्थान और वाणिज्य का प्रति 100 व० मी० फर्श-क्षेत्रफल 0.7 कार स्थान की दर से की जायेगी। यदि व्यावसायिक केन्द्र में सिनेमा और होटल की व्यवस्था की जायेगी तो होटल का प्रति 100 व०मी० फर्श-क्षेत्रफल 2.4 कार स्थान और सिनेमा की प्रति 25 सीटें। कार स्थान की दर से अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था की जानी चाहिये।

(ट) व्यावसायिक केन्द्र—लक्ष्मीबाई नगर

तल कवरेज	:	25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	:	100
अधिकतम ऊंचाई	:	14 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) व्यावसायिक केन्द्र में मुख्य रूप से व्यावसायिक कार्यालय होंगे।

(2) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—चार

(3) वृक्ष प्रति हैक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाये जायेंगे और खाली स्थान का 40% हरियाली से आवृत किया जायेगा।

(4) पार्किंग की व्यवस्था प्रति 100 व०मी० फर्श क्षेत्रफल 0.7 कार स्थान की दर से की जायेगी।

(ठ) व्यावसायिक केन्द्र—कापरनिक्स रोड

तल कवरेज	:	25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	:	50
अधिकतम ऊंचाई	:	11 मी०

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—दो

(2) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक दी जायेगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिये प्रयोग किया जायेगा तो वह फर्श क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जायेगा।

(3) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 150 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और और खाली स्थान का 50% हरियाली से आवृत किया जाएगा। विद्यमान वृक्ष नहीं काटे जाने चाहिए।

(4) पार्किंग की व्यवस्था प्रति 100 व० मी० फर्श-क्षेत्रफल 0.7 कार स्थान की दर से की जाएगी।

(ड) व्यावसायिक केन्द्र—नेहरू नगर
(रिंग रेल के निकट)

तल कवरेज	:	25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	:	150
अधिकतम ऊंचाई	:	26 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) व्यावसायिक केन्द्र में केवल व्यावसायिक कार्यालय होंगे।

(2) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या आठ होगी और एक या दो संरचनाएं सोलह मंजिली हो सकती हैं। इसमें अधिकतम ऊंचाई के लिए 50 मी. तक की छूट दी जाए।

(3) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा।

(4) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खाली स्थान का 40% हरियाली से आवृत किया जाएगा।

(5) पार्किंग की व्यवस्था प्रति 100 व.मी० फर्श-क्षेत्रफल 0.7 कार स्थान की दर से की जाएगी।

(ढ) प्रेस-क्षेत्र बहादुर शाह-जफर मार्ग—बहादुरशाह जफर मार्ग के पूर्वी ओर का क्षेत्र, जहां समाचार-पत्र प्रेस और कार्यालय स्थित हैं, उपयोग जोन सी। अर्थात् समान्य व्यापार एवं वाणिज्य के अन्तर्गत आयेगा और उसके निम्नलिखित भवन नियंत्रण विनियम होंगे :—

तल कवरेज	:	80%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	:	300
अधिकतम ऊंचाई	:	20 मी.
सेटबैक	:	शून्य

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या फर्श-क्षेत्रफल अनुपात के निम्नलिखित वितरण सहित पांच होगी।

निचली मंजिल	:	80
पहली मंजिल	:	70
दूसरी तीसरी और चौथी मंजिल प्रत्येक	:	50

(2) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक सर्विसिज और रख-रखाव के लिए दी जाएगी और वह फर्श क्षेत्रफल अनुपात से निकाल दिया जाएगा ।

(3) पार्किंग की व्यवस्था प्रति 100 व.मी. फर्श-क्षेत्रफल 0.7 कार स्थान की दर से की जाएगी ।

उपर्युक्त व्यावसायिक केन्द्रों के अलावा किन्हीं विशेष कारणों से प्राधिकरण किसी भी व्यावसायिक केन्द्र/केन्द्र या उसके किसी भाग को अश्रेणीबद्ध व्यावसायिक केन्द्र के रूप में घोषित कर सकता है और वह उन विनियमों का निर्धारण कर सकता है, जो कार्य और पर्यावरण के अनुकूल होंगे ।

थोक व्यापार/भाण्डागार

(एकीकृत विकास)

(019 तथा 020)

न्यूनतम प्लाट साइज	: 10000 वी. मी.
तल कवरेज	: 20%
फर्श क्षेत्रफल अनुपात	: 60
अधिकतम ऊंचाई	: 14 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) तहखाने की अनुमति निचली मंजिली के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा ।

(2) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या —तीन

(3) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 150 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 20% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

(4) पार्किंग की व्यवस्था कर्मचारियों और आगन्तुकों की पार्किंग के लिए प्रति 100 व.मी. फर्श-क्षेत्रफल 1.23 कार स्थान की दर से की जाएगी ।

अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था माल चढ़ाने और उतारने के लिए प्रति 100 व.मी. फर्श क्षेत्रफल 2 ट्रकों के लिए स्थान की दर से की जाएगी ।

होटल

(032)

तल कवरेज	: 30%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 150
अधिकतम ऊंचाई	: 50 मी.

अन्य नियन्त्रण :

(1) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज के तक के लिए दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा ।

(2) फर्श-क्षेत्रफल अनुपात का 5% होटल के कार्य से संबंधित व्यावसायिक स्थान के लिए उपयोग किया जा सकता है ।

(3) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खाली स्थान का 40% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

(4) पार्किंग की व्यवस्था फर्श-क्षेत्रफल का प्रति 100 व.मी. 2.4 कार स्थान की दर से की जाएगी । खुली पार्किंग खुले क्षेत्र का 50% की सीमा तक सीमित की जाएगी ।

फ्लैटेड समूह उद्योग

(034)

न्यूनतम प्लाट साइज	: 2000 व.मी.
तल कवरेज	: 30
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 120

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—चार

(2) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा ।

(3) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 150 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 20% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

सर्विस केन्द्र

(035)

(क) स्थानीय खरीददारी केन्द्र के भाग रूप में

न्यूनतम प्लाट साइज	: 1000 व. मी.
तल कवरेज	: 25%
फर्श क्षेत्रफल अनुपात	: 25
अधिकतम ऊंचाई	: 5 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) संरचनाएं एक मंजिली होंगी ।

(2) सर्विस केन्द्र में 15 औपचारिक दुकानें, 7 अनौपचारिक दुकानें और 1 ई.एस.एस. हो सकते हैं ।

(3) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा ।

(4) वृक्ष प्रति 100 व.मी. 2 वृक्ष की दर दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 20% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

(ख) समुदाय केन्द्र के भाग के रूप में—

न्यूनतम प्लाट साइज	: 6200 व. मी.
तल कवरेज	: 25%
फर्श क्षेत्रफल अनुपात	: 50
अधिकतम ऊंचाई	: 11 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—दो ।

(2) इसमें 30 औपचारिक दुकानें, 15 अनौपचारिक दुकानें, 2 गैरा गोदाम, 1 पैट्रोल पम्प, 1 ई.एस.एस. और ऊपर की मंजिल पर व्यावसायिक कार्यालय हो सकते हैं ।

शीतागार की अनुमति 15 मी. की अधिकतम ऊंचाई तक के लिए दी जाएगी ।

(3) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा ।

(4) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 150 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 20% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

(ग) जिला केन्द्र/उप केन्द्रीय व्यापार जिला केन्द्र के भाग के रूप में सर्विस केन्द्र

न्यूनतम प्लाट साइज : 24000 व. मी.
तल कवरेज : 25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात : 50
अधिकतम ऊंचाई : 14 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की न्यूनतम संख्या—तीन

(2) सर्विस केन्द्र में 100 औपचारिक दुकाने, 50 अनौपचारिक दुकानें, 2 पैट्रोल पम्प और ऊपर की मंजिल पर व्यावसायिक कार्यालय हो सकते हैं ।

शीतागार की अनुमति 15 मी. की अधिकतम ऊंचाई तक के लिए दी जाएगी ।

(3) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा ।

(4) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 150 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 20% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

औद्योगिक प्लाट—हल्के एवं सर्विस उद्योग

(036)

न्यूनतम प्लाट साइज : 100 एम^2

क्र.सं.	प्लाट साइज (व.मी.)	तल कवरेज (%)	फर्श क्षेत्रफल अनुपात
1.	100 से 400 तक	60%	120
2.	400 से अधिक और 1000 तक	50%	120
3.	1000 से अधिक	40%	80

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत अधिकतम मंजिलें तहखाना निचली मंजिल और पहली मंजिल होंगे । तहखाना निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक होना चाहिए और वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में गिना जाएगा ।

(2) मध्यतल की अनुमति नहीं दी जाएंगी ।

(3) महानगरीय नगर केन्द्र में सर्विस उद्योग के मामले में अनुमत फर्श-क्षेत्रफल अनुपात 150 होगा ।

(4) 1000 व.मी. तक के प्लाटों में वृक्ष प्रति 100 व. मी. 2 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे ।

1000 व.मी. से अधिक के प्लाटों के मामलों में वृक्ष प्रति 200 व.मी. 3 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 20% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

उद्योग दुकान प्रकृति

न्यूनतम प्लाट : 30 व.मी.

प्लाट साइज (व.मी.)	तल कवरेज (%)	फर्श-क्षेत्रफल अनुपात
30 से 50 तक	100%	200

अन्य नियंत्रण :

(ख) अनुमत अधिकतम मंजिलें निचली मंजिल और पहली मंजिल होगी ।

(2) तहखाना और मध्यतल की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

विस्तृत उद्योग (037)

न्यूनतम प्लाट साइज : 400 व.मी.

क्र. सं.	प्लाट साइज (व.मी.)	तल कवरेज	फर्श-क्षेत्रफल अनुपात
1.	400 से 4000 तक	50%	50
2.	4000 से अधिक और 12000 तक	45%	45
3.	12000 से अधिक और 28,000 तक	40%	40
4.	28,000 से अधिक	30%	30

अन्य नियंत्रण :

(1) तहखाने की अनुमति निचली और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में गिना जाएगा ।

(2) मध्यतल की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(3) 1000 व.मी. तक के प्लाटों में वृक्ष प्रति 100 व.मी. 2 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे ।

1000 व.मी. से अधिक के प्लाटों के मामले में वृक्ष प्रति 200 व.मी. 3 वृक्ष लगाए जाएंगी और खुले स्थान का 20% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

सरकारी कार्यालय एकीकृत कार्यालय काम्पलैक्स

(066, 067, 068 एवं 070)

न्यूनतम प्लाट साइज : 10,000 व.मी.
तल कवरेज : 25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात : 150
अधिकतम ऊंचाई : 26 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) एकीकृत कार्यालय काम्पलैक्स में केन्द्रीय सरकार के कार्यालय स्थानीय सरकार के कार्यालय, सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय और न्यायालय शामिल हैं ।

(2) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा ।

(3) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 40% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

(4) पार्किंग की व्यवस्था फर्श-क्षेत्रफल का प्रति 100 व.मी. 1.7 कार स्थान की दर से की जाएगी और वह आवृत या खुली हो सकती है ।

अस्पताल

(072)

न्यूनतम प्लाट साइज : 6000 व. मी.
तल कवरेज : 25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात : 100
अधिकतम ऊंचाई : 26 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) कुल क्षेत्र का 25% अनिवार्य स्टाफ के आवास के लिए उपयोग किया जा सकता है । इस प्रकार के मामले में समूह आवास का तल कवरेज, फर्श-क्षेत्रफल और अधिकतम ऊंचाई आवास के लिए निर्धारित क्षेत्र पर लागू होगी ।

(2) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा ।

(3) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 50% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

(4) पार्किंग की व्यवस्था 80—200 बिस्तर वाले अस्पताल के लिए 5 बिस्तर/कार स्थान की दर से, 200—500 बिस्तर वाले अस्पताल के लिए 6 बिस्तर/1 कार स्थान की दर से और 500 बिस्तर से अधिक क्षमता के अस्पताल के लिए 7 बिस्तर/1 कार स्थान की दर से की जाएगी ।

(5) आगे का सैटबैक न्यूनतम 30 मी. होगा ।

स्वास्थ्य केन्द्र/नर्सिंग होम

(073 एवं 074)

न्यूनतम प्लाट साइज	: 2000 व.मी.
तल कवरेज	: 33.33%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 100
अधिकतम ऊंचाई	: 14 मी.

अन्य नियंत्रण :

वृक्ष प्लाट क्षेत्रफल का प्रति 100 व.मी. 2 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे ।

नर्सरी स्कूल

(080)

न्यूनतम प्लाट साइज	: 500 व.मी.
तल कवरेज	: 35%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 70
अधिकतम ऊंचाई	: 11 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) अनुमत मंजिलों की अधिकतम संख्या—दो ।

(2) वृक्ष प्लाट क्षेत्रफल का प्रति 100 व.मी. 2 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे ।

प्राइमरी स्कूल

(081)

न्यूनतम प्लाट साइज	: 3000 व.मी.
तल कवरेज	: 33%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 100

अन्य नियंत्रण :

(1) क्षेत्र का 50% खेल-मैदान के लिए प्रयोग किया जाएगा, जो न्यूनतम 18 मी. × 36मी. का प्रभावी खेल क्षेत्र होगा और प्लान में निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(2) फर्श-क्षेत्रफल अनुपात और कवरेज स्कूल बिल्डिंग के निर्धारित क्षेत्र के अनुसार निकाले जाएंगे ।

(3) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 50% हरियाली से आवृत्त किया जाएगा ।

सैकेन्डरी स्कूल/सीनियर सैकन्डरी स्कूल/एकीकृत स्कूल/एकीकृत आवासीय स्कूल

(082, 083, 084 एवं 085)

तल कवरेज	: 30%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 120
अधिकतम ऊंचाई	: 14 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) कवरेज तथा फर्श-क्षेत्रफल अनुपात शैक्षिक बिल्डिंग के लिए निर्धारित क्षेत्र के अनुसार निकाले जाएंगे ।

(2) सैकेन्डरी स्कूल/सीनियर सैकेन्डरी स्कूल/एकीकृत स्कूल में प्लाट क्षेत्रफल का 60% खेल-मैदान के लिए उपयोग किया जाएगा, जो न्यूनतम 67.5% मी. × 26 मी. का प्रभावी खेल क्षेत्र होगा । सैकेन्डरी स्कूल बिल्डिंग/सीनियर स्कूल बिल्डिंग/एकीकृत स्कूल बिल्डिंग के लिए क्षेत्र प्लान में अलग से दिखाया जाएगा ।

(3) एकीकृत आवासीय स्कूल के मामले में प्लाट क्षेत्र का 60% खेल-मैदान के लिए उपयोग किया जाएगा और प्लाट क्षेत्र का 15% अनिवार्य स्टाफ के आवास के लिए उपयोग किया जा सकता है । समूह आवास का कवरेज, फर्श-क्षेत्रफल अनुपात, अधिकतम ऊंचाई आदि आवसीय उद्देश्यों के लिए निर्धारित क्षेत्र पर लागू होंगे ।

(4) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खाली स्थान का 50% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

कालिज

(086)

तल कवरेज	: 25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 100
अधिकतम ऊंचाई	: 14 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) कवरेज और फर्श-क्षेत्रफल अनुपात कालिज बिल्डिंग के लिए निर्धारित क्षेत्र के अनुसार निकाले जाएंगे ।

(2) प्लाट का 60% खेल-मैदान के लिए प्रयोग किया जाएगा और प्लान में दिखाया जाएंगे ।

(3) प्लाट के क्षेत्र का 25% स्टाफ के आवास के लिए उपयोग किया जा सकता है और समूह आवास के विनियम ऐसे क्षेत्र पर लागू होंगे ।

(4) वृक्ष प्रति हेक्टेयर 125 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले क्षेत्र का 50% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

आडीटोरियम/समुदाय भवन

(099 तथा 101)

तल कवरेज	: 35%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 100
अधिकतम ऊंचाई	: 17 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और यदि वह पार्किंग और सर्विसिज के लिए प्रयोग किया जाएगा तो वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में नहीं गिना जाएगा ।

(2) वृक्ष प्लाट के प्रति 100 व.मी. 2 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 50% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

धार्मिक परिसर

(107)

तल कवरेज	: 35%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 70
अधिकतम ऊंचाई	: 11 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) बिल्डिंग सहित गुम्बद, घन्टा, टावर-शिखर आदि की ऊंचाई 17 मीटर से अधिक नहीं होगी ।

(2) पार्किंग की व्यवस्था परिसर के अन्दर की जाएगी और प्लान में दिखाई जाएगी।

पुलिस चौकी

(109)

तल कवरेज	: 35%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 70
अधिकतम ऊंचाई	: 14 मी.

अन्य नियंत्रण :

तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में गिना जाएगा।

पुलिस स्टेशन/अग्नि-शमन चौकी/अग्नि-शमन केन्द्र

(110, 115 एवं 116)

तल कवरेज	: 25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 100
अधिकतम ऊंचाई	: 17 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में गिना जाएगा।

(2) प्लाट क्षेत्रफल का 25% स्टाफ आवास के लिए उपयोग किया जा सकता है और समूह आवास के विनियम आवास के लिए निर्धारित क्षेत्र पर लागू होंगे ।

(3) वृक्ष फर्श-क्षेत्रफल का प्रति 100 व.मी. 2 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे ।

डाक-तार कार्यालय/प्रधान डाक-घर

(118 एवं 119)

तल कवरेज	: 25%
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 100
अधिकतम ऊंचाई	: 17 मी.

अन्य नियंत्रण :

(1) तहखाने की अनुमति निचली मंजिल के नीचे और अधिकतम तल कवरेज तक के लिए दी जाएगी और वह फर्श-क्षेत्रफल अनुपात में गिना जाएगा ।

(2) वृक्ष फर्श-क्षेत्रफल का प्रति 100 व.मी. 2 वृक्ष की दर से लगाए जाएंगे और खुले स्थान का 50% हरियाली से आवृत किया जाएगा ।

खण्ड 9.0

विशेष क्षेत्र विनियम

प्लान पर परिभाषित विशेष क्षेत्र, जो विकास संहिता के अंतर्गत घोषित किया जाएगा, लगभग 2600 हैक्टेयर है। विशेष क्षेत्र चार अलग भागों में विभाजित किया गया है—(क) चार-दीवारी का शहर (ख) करोल बाग (ग) विशेष उपयोग जोन क्षेत्र और (घ) शहरी नवीकरण क्षेत्र। ये चार भाग विशेष क्षेत्र प्लान पर स्पष्ट रूप से दिखाए गए हैं ।

(क) चार-दीवारी का शहर :

1. उपयोग परिसरों में उपयोग/उपयोग कार्य-कलाप की अनुमति ।

(1) अन्य अनुकूल उपयोगों का प्रतिस्थापन करने के लिए हानिकर उद्योग और खतरनाक व्यापार (अनुबन्ध 5 पर दी गई सूची) तुरन्त अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के अन्दर चार-दीवारी के शहर से स्थानान्तरित कर दिए जायेंगे ।

(2) अस्पताल, डिस्पैंसरियां, कालिज, स्कूल, पुलिस स्टेशन, अग्नि-शमन केन्द्र, डाक-घर, स्थानीय सरकारी कार्यालय, धार्मिक स्थान आदि जैसे सार्वजनिक और अर्द्ध-सार्वजनिक उपयोग और सेवाएं अपनी वर्तमान अवस्थितियों में बनी रहेंगी। कोई भी परिवर्तन, या परिवर्धन योजना में निर्धारित समग्र नीती व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा।

2. उपयोग परिसर के अन्दर, बिल्डिंग/बिल्डिंगों के लिए नियंत्रण पम्परागत क्षेत्रों में परिसरों के लिए भवन अनुमति निम्नलिखित मार्ग-निर्देशक रेखाओं के अनुसार दी जाएगी :

तल कवरेज	: 80 प्रतिशत
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 200
अधिकतम ऊंचाई	: 12 मी.
सैटबैक	: शून्य
कुर्सी	: 0.5 से 2.0 मी. तक

अन्य नियंत्रण :

(1) बिल्डिंग के पुनर्निर्माण की अनुमति व्यावहारिक रूप से विद्यमान फार्म और स्टाइल में करने के लिए दी जाएगी ।

(2) परम्परागत सजावट की विशेषताओं सहित बिल्डिंग के निर्माण की अनुमति ईंटें या ईंटों की टाइलों, पत्थर, ढलवां लोहा और लकड़ी जैसी बिल्डिंग-सामग्री सहित दी जाएगी।

(3) प्रस्तावित निर्माण के लिए बिल्डिंग प्लान प्रस्तुत करते समय (छज्जे, खम्बे, कार्निस, खिड़कियां, प्रक्षेपण, लोहे और पत्थर की जालियों का विवरण जैसी) वास्तुशिलपीय विशेषताएं स्पष्ट करते हुए, ऊंचाई और भागों सहित विद्यमान सभी तलों के विद्यमान प्लान आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए जायेंगे, जो नए निर्माण के अपनाए जाने हों ।

3 चार-दीवारी शहर के अन्दर उपनिवेशी और आजादी के बाद की अवधि से सम्बन्धित परम्परागत विकास के अलावा अन्य विकास कार्य हैं। सम्बन्धित विकास के लिए अपनाए जाने वाले बिल्डिंग नियंत्रण विनियम निम्नलिखित होंगे :—

(1) दरियागंज : ले-आउट प्लान एक बार प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत होने और विकास संहिता के अनुसार घोषित होने के बाद विकास-कार्य करने का आधार बन जाएगा । बिल्डिंग नियंत्रण विनियम वही होंगे, जो विद्यमान आवासीय क्षेत्रों के बिल्डिंग नियंत्रण विनियम के अध्याय में दिए गए हैं ।

(2) लाजपत राय मार्किट : चान्दनी चौक के दोनों ओर की एक मंजिली मार्किट बनी रहेगी।

(3) जामा मस्जिद का निकटवर्ती स्कूल, प्रेजेन्टेशन कान्वन्ट स्कूल एवं चर्च, कश्मीरी गेट का चर्च, पुराना हिन्दू कालिज बिल्डिंग

काम्प्लैक्स में म्युनिसिपल कार्यालय जैसे विद्युक्त उपयोग परिसर विद्यमान बिल्डिंग आयतन में बने रहने दिए जायेंगे । किसी भी परिवर्धन या परिवर्तन की जांच संरक्षण की समग्र नीति व्यवस्था के अन्दर प्राधिकरण द्वारा की जाएगी ।

(ख) करोल बाग

(1) फेज रोड, देशबन्धु गुप्ता रोड, स्वामी दयानन्द सरस्वती मार्ग, आर्य समाज रोड, गुरु नानक रोड, टैंक रोड, गुरु रविदास मार्ग (न्यू पूसा रोड), रामजस रोड तक जाने वाली रोड, बंकिम चन्द चटर्जी मार्ग, पूसा लेन तक ले जाने वाली रोड, पूसा रोड, गुरुद्वारा रोड, आर्य समाज रोड और फेज रोड को बापस आदि मार्गों से घिरे हुए क्षेत्र में आवास को छोड़कर अन्य उपयोगों—जिनके नाम हैं—खुदरा, मरम्मत एवं कार्मिक सेवा दुकान, व्यावसायिक कार्यालय, बैंक और स्थानीय सरकारी कार्यालय को उन सभी प्लाटों की निचली मंजिल पर अनुमति दी जाएगी, जिनके आगे वे सड़कें हों जो 18 मी. से कम मार्गाधिकार की न हों इसी प्रकार की शर्तों सहित इन उपयोगों की अनुमति देशबन्धु गुप्ता रोड के दूसरी ओर भी एक प्लाट डैप्थ तक दी जाएगी । अस्पताल, डिस्पैन्सरियां, काजिल, स्कूल, पुलिस स्टेशन, अग्नि-शमन केन्द्र, डाक-घर, स्थानीय सरकारी कार्यालय, धार्मिक स्थान आदि जैसे सार्वजनिक और अर्द्ध-सार्वजनिक उपयोगों और सेवाओं को उनकी वर्तमान अवस्थितियों में बने रहने दिया जाएगा । इसमें कोई भी परिवर्तन या परिवर्धन योजना में निर्धारित समग्र नीति व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा ।

(2) देशबन्धु गुप्ता रोड, गुरुद्वारा रोड, टैंक रोड और सरस्वती मार्ग द्वारा घिरे हुए क्षेत्र में उपर्युक्त उपयोग सभी प्लाटों पर अनुमत हैं, यदि क्षेत्र के लिए तैयार की जाने वाली विस्तृत शहरी डिजाइन परियोजना के अनुसार बाद में आवश्यकता पड़ने पर सड़क को चौड़ा करने के लिए पर्याप्त स्थान छोड़ा गया हो । चार-दीवारी शहर के लिए निर्धारित सार्वजनिक और अर्द्ध-सार्वजनिक तथा सेवाओं का खण्ड इस क्षेत्र पर भी लागू होगा ।

2. उपयोग परिसरों के अन्दर बिल्डिंग/बिल्डिंगों के लिए नियंत्रण :

तल कवरेज	: 80 प्रतिशत
फर्श-क्षेत्रफल अनुपात	: 200
अधिकतम ऊंचाई	: 11 मी.
सैटबैक	: शून्य

अन्य नियंत्रण :

प्रत्येक परिसर में खुला प्रांगण इस प्रकार नियोजित किया जाएगा कि वह पीछे या साइडों के परिसर के खुले प्रांगण के निकट पड़े ।

(ग) विशेष उपयोग जोन क्षेत्र :

विशेष उपयोग जोन के रूप में अंकित क्षेत्रों का विकास उस विधि से सम्बंधित उपयोग जोन विनियमों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा, जो सब-डिवीजन के सम्बद्ध खण्डों और बिल्डिंग नियंत्रण विनियमों में निर्धारित है ।

(घ) शहरी नवीकरण क्षेत्र (संरक्षी काट-छांट)

विशेष क्षेत्रों के अन्दर के वे क्षेत्र शहरी नवीकरण क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं, जिनमें (क) चार-दीवारी का शहर (ख) करोल बाग और (ग) विशेष उपयोग जोन क्षेत्र नामक पहले तीन वर्ग शामिल नहीं हैं । इन क्षेत्रों का विकास योजना की समग्र नीति व्यवस्था के अन्दर तैयार की जाने वाली संबंधित व्यापक पुनर्विकास स्कीमों के अनुसार होगा । इन व्यापक पुनर्विकास स्कीमों में उन कुछ क्षेत्रों के योजना उपकरण के रूप में संरक्षी कांट-छांट भी शामिल हो सकती है, जहां उसकी आवश्यकता हो । विशेष क्षेत्र प्लान में उपयोग जोन शहरी नवीकरण के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के विभिन्न पाकेटों में अंकित किए गए हैं । इन पाकेटों को निर्धारित उपयोग जोनों के लिए योजनाबद्ध किया जाएगा । विभिन्न उपयोग जोनों के लिए पुनर्विकास स्कीमों पर सामान्यतः विकास संहिता में निर्धारित विनियम लागू किए जायेंगे । तथापि, प्राधिकरण उस स्थिति में उपयुक्त विनियम अपना सकता है, जब निर्धारित सामान्य विनियम या तो व्यवहार्य न हो या उन्हें अपनाया जाना उचित न हो ।

(3) अध्याय 2 के बाद अध्याय 3 के रूप में "योजना-मानीटरिंग एवं पुनरीक्षण" जोड़ा जाएगा ।

योजना मानीटरिंग के दो मुख्य उद्देश्य हैं :

(1) मनुष्य—व्यवस्थापन करने संबंधी सामाजिक-आर्थिक और कार्यात्मक कार्यकुशलता को मानीटर किया जाना चाहिए और उसका मूल्यांकन किया जाना चाहिए ताकि जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए आवश्यक परिवर्तन का पता लगाया जा सके और उचित उपायों द्वारा कार्रवाई की जा सके ।

(2) योजना को लगातार उत्पन्न होने वाली सामाजिक-आर्थिक शक्तियों के प्रति अनुक्रियाशील बनाया जाना चाहिए ।

इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए योजना कार्यान्वयन ढांचे में मानीटरिंग पद्धति होनी चाहिए । प्रभावी मानीटरिंग द्वारा नगर में हो रहे अवांछित विकास कार्य को रोकना काफी संभव है । वह निम्नलिखित प्रस्ताव पर आधारित है :—

(1) कोई भी लम्बे रेंज की शहरी विकास योजना पूर्ण रूप से लागू नहीं की जा सकती ।

(2) योजना योजना कार्यान्वयन अवधि के दौरान होने वाली घटनाओं और उत्पन्न होने वाली सामाजिक,-आर्थिक और अन्य शक्तियों के प्रति अनुक्रियाशील होनी चाहिए ।

(3) होने वाली घटनाओं और उत्पन्न होने वाली सामाजिक-आर्थिक शक्तियों और योजना की प्रतिक्रिया के बीच की अवधि में अवांछित विकास की प्रबल स्थितियां उत्पन्न होती हैं ।

(4) अवांछित वृद्धि को रोकने के लिए अनुक्रियाशील योजना के लिए वैज्ञानिक मानीटरिंग व्यवस्था की आवश्यकता है ।

(1) योजना में निर्धारित भौतिक लक्ष्यों की उपलब्धि का मूल्यांकन करने के लिए; और

(2) योजना नीतियों का पुनरीक्षण करने के लिए नगर में हुए भौतिक और सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का पता लगाने के लिए मानीटरिंग ढांचे की आवश्यकता है ।

विभिन्न क्षेत्रों के कार्य का अनुमान लगाने के लिए भौतिक लक्ष्यों के मामले में पहलुओं की बहुत बड़ी संख्या हो सकती है । सुव्यवस्थित एवं निश्चित कार्य के लिए कुछ चुने हुए पहलुओं के लिए भौतिक लक्ष्य निम्नलिखित तालिका में दिए गए हैं । भौतिक लक्ष्यों को जैसा प्रत्येक के आगे निर्दिष्ट किया गया, वार्षिक रूप से, 5 वर्ष बाद या मध्यावधि (1992) पर मनीटर किया जाए ।

भौतिक विकास के लिए मानीटरिंग ढांचा :

भौतिक कार्यक्रम	इकाई	1990 तक लक्ष्य	2001 तक लक्ष्य	मानीटरिंग की अवधि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. भूमि अधिग्रहण	हे.		27,000	1 वर्ष
2. भूमि विकास				
(क) आवासीय	हे.	1,700	12,000	1 वर्ष
(ख) औद्योगिक	हे.	230	1,600	1 वर्ष
3. नए आवास				
(क) स्थल एवं सर्विसिज	स्थलों की संख्या	1.75 लाख	4.0 लाख	1 वर्ष
(ख) आंशिक/पूर्ण रूप से निर्मित एजेन्सी आवास	आवासीय इकाई (आ. ई.)			1 वर्ष
(ग) आंशिक/पूर्ण रूप से निर्मित सरकारी आवास	आ. ई.	2,69,000	697,000	1 वर्ष
(घ) गन्दी बस्ती आवास	आ. ई.	21,000	49,000	1 वर्ष
(च) नियोजक आवास	आ.ई.	28,000	65,00	1 वर्ष
(छ) व्यक्तिगत प्लाटों पर आवास	आ. ई.	120,000	275,000	1 वर्ष
(ज) अनधिकृत इनफिल	आ. ई.	56,000	130,000	
4. समुदाय सुविधाएं				
(1) सामान्य अस्पताल	सं.	7	21	5 वर्ष
(2) मध्यवर्ती अस्पताल-ए	सं.	45	97	1 वर्ष
(3) मध्यवर्ती अस्पताल-बी	सं.	35	79	1 वर्ष
(4) पोलीक्लीनिक	सं.	20	45	1 वर्ष
(5) प्रसूति एवं बाल कल्याण केन्द्र	सं.	45	112	1 वर्ष
(6) नर्सिंग होम	सं.	30	74	1 वर्ष
(7) डिस्पैन्सरियां	सं.	240	450	1 वर्ष
आवासीय इकाई संख्या				
(8) प्राइमरी स्कूल	सं.	330	1060	1 वर्ष
(9) सीनियर सैकेन्डरी स्कूल	सं.	226	725	1 वर्ष
(10) एकीकृत स्कूल	सं.	45	143	1 वर्ष
(11) कालिज	सं.	28	60	1 वर्ष
(12) विश्वविद्यालय परिसर	सं.	2	3	10 वर्ष
(13) इंजीनियरी कालिज	सं.		1	10 वर्ष
(14) चिकित्सा कालिज	सं.	1	2	10 वर्ष
(15) विश्वविद्यालय	सं.		1	10 वर्ष
(16) पुलिस स्टेशन	सं.	32	79	1 वर्ष
(17) पुलिस चौकी	सं.	60	135	1 वर्ष
(18) पुलिस गाड़ियों के लिए वर्कशाप	सं.	1	2	5 वर्ष
(19) सिविल रक्षा डिविजनल कार्यालय	सं.	24	75	1 वर्ष
(20) मुख्य पुलिस बटालियन	सं	2	4	5 वर्ष
(21) होम गार्ड जोनल कार्यालय	सं.	5	9	5 वर्ष
(22) होम गार्ड ज़िला कार्यालय	सं.	4	9	5 वर्ष
(23) अग्निशमन केन्द्र उपअग्नि शमन केन्द्र	सं.	20	39	1 वर्ष
(24) मिल्क डेयरियां	सं.	1	2	10 वर्ष

1	2	3	4	5
(25) मिल्क बूथ	सं.	420	1340	1 वर्ष
(26) पैट्रोलियम एवं गैस भराई केन्द्र	सं.	1	2	10 वर्ष
(27) गैस गोदाम	सं०	75	149	1 वर्ष
(28) टेलीफोन केन्द्र	सं०	10	15	5 वर्ष
(29) प्रधान डाकघर वितरण कार्यालय	सं.	20	26	1 वर्ष
(30) प्रधान डाकघर* प्रशासनिक कार्यालय	सं.	6	11	5 वर्ष
(31) विभाग तार कार्यालय	सं.	6	14	5 वर्ष
(32) डाक-तार के लिए वर्कशाप	सं.	1	2	10 वर्ष
(33) डाक-तार उपस्कर भंडार	सं०	1	1	
	सं०	1	3	10 वर्ष
(34) अनुसंधान एवं उच्च अध्ययन के लिए राष्ट्रीय महत्व का संस्थान				
(35) सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाएं	सं.	3	10	10 वर्ष
5. संरक्षण एवं ग्रेड बढ़ाना :				
(1) चार-दीवारी का शहर				
(क) ट्राम	लाइन की लम्बाई (कि.मी.) यात्री क्षमता के अनुसार चल-स्टाक	4	8	5 वर्ष
(ख) खतरनाक उद्योगों का स्थानान्तरण करना	सं.	400	700	1 वर्ष
(ग) माल टर्मिनल	सं.	2	2	5 वर्ष
(घ) दि.प.नि. बस टर्मिनल	सं.	2	4	5 वर्ष
(च) भूमिगत पार्किंग	सं.	3	9	5 वर्ष
(छ) आवासीय कटरों का पुनर्विकास	कटरों की संख्या	500	1000	
	परिवारों की संख्या	6,000	20,000	1 वर्ष
(ज) क्षेत्रों में भौतिक एवं सामाजिक आधारिक संरचना का सुधार	परिवारों की संख्या	18,000	60,000	1 वर्ष
(झ) शहर की दीवार की मरम्मत तथा उसका संरक्षण	मी.		4.16 कि.मी. (आर) 5.20 कि.मी. (सी)	1 वर्ष
चार दीवारी के शहर के गेटों का संरक्षण और उनकी मरम्मत	सं.		7 (आर) 4 (सी०)	1 वर्ष
(2) विशेष क्षेत्र में चार दीवारी के शहर को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में संरक्षी कांट-छांट से शहरी नवीकरण		352 हे.	528 हे.	1 वर्ष
(3) पुनर्वास कालोनियों में भौतिक आधारिक संरचना	परिवारों की संख्या	60,000	200,000	1 वर्ष
(4) अनधिकृत कालोनियों में भौतिक आधारिक संरचना	परिवारों की संख्या	60,000	200,000	1 वर्ष
(5) शहरी गांवों में भौतिक आधारिक संरचना	गांवों की संख्या	80	120	1 वर्ष
6. सार्वजनिक उपयोगिता :				
(क) जल शोधन संयंत्रों को बढ़ाना	एम.जी.डी.	371	421	1 वर्ष
(ख) नए जल शोधन संयंत्रों का निर्माण	एम.जी.डी.	200	300	10 वर्ष
(ग) सीवरेज शोधन संयंत्रों को बढ़ाना	एम.जी.डी.	454	494	1 वर्ष
(घ) नए सीवरेज शोधन संयंत्रों का निर्माण	एम.जी.डी	50	250	10 वर्ष
(च) विद्युत वितरण पद्धति का विस्तार करना	एम. डब्ल्यू.	550	1850	1 वर्ष
(छ) सैनिटरी लैण्ड-फिल स्थान का विकास	हे.	200	200	5 वर्ष
(ज) कूड़ा-करकट गाड़ियों के लिए मरम्मत वर्कशाप स्थान का निर्माण	सं.	3	3	5 वर्ष
(झ) यमुना नदी के जल मार्ग को सुव्यवस्थित करना—उसके क्षेत्र का विकास करना	हे.	500	3,000	5 वर्ष
(ट) बाढ़ नियंत्रण उपायों के लिए विद्यमान नालों का पुनर्निर्माण करना	अतिरिक्त क्यूसेक्स			5 वर्ष

1	2	3	4	5
7. परिवहन :				
(क) हल्की रेल	रेल की लम्बाई (कि. मी.) चल-स्टाक (यात्री क्षमता में)	87	257	5 वर्ष
(ख) साईकल ट्रैकों का निर्माण	कि.मी.		120	1 वर्ष
(ग) बस टर्मिनल का निर्माण	सं.	10	26	5 वर्ष
(घ) रेलवे टर्मिनलों का निर्माण	सं.	5	9	5 वर्ष
(च) अन्तर्राज्यीय बस अड्डों का निर्माण	सं.	2	4	5 वर्ष
(छ) फ्लाई ओवरों/निचले पुलों का निर्माण	सं.	15	45	1 वर्ष
(ज) सड़कों पर चल-स्टाक अर्थात डी.टी.सी. बसें	सं.	—	—	1 वर्ष
(झ) रिंग रेलवे के पास रोजगार केन्द्र	सं.	—	—	5 वर्ष
8. मनोरंजन :				
(क) डिवीजनल खेल-कूद केन्द्र	सं.	2	7	5 वर्ष
(ख) जिला खेल-कूद केन्द्र	स.	44	84	1 वर्ष
(ग) निकटवर्ती पार्क	है.			1 वष
(घ) निकटवर्ती खेल क्षेत्र	हे.	480	720	1 वर्ष
(च) जिला स्तर बाल पार्क	सं.	7	11	5 वर्ष
(छ) यातायात प्रशिक्षण पार्क	सं.	5	10	5 वर्ष
(ज) पिकनिक हट	सं.	5	9	5 वर्ष
(झ) झीलों का विकास	है.	1	2	5 विर्ष
(ट) स्मारकों का संरक्षण		—	—	6 वर्ष
(ठ) नदी के अग्र भाग का विकास	हे.	—	—	5 वर्ष
(ड) रिज का संरक्षण				1 वर्ष
9. सरकारी कार्यालय :				
(क) सरकारी कार्यालय कम्पलैक्स	है.	24	84	5 वर्ष
10. उद्योग :				
(क) विस्तृत औद्योगिक क्षेत्र	हे.	400	400	1 वर्ष
(ख) हल्के औद्योगिक क्षेत्र	औद्योगिक सम्पदा इकाइयों की संख्या	16	35	1 वर्ष
(ग) विशिष्ट उद्योग :				
(1) इलैक्ट्रिकल्स और इलैक्ट्रोनिक्स	औद्योगिक सम्पदा इकाइयों की संख्या	2	4	1 वर्ष
(2) रबड़ प्लास्टिक एवं पैट्रोलियम उत्पाद	औद्योगिक सम्पदा इकाइयों की संख्या	2	4	1 वर्ष
(3) धातु एवं धातु उत्पाद (मशीनें औजार, परिवहन उपकरण और पुर्जे)	औद्योगिक सम्पदा इकाइयो की संख्या	4	12	1 वर्ष
(4) फर्नीचर जुड़नार अन्य लकड़ी और कागज उत्पाद	औद्योगिक सम्पदा इकाइयों की संख्या	2	5	1 वर्ष
(5) सूती एवं तन्तु वस्त्र उत्पाद	औद्योगिक सम्पदा इकाइयों की संख्या	2	4	1 वर्ष
(6) खाद्य एवं पेय पदार्थ	औद्योगिक सम्पदा इकाइयों की संख्या	—	1	1 वर्ष
(7) रसद्रव्य एवं रसायनिक उत्पाद	औद्योगिक सम्पदा इकाइयों की संख्या	—	—	1 वर्ष
(8) विविध उत्पाद	औद्योगिक सम्पदा इकाइयों की संख्या	2	4	1 वर्ष

1	2	3	4	5
11. व्यापार एवं वाणिज्य :				
(क) उप केन्द्रीय व्यापार जिले	सं.	1	2	5 वर्ष
(ख) जिला केन्द्र	सं.	8	20	5 वर्ष
(ग) समुदाय केन्द्र	सं.	59	103	1 वर्ष
(घ) स्थानीय खरीदारी केन्द्र	सं.	258	537	1 वर्ष
(च) सुविधा खरीदारी केन्द्र	सं.	677	1616	1 वर्ष
(छ) महानगरीय केन्द्र	सं.	1	4	10 वर्ष
(ज) थोक एवं भाड़ा काम्प्लैक्स	सं.	3	6	5 वर्ष
(झ) क्षेत्रीय एवं स्थानीय थोक मार्किट	सं.	3	6	5 वर्ष
12. गांवों का पर्यावरणीय सुधार और केन्द्रीय गांवों का विकास :				
(क) गांवों का पर्यावरणीय सुधार	सं.	60	120	1 वर्ष
(ख) केन्द्रीय गांवों का विकास	सं.	5	11	5 वर्ष
13. शहर का व्यक्तित्व विशेष परियोजनाएं :				
(क) खुदरा खरीदारी काम्प्लैक्स	सं.	1	1	10 वर्ष
(ख) आधुनिक थोक खरीदारी काम्पलैक्स	सं.	1	3	5 वर्ष
(ग) सम्मेलन केन्द्र	सं.	1	1	10 वर्ष
(घ) उच्चतर विद्या के लिए अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र	सं.	1	1	10 वर्ष
(च) नगर एवं क्षेत्रीय स्तर आधुनिक मनोरंजनात्मक क्षेत्र	सं.	2	5	5 वर्ष
(छ) अन्तर्राष्ट्रीय खेल-कूद के लिए केन्द्र	सं.	1	2	10 वर्ष

5 वर्षों के अन्तराल पर आवधिक रूप से मानीटर किए जाने वाले भौतिक और सामाजिक आर्थिक परिवर्तनों के निम्नलिखित सूचक होंगे :—

(1) जनसांख्यिकीय :

(क) जनसंख्या साइज—शहरी एवं ग्रामीण

धारक क्षमता के अनुसार जनसंख्या का वितरण

(ख) आयु लिंग संरचना

(ग) घनत्व पैटर्न

(घ) परिवार साइज

(च) प्रवास की दर

(छ) उन क्षेत्रों का पता लगाना, जिनके कारण प्रवास उत्पन्न होता है।

(2) भूमि उपयोग :

विंग-शील्ड सर्वेक्षण और भूमि उपयोग सर्वेक्षण विश्लेषण

(3) आवास :

आवादकार, अनधिकृत, पुनर्वास, सामान्य समूह आवास, नियोजक आवास, स्लम पुनर्वास, व्यक्तिगत भूखंडीय आवास, गांव और परम्परागत विभिन्न प्रकार के आवासों में परिवार।

स्लम और आवादकार बस्तियों की सामाजिक-आर्थिक विशेषताओं सहित।

प्रति कमरा व्यक्ति और प्रति परिवार कमरे।

अनिवार्य सेवाओं सहित परिवार।

(4) परिवहन :

सार्वजनिक परिवहन (मॉडल स्प्लिट) द्वारा प्रतिशतता ट्रिप।

विभिन्न साधनों का प्रयोग करने और उन्हें चलाने का खर्च।

जनसंख्या से संबंधित यात्री क्षमता और प्रति वर्ष सार्वजनिक परिवहन द्वारा तय की गई दूरी।

(5) पर्यावरणीय कंटक :

(क) वायु प्रदूषण

(ख) जल प्रदूषण

(ग) शोर

(6) आर्थिक पहलू :

आय द्वारा परिवारों का वितरण

उपभोग व्यय द्वारा परिवारों का वितरण

रोजगार

सहभागी दर

विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार

प्रति औद्योगिक इकाई कर्मचारियों की औसत संख्या

उद्योग :

विभिन्न प्रकार की औद्योगिक इकाइयों का विकास।

निर्माण :

निर्माण क्षेत्र द्वारा जी.एन.पी. में जोड़ा गया मूल्य

बिल्डिंग सामग्री उपलब्धता

आवासीय, व्यावसायिक और सार्वजनिक बिल्डिंग—प्रकार द्वारा / पट्टेदारी और लागत :

भूमि मूल्य, कीमतें, किराए, कर

कुल आवास लागत के प्रतिशत के अनुसार भूमि लागत

(7) सामाजिक आधारिक संरचना :

स्वास्थ्य

मृत्यु-दर और शिशु मृत्यु-दर

जनता को सुरक्षित पेय-जल की प्राप्ति

1,000 जनसंख्या विस्तरों की स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता

भौगोलिक सन्तुलन

नियमित सीवरेज की उपलब्धि
कम लागत सफाई की उपलब्धि
प्रतिव्यक्ति कूड़ा-करकट हटाना
शिक्षा

विभिन्न स्तरों पर शैक्षिक संस्थाओं की संख्या और क्षमता।
पुलिस एवं अग्नि-शमनें

पुलिस एवं अग्नि-शमन सेवाओं का वितरण
मनोरंजनात्मक एवं सामाजिक सांस्कृतिक सुविधाएं
विभिन्न सुविधाओं की संख्या और क्षमता

(1) खेल मैदान
(2) स्टेडियम
(3) तैरने के तालाब
(4) थियेटर
(5) संग्रहालय
(6) पुस्तकालय
(7)
(8) प्राकृतिक घोर विपत्तियां

बाढ़ तीव्रता, प्रभावित क्षेत्र, जनसंख्या, अन्य कोई प्राकृतिक घोर विपत्ति ।

मानिटर करने वाला यूनिट

भौतिक लक्ष्यों और सूचकों के लिए आंकडों का मुख्य भाग

गौण स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है। एक मानीटरिंग यूनिट की स्थापना की जानी चाहिए, जो मुख्य और गौण आंकड़ों को प्राप्त करने, उसका विश्लेषण करने और वर्ष में एक बार विस्तृत रूप से महत्वपूर्ण परिवर्तनों को प्राधिकरण की जानकारी में लाने के लिए जिम्मेदार होगा। अर्थपूर्ण तुलना के लिए और परिवर्तन को मानीटर करने के लिए इस यूनिट द्वारा मानक फार्मेट तैयार किए जाएंगें ।

योजना पुनरीक्षण

योजना मानीटरिंग से परिप्रेक्ष्य योजना दस्तावेज में आवश्यक संशोधन के लिए पर्याप्त सामग्री की व्यवस्था होगी । सामाजिक-आर्थिक और भौतिक प्रवृत्तियों के उत्पन्न होने के कारण किसी अन्य पहलू को योजना प्रस्तावों का पुनरीक्षण करने के लिए अध्ययन के लिए लिया जा सकता है। सभी पहलुओं को सम्मिलित करते हुए एक विस्तृत पुनरीक्षण 1992 के दौरान किया जाना चाहिए ।

नीतियां दिशाएं निर्दिष्ट करती हैं : विस्तृत विकास परियोजनाओं से अन्ततः वातावरण—अच्छा या बुरा, उत्पन्न होती है । योजना कार्यान्वयन के दौरान आवास परिवहन, कार्य केन्द्र मनोरंजन, आधारिक संरचना आदि विकास के सभी पहलुओं पर अध्ययन और अनुसंधान करने की आवश्यकता है, ताकि उच्च स्तर के रहन-सहन के वातावरण की व्यवस्था करने में योजना को प्रभावी बनाया जा सके । इस महानगर के विकास के लिए योजना को एक ठोस उपकरण बनाने के लिए दि. वि. प्रा. को लगातार यह अध्ययन, अनुसंधान और मानीटरिंग कार्य करना चाहिए ।

(4) निम्नलिखित को "व्याख्यात्मक टिप्पणियों" के रूप में अध्याय 3 के बाद जोड़ा जाए ।

पिछले अध्यायों में, —

(1) जब तक कि अन्यथा उल्लिखित न हों, सभी आंकड़े वर्ष 1981 से संबंधित है, जिन्हें दिल्ली की मुख्य योजना (संशोधन के लिए यथा प्रस्तावित) के लिए आधार वर्ष के रूप में लिया गया है ।

(2) अपने व्याकरणिक विभेदों सहित "वर्तमान" और "विद्यमान" शब्द, जब तक कि संदर्भ में भिन्न या किसी अन्य अर्थ की अपेक्षा न हो, 1981 का संकेत देने के लिए प्रयोग किए गए हैं ।

(3) दिल्ली शहरी क्षेत्र 81 में, जब तक कि संदर्भ में भिन्न या किसी अन्य अर्थ की अपेक्षा न हो, 1962 की दिल्ली की मुख्य योजना में निर्धारित नगर योग्य सीमाओं के अन्दर का क्षेत्र शामिल है । धारक क्षमता निकालने के लिए पूर्वी दिल्ली का पटपड़ गंज काम्पलेक्स, पश्चिमी दिल्ली का सुल्तान पुरी और रोहिणी का कुछ भाग भी शामिल किया गया है ।

(4) शहरी विस्तार (यू. ई.) दिल्ली की मुख्य योजना की नगर योग्य सीमाओं के बाहर का क्षेत्र है । वर्ष 2001 तक अतिरिक्त 40 लाख जनसंख्या को बसाने के लिए जिसकी आवश्यकता है ।।

विकास संहिता की अनुसूची—1

उपयोग परिसरों की परिभाषाएं

001 आवासीय प्लाट-भूखण्डीय आवास

एक या एक से अधिक आवासीय इकाई के लिए परिसर, जिसमें एक मुख्य बिल्डिंग ब्लाक और गैरेज/गैरेजों एवं कर्मचारी क्वार्टरों के लिए एक अतिरिक्त ब्लाक हो सकता है ।

002 आवासीय प्लाट—समूह आवास

वह परिसर जिसका साइज 2000 व. मी. से कम न हो और जिसमें पार्किंग, पार्क, सुविधा दुकानें, सार्वजनिक उपयोगिता आदि जैसी मूल सुख-सुविधाओं सहित आवासीय फ्लैट बने हों ।

003 आवासीय फ्लैट

एक परिवार (एक गृहस्थी) के लिए आवासीय स्थान, जो समूह आवास का भाग या स्वतन्त्र रूप से हो सकता है ।

004 आवास एवं कार्य प्लाट

वह परिसर जिसमें एक परिवार (एक गृहस्थी) के आवास स्थान और निचली मंजिल (ग्राऊंड फ्लोर) पर प्रतिबंधित उसके कार्य-स्थान की व्यवस्था होती है । ये परिसर केवल सार्वजनिक आवास योजनाओं में ही अनुमत है ।

005 आवासीय परिसर-विशेष क्षेत्र

वह परिसर जिसमें मिश्रित उपयोग सहित या रहित, जैसा विशेष क्षेत्र आवास विनियमों में दिया गया हो, विशेष क्षेत्र में आवासीय स्थान की व्यवस्था हो ।

006 विदेशी मिशन

विदेशी मिशन के कार्यालयों और उसके अन्य उपयोग (इससे संबंधित विनियमों के अनुसार) के लिए परिसर ।

007 होस्टल

वह परिसर जिसके कमरे "संस्थाओं" से संलग्न या अन्यथा, दीर्घावधि आधार पर किराए पर दिए जाते हैं ।

008 गेस्ट हाउस, बोर्डिंग हाउस तथा लोजिंग हाउस

गेस्ट हाउस वह परिसर है, जहां सरकारी, अर्ध-सरकारी, सार्वजनिक उपक्रम और प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के स्टाफ को थोड़ी अवधि के लिए ठहराया जाता है ।

बोर्डिंग हाउस वह परिसर है, जिसके कमरे होटलों की तुलना में दीर्घावधि आधार पर किराए पर दिए जाते हैं ।

लोजिंग हाउस वह परिसर है, जो 50 से कम व्यक्तियों के ठहरने के लिए उपयोग किया जाता है ।

009 धर्मशाला और उसके समानक

वह परिसर जिसमें लाभ रहित आधार पर एक सप्ताह तक के लिए अस्थायी आवास की व्यवस्था होती है ।

010 बारातघर

वह परिसर जिसका उपयोग विवाह और अन्य सामाजिक कार्यों के लिए किया जाता है और जिसे सार्वजनिक एजेंसी चलाती है ।

011 रैन-बसेरा

वह परिसर जिसमें बिना शुल्क या नाममात्र के शुल्क से लोगों के लिए रात्रि के समय रहने की व्यवस्था होती है। यह स्थानीय सरकार या स्वैच्छिक ऐजेन्सियों द्वारा चलाया जाता है ।

012 खुदरा दुकान

वह परिसर जहां आवश्यक भण्डारण करके वस्तुओं की बिक्री सीधे ही उपभोक्ता को की जाती है ।

013 मरम्मत दुकान

खुदरा दुकान का समानक परिसर जहां घरेलू वस्तुओं, इलेक्ट्रोनिक गैजट्स, आटोमोबाइल्स, साइकिल आदि की मरम्मत की जाती है।

014 कार्मिक सेवा दुकान

खुदरा दुकान का समानक परिसर जिसमें दर्जी, नाई आदि जैसी कार्मिक सेवाओं की व्यवस्था होती है ।

015 बिक्री बूथ

यान्त्रिक संस्थापना के माध्यम से या अन्यथा दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं की बिक्री के लिए बूथ के रूप में परिसर ।

016 सुविधाजनक खरीददारी केन्द्र

आवासीय क्षेत्र में दुकानों का समूह, जिनकी संख्या 50 से अधिक न हो और जो लगभग 5000 व्यक्तियों की जनसंख्या को सेवाएं प्रदान करती हों ।

017 स्थानीय खरीददारी केन्द्र

आवासीय क्षेत्र में दुकानों का समूह, जिनकी संख्या 75 से अधिक न हो और 15000 व्यक्तियों की जनसंख्या को सेवाएं प्रदान करती हों ।

018 साप्ताहिक बाजार

वह परिसर जिसका उपयोग बाजार के रूप में अनौपचारिक दुकान-संस्थापनाओं के समूह द्वारा सप्ताह में एक बार किया जाता है । ये साप्ताहिक बाजार सप्ताह के भिन्न-भिन्न दिनों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित होते हैं ।

019 थोक व्यापार

वह परिसर जहां माल और वस्तुएं खुदरा व्यापारियों को बेची और सुपुर्द की जाती हैं । परिसर में भण्डारण एवं गोदाम और माल चढ़ाने एवं उतारने की सुविधाएं भी शामिल हैं ।

020 भण्डारण, गोदाम और भण्डारण—

वह परिसर जिसे संबंधित वस्तुओं की आवश्यकता के अनुसार तरीके से माल और वस्तुओं के केवल भण्डारण के लिए उपयोग किया जाता है। परिसर में सड़क परिवहन या रेल परिवहन, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा माल चढ़ाने और उतारने की सविधाएं शामिल हैं ।

021 शीतागार

वह परिसर जहां आवश्यक तापमान आदि बनाए रखने के लिए यान्त्रिक और विद्युत साधनों का प्रयोग करके आवृत्त स्थान में खराब होने वाली वस्तुओं का भण्डारण किया जाता है ।

022 गैस गोदाम

वह परिसर जहां कुकिंग-गैस या अन्य गैस के सिलंडरों का भण्डारण किया जाता है ।

023 सेल डिपो

वह परिसर जहां सभी संबंधित सुविधाओं सहित पैट्रोलियम उत्पाद का भण्डारण किया जाता है ।

024 जंक यार्ड

वह परिसर जहां बेकार माल, वस्तुओं और सामग्री की बिक्री और खरीद सहित आवृत, अर्ध-आवृत या खुला भण्डारण किया जाता है ।

025 व्यावसायिक कार्यालय

लाभ कमाने वाले संगठनों के कार्यालयों के लिए उपयोग किया जाने वाला परिसर ।

026 बैंक

बैंकों के कार्य और चलन को पूरा करने के लिए कार्यालयों के लिए परिसर ।

027 मोटर गैरेज एवं वर्कशाप

आटोमोबाइल्स की सर्विसिंग और मरम्मत के लिए परिसर ।

028 सिनेमा

दर्शकों के बैठने के लिए आवृत स्थान सहित चलचित्रों और स्टिलों के प्रक्षेपण की सुविधाओं सहित परिसर ।

029 ड्राइव-इन-सिनेमा

यान दर्शकों के लिए चलचित्रों और स्टिलों के प्रक्षेपण की सुविधाओं सहित सिनेमा । इसमें अन्य दर्शकों के लिए आडिटोरियम शामिल है ।

030 पैट्रोल पम्प

उपभोक्ताओं को पैट्रोलियम उत्पाद बेचने का परिसर । इसमें आटोमोबाइल्स की सर्विसिंग भी शामिल हो सकती है ।

031 रेस्टोरेंट

वह परिसर जिसे कूकिंग सुविधाओं सहित व्यावसायिक आधार पर खाद्य पदार्थों की व्यवस्था करने के लिए उपयोग किया जाता है । इसमें बैठने का स्थान आवृत या खुला अथवा दोनों प्रकार का हो सकता है ।

032 होटल

वह परिसर जिसका उपयोग 15 व्यक्तियों या उससे अधिक के ठहरने के लिए खाने रहित या खाने सहित अदायगी करने पर किया जाता है ।

033 मोटल

वह परिसर जो मुख्य राजमार्ग के निकट और नगरयोग्य सीमाओं के बाहर स्थित हो और जहां सड़क द्वारा यात्रा करने वाले लोगों की सुविधा के लिए खान पान का प्रबंध हो ।

034 फ्लैटेड समूह उद्योग

वह परिसर जहां अनुबंध 3 में की गई व्यवस्था के अनुसार लघु औद्योगिक इकाइयों का समूह हो और 50 कामगार तक कार्य करते हों तथा कार्य खतरनाक न हो । ये इकाइयां बहुमंजिली बिल्डिंगों में अवस्थित हो सकती है ।

035 सर्विस केन्द्र

वह परिसर जहां प्रतिवेशी आवासीय क्षेत्रों के लिए अनिवार्य सर्विसिज की व्यवस्था करने के लिए अनिवार्य रूप से आटोमोबाइल्स, विद्युत उपकरण, बिल्डिंग मरम्मत आदि के लिए मरम्मत-दुकानें हों ।

036 औद्योगिक प्लाट—हल्के उद्योग

अनुबंध 3 में दी गई सूची के अनुसार एक औद्योगिक इकाई के लिए परिसर, जहां 50 कामगार तक कार्य करते हों, और कार्य खतरनाक न हों ।

037 औद्योगिक प्लाट—विस्तृत उद्योग

अनुबंध 3 में दी गई सूची के अनुसार एक औद्योगिक इकाई के लिए परिसर, जहां नई विस्तृत औद्योगिक इकाइयों के मामले में 50 कामगार तक और विद्यमान इकाइयों के लिए 500 कामगार तक कार्य करते हों ।

038 औद्योगिक परिसर—निस्सारक उद्योग

पत्थर को खोदकर निकालने और अवभूमि सामग्री निष्कर्षण के लिए परिसर ।

039 औद्योगिक प्लाट—उद्योग विशेष टाइप

इलेक्ट्रोनिक वस्तुओं आदि जैसे परिष्कृत उत्पाद के विनिर्माण के लिए औद्योगिक इकाइयों के समूह में से एक औद्योगिक इकाई के लिए परिसर ।

040 पार्क

मनोरंजनात्मक और सावकाश गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाने वाला परिसर । इसमें भूदृश्य, पार्किंग सुविधाओं, सार्वजनिक शौचालयों, फैन्सिंग आदि संबंधित आवश्यकताओं की व्यवस्था हो सकती है । इसमें लॉन, खुला स्थान, हरियाली आदि समानार्थी व्यवस्थाएं भी शामिल होंगी ।

041 खेल मैदान

आउटडोर खेलों के लिए उपयोग किया जाने वाला परिसर । इसमें भूदृश्य, पार्किंग सुविधाओं, सार्वजनिक शौचालय आदि की व्यवस्था हो सकती है ।

042 आउटडोर खेल स्टेडियम

खिलाड़ियों के लिए संबंधित सुविधाओं सहित दर्शकों के बैठने के स्थान के लिए मंडप बिल्डिंग और स्टेडियम ढांचा सहित आउटडोर खेलों के लिए परिसर।

043 इन्डोर खेल स्टेडियम

खिलाड़ियों के लिए संबंधित सुविधाओं सहित खेल मैदान और दर्शकों के बैठने के स्थान सहित इन्डोर स्टेडियम के लिए परिसर ।

044 इन्डोर गेम्स हाल

वह परिसर जिसमें खिलाड़ियों के लिए संबंधित सुविधाओं सहित इन्डोर खेलों के लिए बन्द स्थान की व्यवस्था हो ।

045 शूटिंग रेंज

वह परिसर जहां शूटिंग अभ्यास और/या खेल-कूद के लिए संबंधित सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

046 तैरने का तालाब

तैरने और दर्शकों के बैठने की सुविधाओं सहित परिसर जो आकार, स्तर और उद्देश्य की दृष्टि से अलग-अलग हो सकते हैं ।

047 मनोरंजनात्मक क्लब

सभी संबंधित सुविधाओं सहित वह परिसर जिसका उपयोग सामाजिक और मनोरंजनात्मक उद्देश्यों के लिए लोगों के समूह को एकत्रित करने के लिए किया जाता है ।

048 ऐतिहासिक स्मारक

वह परिसर जहां भूतकाल से संबंधित संरचनाएं या उसके खंडहर विद्यमान हों ।

049 राष्ट्रीय स्मारक

दर्शकों के लिए सभी सुविधाओं सहित परिसर, जहां किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति की याद में मकबरा, समाधि या स्मारक बना हुआ हो ।

050 चिड़ियाघर तथा अक्वारियम

प्रदर्शनी और अध्ययन के लिए जानवरों, स्पीशिज और पक्षियों के समूह सहित उद्यान या पार्क या आक्वारियम के रूप में परिसर । उसमें सभी संबंधित सुविधाओं की व्यवस्था होगी ।

051 पक्षी शरण-स्थान

सभी सम्बन्धित सुविधाओं सहित पक्षियों के परिरक्षण और पालन-पोषण के लिए विस्तृत पार्क या वन के रूप में परिसर ।

052 वानस्पतिक उद्यान

अनुसंधान और प्रदर्शनी के लिए बागान सहित उद्यान के रूप में परिसर ।

053 विशेषीकृत पार्क/मैदान

वह परिसर जहां सार्वजनिक सभा मैदान, फन-पार्क, परीलोक आदि जैसे नामित उपयोग के लिए पार्क या मैदान हो ।

054 तारा मंडल

ग्रह-अध्ययन के लिए आवश्यक सुविधाओं और उपस्करों सहित परिसर ।

055 पिकनिक हट/शिविर स्थल

पर्यटक और/या मनोरंजनात्मक केन्द्र के अन्दर स्थित परिसर जिसका उपयोग किसी परिवार द्वारा मनोरंजनात्मक या सावकाश उद्देश्य के लिए थोड़ी अवधि तक ठहरने के लिए किया जाता है ।

056 फ्लाइंग क्लब

वह परिसर जिसका उपयोग ग्लाइडरों और अन्य छोटे वायुयानों पर प्रशिक्षण प्राप्त करने और फन-राइडिंग के लिए किया जाता है । इसमें मनोरंजनात्मक क्लब और इन्डोर खेलों जैसी अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

057 कारगो एवं बुकिंग-कार्यालय

वह परिसर जिसका उपयोग बुकिंग-कार्यालयों और किसी एयरलाइन द्वारा माल के भण्डारण के लिए किया जाता है ।

058 रेलवे भाड़ा गोदाम

रेलवे द्वारा लाए गए माल के भण्डारण के लिए परिसर ।

059 रेलवे बुकिंग कार्यालय

वह परिसर जिसका उपयोग यात्रियों की यात्रा के लिए बुकिंग करवाने के लिए रेलवे के कार्यालयों के लिए किया जाता है ।

060 रोड परिवहन बुकिंग कार्यालय

वह परिसर जिसका उपयोग किसी रोड परिवहन एजेन्सी के कार्यालयों के लिए किया जाता है। इसमें गोदाम शामिल हो सकता है और नहीं भी ।

061 पार्किंग

वह परिसर जिसका उपयोग गाड़ियों की पार्किंग के लिए किया जाता है । सार्वजनिक पार्किंग स्थलों को व्यावसायिक या गैर-व्यावसायिक आधार पर चलाया जा सकता है ।

062 टैक्सी एवं तिपहिया स्टैण्ड

वह परिसर जिसका उपयोग व्यावसायिक आधार पर चलने वाली मध्यवर्ती सार्वजनिक परिवहन गाड़ियों की पार्किंग के लिए किया जाता है । पार्किंग स्थलों को व्यावसायिक या अव्यावसायिक आधार पर चलाया जा सकता है ।

063 बस टर्मिनल

वह परिसर जिसका उपयोग लोगों की सेवा के लिए थोड़ी अवधि बसें खड़ी करने के लिए सार्वजनिक परिवहन एजेन्सी द्वारा किया जाता है । इसमें यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं शामिल हो सकती हैं ।

064 बस डिपो

वह परिसर जिसका उपयोग बसों की पार्किंग, देखभाल और मरम्मत के लिए सार्वजनिक परिवहन एजेन्सी या इसी प्रकार की किसी अन्य एजेन्सी द्वारा किया जाता है । इसमें वर्कशाप हो सकती है और नहीं भी हो सकती ।

065 सार्वजनिक उपयोगिता परिसर

(1) ओवरहैड टैंक

वह परिसर जहां जल भण्डारण एवं प्रतिवेशी क्षेत्रों में उसकी आपूर्ति के लिए ओवर हैड टैंक बना हो। इसमें पम्प हाउस हो सकता है और नहीं भी हो सकता है ।

(2) भूमि गत टैंक

वह परिसर जहां जल भण्डारण एवं प्रतिवेशी क्षेत्रों में उसकी आपूर्ति के लिए भूमिगत टैंक बना हुआ हो । इसमें पम्प हाउस हो सकता है और नहीं भी हो सकता है ।

(3) आक्सीकरण पांड

वह परिसर जहां सीवरेज और अन्य अपव्यय के लिए आक्सीकरण प्रक्रिया के लिए टैंक बना हुआ हो ।

(4) सैप्टिक टैंक

वह परिसर जहां सीवरेज इकट्ठा करने और बाद में उसका निपटान करने के लिए एक भूमिगत टैंक बना हुआ हो ।

(5) सीवरेज पम्पिंग स्टेशन

वह परिसर जहां उच्च प्रवणता पर पम्पिंग सीवरेज के लिए प्रयोग करने के लिए पम्पिंग स्टेशन हों ।

(6) सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय

वह परिसर जहां सार्वजनिक उपयोग के लिए शौचालय और मूत्रालय बने हों । इसमें पीने के पानी की सुविधा हो सकती है और नहीं भी हो सकती ।

(7) विद्युत सब-स्टेशन

वह परिसर जहां बिजली के वितरण के लिए विद्युत संस्थापन और ट्रान्सफार्मर लगे हों ।

(8) ढलाव एवं डस्टबिन

वह परिसर जहां कूड़ा इकट्ठा किया जाता है और जहां से वह सेनिट्रीलैण्ड पिल तक ले जाया जाता है ।

(9) धोबी घाट

वह परिसर जिसका उपयोग धोबियों द्वारा कपड़े/लिनेन धोने और सुखाने के लिए किया जाता है ।

066 केन्द्रीय सरकार के कार्यालय

वह परिसर जिसका उपयोग संघ सरकार के कार्यालयों के लिए किया जाता है ।

067 स्थानीय सरकारी कार्यालय

वह परिसर जिसका उपयोग स्थानीय सरकार और स्थानीय निकायों के कार्यालयों के लिए किया जाता है ।

068 सार्वजनिक उपक्रम कार्यालय

वह परिसर जिसका उपयोग सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो के अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित कम्पनी के कार्यालयों के लिए किया जाता है ।

069 अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र

वह परिसर है जहां सम्मेलन, सभा, संगोष्ठी आदि जिसमें काफी संख्या में विभिन्न देश भाग लेते हैं, के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

070 न्यायालय

न्यायपालिका के कार्यालयों के लिए उपयोग किया जाने वाला परिसर ।

071 सरकारी भूमि (उपयोग अनिर्धारित)

सरकारी भूमि का परिसर, जिसका उपयोग अनिर्धारित हो ।

072 अस्पताल

वह परिसर जहां अन्तरंग और बहिरंग रोगियों के इलाज के लिए सामान्य या विशेषीकृत प्रकार की चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

073 स्वास्थ्य केन्द्र

वह परिसर जहां 30 बिस्तरों तक अन्तरंग और बहिरंग रोगियों के इलाज के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो । स्वास्थ्य केन्द्र का प्रबंध अव्यावसायिक आधार पर सार्वजनिक या धर्मार्थ संस्था द्वारा किया जा सकता है । इसमें परिवार कल्याण केन्द्र शामिल हैं ।

074 नर्सिंग होम

वह परिसर जहां 30 बिस्तरों तक अन्तरंग और बहिरंग रोगियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसका प्रबंध व्यावसायिक आधार पर किसी डाक्टर या डाक्टरों के समूह द्वारा किया जाएगा ।

075 डिस्पेंसरी

वह परिसर जहां चिकित्सा परामर्श की सुविधाओं और दवाइयों की व्यवस्था होगी और जिसका प्रबंध सार्वजनिक या धर्मार्थ संस्थाओं द्वारा किया जाएगा ।

076 क्लीनिक

वह परिसर जहां बहिरंग रोगियों के इलाज के लिए सुविधाओं की व्यवस्था किसी डाक्टर द्वारा की जाएगी/पालिक्लीनिक के मामले में इसका प्रबंध डाक्टरों के ग्रुप द्वारा किया जाएगा ।

077 नैदानिक प्रयोगशाला

वह परिसर जहां बीमारी के लक्षणों का पता लगाने के लिए विभिन्न जांच करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

078 स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा

वह परिसर जहां स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा बहिरंग रोगियों के इलाज और रक्त बैंक जैसी अन्य चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई हो इस सेवा को धर्मार्थ उद्देश्य से अस्थायी शिविर के रूप में भी किया जा सकता है ।

079 शिशुगृह एवं दिवस देखभाल केन्द्र

वह परिसर जहां दिन के समय के दौरान शिशुओं के लिए नर्सरी सुविधाओं की व्यवस्था हो । केन्द्र का प्रबंध व्यावसायिक या अव्यावसायिक आधार पर किसी एक व्यक्ति या किसी संस्था द्वारा किया जा सकता है ।

080 नर्सरी एवं किनडरगार्टेन स्कूल

वह परिसर जहां स्कूल के लिए बच्चों के प्राक प्रवेश के लिए प्रशिक्षण एवं खेलने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

081. प्राइमरी स्कूल :

वह परिसर जहां पांचवीं कक्षा तक विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक एवं खेलने की सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

082. सेकेन्डरी स्कूल :

वह परिसर जहां छठी से दसवीं कक्षा तक विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक एवं खेलने की सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें इस संहिता के लिए आठवीं कक्षा तक के मिडिल स्कूल के विद्यमान मामले भी शामिल होंगे ।

083. सीनियर सेकेन्डरी स्कूल :

वह परिसर जहां छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक एवं खेलने की सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

084. एकीकृत स्कूल :

वह परिसर जहां बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक एवं खेलने की सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

085. एकीकृत आवासीय स्कूल :

वह परिसर जहां बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक एवं खेलने की सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें विद्यार्थियों के लिए बोर्डिंग सुविधाएं होंगी और संकाय सदस्यों के लिए आवास हो सकता है।

086. कालिज :

वह परिसर जहां किसी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत पूर्वस्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक एवं खेलने की सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें सभी व्यावसायिक विद्याशाखाएं शामिल हैं ।

087. व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान :

वह परिसर जहां कुछ व्यवसाय और व्यापार क्षेत्रों में रोजगार के लिए प्रवेश तैयारी के लिए अल्पकालीन पाठ्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था हो । यह अव्यावसायिक आधार पर जनता या धर्मार्थ संस्था द्वारा चलाया जाएगा । इसमें प्रशिक्षण एवं कार्य केन्द्र शामिल है ।

088. समाज कल्याण केन्द्र :

वह परिसर जहां कल्याण और समुदाय विकास को बढ़ावा देने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो । यह जनता या धर्मार्थ संस्था द्वारा चलाया जाएगा ।

089. अनुसंधान एवं विकास केन्द्र :

वह परिसर जहां किसी विशेष क्षेत्र के लिए अनुसंधान और विकास के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

090. पुस्तकालय :

वह परिसर जहां सामान्य जनता या श्रेणी विशेष के लिए पढ़ने और संदर्भ के लिए पुस्तकों के बहुत बड़े संग्रह की व्यवस्था हो ।

091. तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र :

वह परिसर जहां तकनीकी प्रकार के क्षेत्र में प्रशिक्षण की सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें तकनीकी स्कूल, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आदि शामिल हैं ।

092. व्यावसायिक एवं सांचिविक प्रशिक्षण केन्द्र :

वह परिसर जहां आशुलिपि, पत्र-व्यवहार, अभिलेख रखना आदि के लिए प्रशिक्षण केन्द्र की व्यवस्था हो ।

093. संगीत, नृत्य एवं नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र :

वह परिसर जहां संगीत, नृत्य और नाट्यकला का प्रशिक्षण देने और सिखाने की व्यवस्था हो ।

094. खेल-कूद प्रशिक्षण केन्द्र :

वह परिसर जहां तैरने सहित विभिन्न इन्डोर और आउटडोर खेलों के प्रशिक्षण और उन्हें सीखने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें शारीरिक शिक्षा के केन्द्र भी शामिल होंगे ।

095. मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण केन्द्र :

वह परिसर जहां आटोमोबाइल्स ड्राइविंग के प्रशिक्षण के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

096. बाल यातायात पार्क :

पार्क के रूप में वह परिसर जहां यातायात और संकेतन के बारे में बच्चों को जानकारी और शिक्षा देने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो।

097. संग्रहालय :

वह परिसर जहां पुरावशेषों, प्राकृतिक इतिहास, कला आदि के उदाहरण देने के लिए वस्तुओं का भण्डारण एवं प्रदर्शन करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

098. प्रदर्शनी केन्द्र तथा कला-भवन :

वह परिसर जहां चित्रकारी, फोटोग्राफी, मूर्तिकला, भित्ति-चित्रों, मृत्कला, हस्तशिल्प या किसी विशेष वर्ग के उत्पादों की प्रदर्शनी और सजावट के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हों ।

099. आडीटोरियम :

वह परिसर जहां संगीत-सभा, नाटक, संगीत, प्रस्तुतिकरण, रामारोह आदि जैसे विभिन्न प्रदर्शनों के लिए मंच और दर्शकों के बैठने के स्थान की व्यवस्था हो ।

100. खुला थियेटर :

वह परिसर जहां दर्शकों के स्थान और प्रदर्शन के लिए मंच की सुविधाओं की व्यवस्था हो और वह खुला हो ।

101. समुदाय भवन :

वह परिसर जहां 15,000 जनसंख्या के आस-पड़ोस की विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बन्द संलग्न स्थान की व्यवस्था हो ।

102. मेला मैदान :

वह परिसर जहां सहभागियों के समूह के लिए प्रदर्शनी और सजावट तथा अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हों ।

103. सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र :

वह परिसर जहां किसी संस्था, राज्य और देश के लिए सांस्कृतिक एवं सूचना सेवाओं के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

104. सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान :

वह परिसर जहां मूल रूप से अव्यावसायिक आधार पर जनता या स्वैच्छिक रूप से किसी एक व्यक्ति द्वारा सामाजिक-सांस्कृतिक प्रकार की गतिविधियों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था की गई हो ।

105. सुधारालय :

वह परिसर जहां अपराधियों को कैद रखने और उनका सुधार करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

106. अनाथालय :

वह परिसर जहां उन बच्चों के रहने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो, जिन्हें उनके मां-बाप असहाय अवस्था में छोड़ गए हों । इसमें शैक्षिक सुविधाओं की व्यवस्था हो सकती है और नहीं भी हो सकती ।

107. धार्मिक :

वह परिसर जो रहने के स्थान और संहिता की सेवा या धार्मिक प्रकार के अन्य उद्देश्यों के लिए दिया गया हो । इसमें मन्दिर (सभी धर्मों के), मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा, सिनागाग, आश्रम, स्नान-घाट, गौशाला जैसे विभिन्न धर्मों के विभिन्न नाम हो सकते हैं ।

108. योग मनन, आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवचन केन्द्र :

वह परिसर जहां स्वयं-सिद्धि, बुद्धि और शरीर के उच्च गुणों की उपलब्धि, आध्यात्मिक और धार्मिक प्रवचन आदि से संबंधित सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

109. पुलिस चौकी :

वह परिसर जहां अस्थायी प्रकार की या पुलिस स्टेशन की तुलना में छोटे स्तर की स्थानीय पुलिस चौकी के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

110. पुलिस स्टेशन :

वह परिसर जहां स्थानीय पुलिस चौकी के कार्यालयों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

111. जिला पुलिस कार्यालय :

वह परिसर जहां पैश-सेना के कार्यालयों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

112. सिविल रक्षा और होम गार्ड :

वह परिसर जहां आंतरिक रक्षा के लिए सिविल संगठन के कार्यालय और अन्य कार्यों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

113. न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला :

वह परिसर जहां विधिक समस्याओं में चिकित्सा ज्ञान को लागू करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

114. जेल :

वह परिसर जहां विधि के अन्तर्गत अपराधियों को नजरबंद करने, कैद करने और उन्हें सुधारने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

115. अग्निशमन चौकी :

वह परिसर जहां आग बुझाने के लिए कम मात्रा में सुविधाओं की व्यवस्था हो । चौकी अग्नि प्रवण कार्य-कलापों सहित विशेष परिसर से संलग्न हो सकती है ।

116. अग्नि-शमन केन्द्र :

वह परिसर जहां उससे सम्बद्ध आवास-क्षेत्र के लिए आग बुझाने की सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें अनिवार्य स्टाफ का आवास भी शामिल हो सकता है ।

117. डाक-घर :

वह परिसर जहां जनता के उपयोग के लिए डाक प्रेषण के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

118. डाक एवं तार कार्यालय :

वह परिसर जहां जनता के उपयोग के लिए डाक एव दूर संचार के लिए सुविधाओं को व्यवस्था हो ।

119. बड़ा और प्रधान डाक-घर :

वह परिसर जहां उससे संलग्न कई डाकघरों में डाक ले जाने और वहां से लाने के लिए उसकी छटाई और वितरण की सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

120. टेलीफोन केन्द्र :

वह परिसर जहां नामित क्षेत्र के लिए टेलीफोन पद्धति के केन्द्रीय प्रचालन के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

121. रेडियो एवं टेलीवीजन केन्द्र :

वह परिसर जहां सम्बंधित माध्यम द्वारा खबरें और अन्य कार्यक्रम रिकार्ड करने, प्रसारित करने और प्रेषित करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें अतिथि कलाकारों के लिए होस्टल व्यवस्था, टावरों जैसी ट्रांसमिशन सुविधाएं शामिल हो सकती हैं ।

122. ट्रांसमिशन टावर और वेतार केन्द्र वह परिसर जिसका उपयोग संचार उद्देश्य के लिए टावर के संस्थापन के लिए किया जाता है ।

123. उप-ग्रह एवं दूर-संचार केन्द्र :

वह परिसर जहां उपग्रह एवं दूर-संचार प्रौद्योगिकी के अनुसंधान एवं विकास के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

124. वैधशाला तथा मौसम कार्यालय :

वह परिसर जहां मौसम और उसके पुर्वानुमान से संबंधित आंकड़ों के अनुसंधान और विकास के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो।

125. कब्रिस्तान :

वह परिसर जहां शवों को दफनाने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

126. शमशान

वह परिसर जहां शवों को जलाकर अंतिम धार्मिक कृत्यों को पूरा करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

127. समाधि क्षेत्र

वह परिसर जहां ईसाई समुदाय द्वारा शवों को दफनाने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

128. विद्युत शवदाहगृह :

वह परिसर जहां शव को विद्युत दाहक द्वारा जलाने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

129. फलोधान :

वह परिसर जहां घने फलों के वृक्ष लगे हुए हों । इसमें फलों के वृक्षों के बाग भी शामिल हैं ।

130. प्लांट नर्सरी :

वह परिसर जहां छोटे पौधों को उगाने और उनकी बिक्री के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो ।

131. वन :

घने प्राकृतिक पेड़-पौधों सहित परिसर संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली के मामले में इसमें नगर-वन शामिल होंगे जिनमें कुछ भाग प्राकृतिक पेड़-पौधों और कुछ भाग मनुष्य द्वारा लगाए गए पेड़-पौधों का होगा ।

132. डेयरी-फार्म :

वह परिसर जहां डेयरी-उत्पाद उगाने और तैयार करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें पशुओं और पक्षियों के शैडों के लिए अस्थायी संरचना हो सकती है

133. पोल्ट्री-फार्म :

वह परिसर जहां डेयरी उत्पाद उगाने और तैयार करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें मुर्गियों के शैडों के लिए अस्थायी संरचना हो सकती है ।

134. सुअर-बाड़ा :

वह परिसर जहां डेयरी उत्पाद उगाने और तैयार करने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो । इसमें सूअरों के शैडों के लिए अस्थायी संरचना हो सकती है ।

135. फार्म-हाउस :

वह परिसर जहां कृषि फार्म में आवासीय मकान हो । संघ राज्य-क्षेत्र दिल्ली के मामले में फार्म-हाउस का क्षेत्रफल 500 व.मी. से अधिक नहीं होगा ।

136. ग्रामीण केन्द्र :

वह परिसर जहां कुछ गांवों के विभिन्न कार्यों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था हो, जिनका प्रबंध वहां किया जाता है ।

(5) विद्यमान "प्रविष्टियों" को हटा दिया जाए और उनके स्थान पर निम्नलिखित अनुबन्धों को जोड़ा जाए :

अनुबंध – 1

सुविधा केन्द्र तथा सर्विस केन्द्र

(क) सुविधा केन्द्र

सुविधाओं का ब्यौरा	सुविधा केन्द्र की संख्या	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)
योजना डिवीजन "बी" सामाजिक– सांस्कृतिक संस्थाएं, मध्यवर्ती अस्पताल "ए" प्रधान डाक-घर एवं प्रशासन कार्यालय, प्रधान डाकघर एवं वितरण कार्यालय ।	एफ 1	10.50
योजना डिवीजन "सी" मध्यवर्ती अस्पताल "ए", मध्यवर्ती अस्पताल "बी" नर्सिंग होम प्रधान डाक-घर तार कार्यालय का विभाग ।	एफ 2	5.00
सामान्य कालिज, मध्यवर्ती अस्पताल "बी" पुलिस स्टेशन, प्रधान डाकघर ।	एफ 3	7.50
मध्यवर्ती अस्पताल "1", नर्सिंग होम	एफ 4	7.00
सामाजिक – सांस्कृतिक सुविधाएं		
मध्यवर्ती अस्पताल "ए"	एफ 5	9.00
नर्सिंग होम	एफ 6	9.50
अग्नि शमन केन्द्र	एफ 7	4.50
योजना डिवीजन "इ" कालिज मध्यवर्ती अस्पताल "ए" मध्यवर्ती अस्पताल "बी" सामान्य अस्पताल, नर्सिंग होम (2), तार कार्यालय, पुलिस स्टेशन, प्रधान डाकघर	एफ 8	16.00
आई टी आई	एफ 9	2.20
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), तकनीकी स्कूल–वी, नर्सिंग होम (2), अग्निशमन केंद्र, प्रधान डाकघर	एफ 10	13.50
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2) अग्निशमन केन्द्र, प्रधान डाकघर, नर्सिंग होम (2), पुलिस स्टेशन कालिज	एफ 11	14.50
कालेज, तकनीकी शिक्षा केन्द्र "ए" मध्यवर्ती अस्पताल ए, मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), नर्सिंग होम (2), अग्निशमन केन्द्र, पुलिस स्टेशन, तार कार्यालय, प्रधान डाकघर ।	एफ 12	16.00
विश्वविद्यालय परिसर, टेलीफोन केन्द्र, नर्सिंग होम (2), पुलिस स्टेशन, अग्निशमन केन्द्र सामाजिक सांस्कृतिक	एफ 13	23.55
मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2)	एफ 14	2.10
मध्यवर्ती अस्पताल "ए", नर्सिंग होम	एफ 15	3.00
कालिज मध्यवर्ती अस्पताल "ए", मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), नर्सिंग होम (2) पुलिस स्टेशन, अग्निशमन केन्द्र ।	एफ 16	11.50
मध्यवर्ती अस्पताल "ए", मध्यवर्ती अस्पताल "बी", पुलिस स्टेशन, अग्निशमन केन्द्र, नर्सिंग होम (2).	एफ 17	6.75
कालिज, सामान्य अस्पताल मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), पुलिस स्टेशन, नर्सिंग होम (3)	एफ 18	20.00
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), प्रधान डाकघर, तार-कार्यालय, कालिज, नर्सिंग होम ।	एफ 19	12.50
पुलिस स्टेशन प्रधान कार्यालय	एफ सी 20	1.60
मध्यवर्ती अस्पताल "बी"	एफ सी 21	1.00
कालिज, नर्सिंग होम (2)	एफ सी 22	5.25
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" मध्यवर्ती अस्पताल "बी"	एफ सी 23	3.75
कालिज मध्यवर्ती अस्पताल "ए" नर्सिंग होम (2), पुलिस स्टेशन	एफ सी 24	8.50
कालिज, सामान्य अस्पताल नर्सिंग होम (3) पुलिस स्टेशन, टेलीफोन केन्द्र, अग्निशमन केन्द्र	एफ सी 25	14.40
कालिज मध्यवर्ती अस्पताल "ए", नर्सिंग होम	एफ सी 26	7.30
योजना डिवीजन " फ"		
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" मध्यवर्ती अस्पताल "बी", अग्निशमन केन्द्र, तार विभाग, प्रधान डाकघर, नर्सिंग होम ।	एफ सी 27	6.50
मध्यवर्ती अस्पताल "ए", मध्यवर्ती अस्पताल "बी", नर्सिंग होम (2)	एफ सी 28	4.25
आई टी आई + तकनीकी स्कूल + कोचिंग केन्द्र मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (3), मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), पुलिस स्टेशन, अग्नि शमन केन्द्र, टेलीफोन केन्द्र, तार विभाग, प्रधान डाकघर, नर्सिंग होम (4)	एफ सी 29	20.00
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), नर्सिंग होम (2)	एफ सी 30	5.20
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" मध्यवर्ती अस्पताल "बी", अग्निशमन केन्द्र ।	एफ सी 31	4.80
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी", पुलिस स्टेशन, प्रधान डाकघर ।	एफ सी 32	18.70

सामाजिक-सांस्कृतिक, मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2) मध्यवर्ती अस्पताल, "बी", प्रधान डाकघर, नर्सिंग होम (3), अग्निशमन केन्द्र।	एफ सी 33	12.00
योजना डिवीजन "जी"		
सामान्य अस्पताल मध्यवर्ती अस्पताल "ए", मध्यवर्ती अस्पताल "बी", नर्सिंग होम, पुलिस स्टेशन, अग्नि शमन केन्द्र, प्रधान डाकघर।	एफ 34	11.65
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" मध्यवर्ती अस्पताल "बी", पुलिस स्टेशन, नर्सिंग होम (3)।	एफ 35	6.00
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" नर्सिंग होम (4)	एफ 36	4.00
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" नर्सिंग होम (4)	एफ 37	4.00
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" मध्यवर्ती अस्पताल "बी", पुलिस स्टेशन	एफ 38	5.00
पुलिस स्टेशन, न्यायालयीय विज्ञान प्रयोगशाला प्रधान डाकघर	एफ 39	2.40
कालिज आई टी आई+पोलिटैकनिक, अग्निशमन केन्द्र	एफ 40	9.00
सामाजिक-सांस्कृतिक कालिज, टेलीफोन केन्द्र, तार विभाग, पुलिस स्टेशन, सामान्य अस्पताल, अग्निशमन केन्द्र	एफ 41	18.50
कालिज, आई टी आई + तकनीकी स्कूल, सामान्य अस्पताल, मध्यवर्ती अस्पताल, मध्यवर्ती अस्पताल "बी", नर्सिंग होम (2)	एफ 42	15.50
पुलिस स्टेशन, अग्नि शमन केन्द्र, विश्वविद्यालय परिसर, मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), तार विभाग, प्रधान डाकघर	एफ 43	13.20
कालिज मध्यवर्ती अस्पताल "बी" नर्सिंग होम (2)	एफ 44	6.00
कालिज, पुलिस स्टेशन, अग्निशमन केन्द्र, नर्सिंग होम (2)	एफ 45	6.95
कालिज	एफ 46	4.00
पुलिस स्टेशन, अग्नि शमन केन्द्र, नर्सिंग होम (3)	एफ 47	3.20
योजना डिवीजन "एच"+ रोहिणी कालिज पुलिस स्टेशन	एफ सी 48	5.75
सामाजिक-सांस्कृतिक सुविधाएं	एफ सी 49	10.00
सामान्य अस्पताल, मध्यवर्ती अस्पताल "ए", मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), नर्सिंग होम (3), पुलिस स्टेशन, टेलिफोन केन्द्र, तार विभाग, प्रधान डाकघर, कालिज	एफ सी 50	20.00
कालिज, पुलिस स्टेशन	एफ 51	15.04
सामान्य अस्पताल, कालिज, पुलिस स्टेशन, अग्निशमन केन्द्र, मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2) टेलीफोन केन्द्र, तार विभाग, प्रधान डाकघर, नर्सिंग होम (5)	एफ 52	22.35
आई टी आई+पोलिटेक्निक/ पुलिस स्टेशन मध्यवर्ती अस्पताल "ए", नर्सिंग होम, प्रधान डाकघर	एफ 53	18.50
सामान्य अस्पताल, कालिज, पुलिस स्टेशन, अग्निशमन केन्द्र, मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी", तकनीकी शिक्षा-केन्द्र, प्रधान डाकघर, नर्सिंग होम (4)	एफ सी 54	25.54
सामान्य अस्पताल, कालिज, पुलिस स्टेशन, अग्निशमन केन्द्र, मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), नर्सिंग होम (4)	एफ सी 55	16.68
कालिज, पुलिस स्टेशन, अग्निशमन केन्द्र, मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (3), टेलीफोन केन्द्र, तकनीकी शिक्षा केन्द्र, तार कार्यालय, प्रधान डाकघर + प्रशासन कार्यालय, नर्सिंग होम (4)	एफ सी 56	24.42
पुलिस स्टेशन, मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), नर्सिंग होम (4), कालिज टेलिफोन केन्द्र, अग्नि शमन केन्द्र, प्रधान डाकघर	एफ सी 57	35.00
कालिज मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी", नर्सिंग होम (2), पुलिस स्टेशन	एफ सी 58	12.00
कालिज, मध्यवर्ती अस्पताल "ए" (2), मध्यवर्ती अस्पताल "बी" (2), नर्सिंग होम (5), पुलिस स्टेशन, जेल, अग्निशमन केन्द्र, प्रधान डाकघर	एफ सी 59	37.00
पुलिस स्टेशन, मध्यवर्ती अस्पताल "ए", नर्सिंग होम (2)	एफ सी 60	4.75
मध्यवर्ती अस्पताल "ए" मध्यवर्ती अस्पताल "बी"	एफ सी 61	4.00

(ख) सर्विस केन्द्र

सर्विस केन्द्रों की संख्या	एल०पी०जी० गोदामों की संख्या	क्षेत्रफल हैक्टेयर में
1	2	2
डिवीजन "बी" एस 1	4	3.75
डिवीजन "डी" एस 2	4	2.20
डिवीजन "ई" एस 3	4	4.00
एस 4	4	8.00
एस 5	2	1.50
एस 6	4	3.00
एस 7	4	2.25
एस 8	2	2.50
एस 9	4	3.50
एस 10	4	3.20
एस 11	4	3.15
डिवीजन "एफ" एस 12	4	1.80
डिवीजन "जी" एस 13	2	1.80

1	2	3
एस 14	4	5.50
एस 15	4	7.50
एस 16	4	16.00
एस 17	4	7.00
डिवीजन "एच"		
एस 18	6	5.50
एस 19	6	5.00

अनुबन्ध—1क

संस्तुत वृक्षारोपण

(क) पूर्वी जोन :

निचले क्षेत्रों में समूह वृक्षारोपण के लिये निम्नलिखित वृक्षों की सिफारिश की जाती है।

1. समूहों में बांस
2. केजुरीना एकिबिस्टीफोलिया
3. यूक्लिपटस
4. सैलैक्स

रंग और सौंदर्य के उद्देश्य से निम्नलिखित वृक्षों की सिफारिश की जाती है।

1. केलीस्टीमोन लैंसिओल्सट्स
2. लारजरसट्रोमिया—कलोल-रिजीनी
3. पैल्टीफोर्म फैरू जिन्स

वन भूमि और रोड साईड वृक्षारोपण के लिये निम्नलिखित वृक्षों की सिफारिश की जाती है।

1. शीशम
2. फाइकस इन्फक्टोरिया
3. पीपल
4. पैल्टोफोर्म फेरनर्जीनियम
5. टर्मिनलिया अर्जुना

(ख) दक्षिणी जोन :

वन भूमि और रोड साईड वृक्षारोपण के लिये निम्नलिखित वृक्षों की सिफारिश की जाती है।

1. एलेन्थस एक्सेल्सा
2. सप्तपर्ण वृक्ष
3. [illegible]फेलस कंदवा
4. नीम
5. वस्सिआ लेटिकोलिया
6. अमलतास
7. केसिया सिमेआ
8. शीशम
9. फाइकस इन्फेक्टोरिया
10. फाइकस टिजिला
11. अशोक
12. पुत्रंजीवा रोक्सबगाई
13. शिचलिकेरा ट्रिजुगा
14. इमली
15. टर्मिनलिया अर्जुना

पार्को और बागों में निम्नलिखित वृक्षों की सिफारिश की जाती है।

1. ऐकेशिया ओरोक्लफार्मिस
2. बौहीनिया स्पे
3. सेमल
4. केसिया सोफेरा
5. कोरिसिया स्पेसिओसा
6. कोलवीलिया रेसेमोसा
7. क्रेटेवा रिलिजिओसा
8. डेलोनिक्स रेजिया
9. एरीथ्रीना एन्डिका
10. जैकरेण्डा मिमोसिफोलिया
11. लारजर स्ट्रोमिया स्पे.
12. मिम्यूस्यूपस एलेंजि
13. पेल्टोफोर्म फेरुजिन्म
14. प्ल्यूमारिआ अल्वा बार
15. सर्का इंडिका
16. टेकोमा अर्जेंटिआ

(ग) पश्चिमी जोन :

वन भूमि और रोड साइड वृक्षारोपण में निम्नलिखित वृक्षों की सिफारिश की जाती है।

1. सप्तपर्ण वृक्ष
2. नीम
3. ब्यटिआ फ्रोन्डोसा
4. अमलतास
5. शीशम
6. डायोस्पाईरस मोन्तेना
7. फाइकस इन्फेक्टोरिया/गग्लोमीरेटा
8. बोगमिआ ग्लेबरा
9. टेरोस्पुमम एकेरि फोलियम
10. इमली
11. टर्मिनेलिया अर्जुन

पार्कों और बागों में निम्नलिखित वृक्षों की सिफारिश की जाती है।

1. ऐकेशिया ओरीकल्फार्मिस
2. वांहीनिया वार
3. अमलतास
4. क्रिटेविया रिलिजिओसा
5. डेलोनिक्स रेजिआ
6. सरिथ्रीना इंडिका
7. जेक्रेण्डा मिमोसिफोलिया
8. लारजरस्ट्रोमिआ—फलोस—रेजिनी
9. मिम्यूसस ऐलेन्जिल
10. पेल्टोफोर्म फेरुजिन्म
11. प्ल्यूमारिया अल्वा वार
12. टेरो स्पुमम एकेरिफोलियम
13. सर्का इंडिका
14. टेकोमा अर्जेन्टिआ
15. शिचलिकेरा ट्रिजुगा

(घ) उत्तर-पूर्वी जोन : पूर्वी जोन के अनुसार

(च) उत्तर पश्चिम जोन : पश्चिमी जोन के अनुसार

अनुबंध—2

विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में मिश्रित उपयोग

समूह—2 आवासीय क्षेत्र

(क) मुख्य योजना से पूर्व निम्नलिखित भूखण्डीय क्षेत्रों का विकास किया गया ।

1. न्यू राजेन्द्र नगर
2. माडल टाउन
3. राजौरी गार्डन
4. पंजाबी बाग
5. डिफेंन्स कालोनी
6. कैलाश, ग्रेटर कैलाश एवं एक्सटेंशन
7. निजामुद्दीन
8. गोल्फ लिंक्स
9. सुन्दर नगर
10. हौज खास इन्क्लेव एवं एक्सटेंशन
11. जंगपुरा पश्चिम
12. जोर बाग
13. डिप्लोमैटिक इन्क्लेव
14. ग्रीन पार्क

(ख) 1960 के बाद स्वीकृत समस्त भूखण्डीय क्षेत्र सामान्य और सहकारी आवास भवन भूखण्डीय क्षेत्र ।

(ग) समूह-2 और समूह—1 के कालम क और ख में न आने वाला कोई अन्य क्षेत्र ।

समूह—2 आवासीय क्षेत्र

(क) पुनर्वास भूखंडीय आवासीय क्षेत्र और अन्य भूखंडीय आवासीय क्षेत्र व्यावसायिक भेदन सहित ।

1. रूप नगर
2. कमला नगर
3. शक्ति नगर
4. राजन्द्र नगर
5. पटेल नगर
6. गांधी नगर
7. कृष्ण नगर
8. गीता कालोनी
9. शाहदरा
10. रोहतास नगर
11. बलबीर नगर
12. राणा प्रताप बाग
13. तिमार पुर
14. शिवाजी पार्क
15. मोती नगर
16. मानसरोवर गार्डन
17. विजय नगर
18. रमेश नगर
19. किंग्जवे कैंप
20. मुल्तान नगर
21. कीर्ति नगर
22. तिलक नगर
23. इन्द्र पुरी
24. कालका जी
25. शाहदरा-टाउन
26. लाजपत नगर
27. मालवीय नगर

(ख) समस्त जे० जे० एवं पुनर्वास कालोनियां ।

(ग) समस्त शहरी गांव ।

समूह—3 आवासी क्षेत्र

समय-समय पर नियमित अनधिकृत कालोनियां ।

अनुबन्ध—3

उद्योगों का वर्गीकरण

क. निम्नलिखित विनिर्माण इकाइयों को घरेलू उद्योगों के रूप में स्थानीय बाजार के भाग के रूप में सेवा केन्द्र, सामूदायिक केन्द्र, जिला केन्द्र एवं उप केन्द्रीय व्यापार जिला; हल्के एवं सेवा उद्योग उपयोग जोन-एम 1 भूखण्डीय समूह उद्योग ; और विस्तृत उद्योग उपयोग जोन-एम 2 में अनुमति है ।

1. अगरबत्ती एवं उससे मिलते-जुलते उत्पाद
2. इलैक्ट्रिकल गैजेट्सों की एसेम्बली एवं मरम्मत
3. इलैक्ट्रोनिक वस्तुओं की एसेम्बली एवं मरम्मत
4. सिलाई-मशीनों की एसेम्बली एवं मरम्मत
5. बैटिक वर्क्स
6. लौहारगिरी
7. ब्लॉक बनाना एवं फोटो को बढ़ाना
8. बिस्कुट, पापै, केक और कुक्की बनाना
9. बटन बनाना, बटन और हुक लगाना
10. कैलिको एवं सूती-उत्पाद
11. बेंत एवं बांस उत्पाद
12. क्ले एवं मोडलिंग
13. नारियल-जटा एवं जूट उत्पाद
14. गत्ते के बक्से
15. मोमबत्तियां
16. तांबे एवं पीतल के जार्ज बेयर्स
17. जहाजी रस्से, रस्से एवं जूने बनाना
18. बढ़ईगीरी
19. संस्पर्श लैंस
20. केनवस बैग एवं बिस्तरबंद बनाना
21. कैंडीज, मिठाइयां, रसमलाई इत्यादि (जब डिब्बाबंदी न हो) ।
22. सूत/सिल्क छपाई (हाथ द्वारा)।
23. दरी एवं कार्पेन बुनाई
24. डिटरजेंट (भट्टी रहित)
25. कशीदाकारी
26. चित्रों और दर्पणों के चौखटे बनाना
27. फाउन्टेन पैन, बाल पैन एवं पैंस्ट बनाना
28. सोने एवं चांदी की चूड़ियां, कलावस्तु
29. हौजरी-उत्पाद
30. कशीदाकारी सहित हैट, टोपियां, पगड़ियां
31. हाथी दान्त की नक्काशी
32. फाउन्टेन पैनों के लिये स्याही बनाना
33. सोने-चांदी की वस्तुएं
34. खादी एवं हथकरघा
35. लाख के उत्पाद

36. चमड़े के जूते
37. चमड़े एवं रैक्सीन से बनी वस्तुएं
38. निम्नलिखित वस्तुओं का उत्पादन
(1) ब्लैकों केकस
(2) ब्रुश
(3) कैआन्स
(4) कुल्फी एवं कन्फैक्शनरी
(5) जैम, जैली एवं फल-परिरक्षण
(6) संगीत-यंत्र (मरम्मत सहित)
(7) लाख-कार्य एवं इससे मिलते-जुलते कार्य
(8) पर्स, हैंड बैग जैसी चमड़े की सजावट वाली वस्तुएं
(9) छोटे इलैक्ट्रोनिक पुर्जे
39. नाम पट्ट बनाना
40. कागज-स्टेशनरी की मदें व जिल्द साजी
41. पिथ हैट, फूलों की मालायें एवं पिथ
42. पी०वी०सी० के उत्पाद (एक मोल्डिंग मशीनें सहित)
43. कुछटी
44. सुगंध एवं सौंदर्यवर्धक वस्तुएं
45. फोटो सैटिंग
46. फोटो स्टेट एवं साईक्लोस्टाइलिंग
47. बड़ी, पापड़, इत्यादि बनाना
48. मसाले, गर्म मसाले, मूंगफली और दाल इत्यादि तैयार करना
49. पान-मसाला
50. घड़ियों और घण्टों की मरम्मत
51. राखी बनाना
52. शिला-तक्षण
53. खेल-कूद की वस्तुएं
54. शल्य पट्टियों की रोलिंग व कटिंग
55. स्टोव का पिनें, सेफ्टी पिनें एवं एल्यूमिनियम के बटन (हैंड प्रैस द्वारा)
56. चांदी का वर्क बनाना
57. साड़ी की फाल बनाना
58. सिलाई
59. धागे के गोले एवं सूत की भराई
60. खिलौने एवं गुड़ियां
61. छातों की गुड़ाई
62. ग्रामीण पोटरी उद्योग (भट्टी रहित)
63. ग्रामीण तेल घानी
64. रोएदार मुलायम चमड़े से जड़े हुए जूते/शालस
65. सिवई एवं मैकरोनी
66. लकड़ी की नक्काशी एवं सजावटी लकड़ी की वस्तुएं
67. ऊन के गोले बनाना और लच्छी बनाना
68. लकड़ी/गत्ते के आभूषणों के बक्से (अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त होने की शर्त पर)
69. ऊन की बुनाई (मशीन से)
70. जरी जरदोजी

ख. निम्नलिखित विनिर्माण इकाईयों की स्थानीय बाजार के भाग के रूप में सेवा केन्द्र, सामुदायिक केन्द्र, जिला केन्द्र एवं उप केन्द्रीय व्यापार जिला: हल्के एवं सेवा उद्योग उपयोग जोन-एम 1, भूखण्डीय समूह उद्योग और विस्तृत उद्योग उपयोग जोन-एम 2 में अनुमति है।

71. एल्यूमिनियम फर्नीचर
72. एयरकन्डीशनर के पुर्जे
73. एल्यूमिनियम की चादरें
74. एल्यूमिनियम के दरवाजे/खिड़कियां/जुड़नार
75. साईकिलों की एसेम्बली एवं मरम्मत
76. आटे की चक्की और मसालों व दाल की पिसाई
77. आटो-पुर्जे
78. पेटियां और बकलस
79. बल्ब
80. डबलरोटी और बेकरीज (प्रतिबन्धित)
81. कपड़ा-रंगाई
82. कपास-ओटाई
83. सूती एवं रेशमी पर्दों की छपाई
84. साईकिल-चेन
85. साईकिल-ताले
86. दाल मिल
87. हीरे की कटाई एवं पालिश का कार्य
88. विद्युत जुड़नारें (स्विच, प्लग, पिन इत्यादि)
89. इलैक्ट्रोप्लेटिंग माईनाप्लेटिंग, एनग्रेविंग
90. इलैक्ट्रोनिक्स-वस्तु-विनिर्माण (बड़े पैमाने पर)
91. इलास्टिक-उत्पाद
92. इलैक्ट्रिक-मोटर एवं पुर्जे
93. इलैक्ट्रिक प्रैस की एसेम्बलिंग
94. इंजीनियरिंग-कार्य
95. ग्राइन्डर
96. फाउन्ड्री (लघु जाब कार्य)
97. आईस क्रीम
98. बर्फ के बक्से और कूलरों की बाडी
99. लोहे की ग्रिलें एवं दरवाजे बनाना
100. जूट-उत्पाद
101. चार्बी के छल्ले
102. चाकू बनाना
103. संगमरमर के पत्थर की वस्तुएं
104. मशीनों के औजार
105. मिक्सर
106. मेटल लेटर कटिंग
107. मोटर वाईंडिंग-कार्य
108. तेल उद्योग
